खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 11°C
हल्द्वानी, मंगलवार 24 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 180 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 6 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



इंडिया गठबंधन में नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं: उमर अब्दुल्ला पेज 2



हम अगले मैच में मजबूत वापसी करेंगे: सूर्यकुमार यादव खेल टाइम्स



यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन गलत, तो भाजपा का व्यवहार सही कैसे! सम्पादकीय



तारिक रहमान सरकार ने किया बांग्लादेशी सेना में फेरबदल पेज 12

# देश की पहली आतंकवाद विरोधी नीति जारी, केंद्र ने प्रहार नाम दिया

- आतंकवाद को रोकने और निपटने के लिए व्यवस्थित व खुफिया जानकारी पर आधारित स्ट्रक्चर बताया
- आठ पेज की इस नीति में आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर दिया गया



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने सोमवार को 'प्रहार' नाम से भारत की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद- विरोधी नीति जारी की। इसमें हर तरह के आतंकवाद को रोकने और उससे निपटने के लिए एक व्यवस्थित और खुफिया जानकारी पर आधारित स्ट्रक्चर बताया गया है।

आठ पेज की इस नीति में आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर दिया गया है। साथ ही खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित कार्रवाई की बात कही गई है। इसमें सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इसमें पूरी सरकार और पूरे समाज की भागीदारी वाला तरीका अपनाने की बात कही गई है, जो मानवाधिकार और कानून के शासन पर आधारित होगा। साथ ही कट्टरपंथ जैसे हालात को खत्म करने पर भी ध्यान होगा जो आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। नीति में भारत की जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई गई है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद को किसी भी धार्मिक, जातीय या वैचारिक आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता। भारत हर तरह के आतंकवाद की हमेशा कड़ी निंदा करता रहा है। नीति कहती है कि इसका मुख्य मकसद भारतीय नागरिकों और देश के हितों की रक्षा के लिए आतंकी हमलों को रोकना है। इसके अलावा खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित जवाब देना है। नीति में कहा गया है कि आतंक के खिलाफ सरकार के अलग-अलग विभागों की ताकत को मिलाकर काम करना है। प्रहार में कहा गया है कि खतरों से निपटने के लिए मानवाधिकार और कानून आधारित प्रक्रियाएं अपनानी हैं। कट्टरपंथ समेत आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले कारणों को कम करना है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ प्रयासों में तालमेल बैठाना है। नीति में कहा गया है कि भारत सक्रिय और खुफिया जानकारी पर आधारित रणनीति अपनाता है। इसमें मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) की अहम भूमिका बताई गई है। इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के तहत काम करने वाली ज्वाइंट टास्क फोर्स ऑन इंटेलिजेंस (जेटीएफआई) का जिक्र किया गया है। जेटीएफआई देशभर में रियल-टाइम खुफिया जानकारी साझा करने और संयुक्त कार्रवाई के लिए काम करते हैं। नीति में कहा गया है कि आतंकी इंटरनेट का इस्तेमाल संपर्क, भर्ती और प्रचार के लिए करते हैं। नीति में कहा गया है कि भारतीय एजेंसियां इंटरनेट के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई करती हैं। सुरक्षा एजेंसियां ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) नेटवर्क को भी तोड़ती रहती हैं। इसमें आतंकी फंडिंग नेटवर्क को खत्म करने पर खास ध्यान दिया गया है। प्रहार में सरकार ने कहा है कि भारत को पानी, जमीन और हवा तीनों मोर्चों पर आतंकी खतरे का सामना है। सीमा सुरक्षा बल आधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस हैं। बिजली, रेलवे, विमानन, बंदरगाह, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे अहम क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए क्षमता बढ़ाई गई है। यह नीति ऐसे समय आई है, जब भारत लंबे समय से सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद से प्रभावित रहा है।

## छठा रोज़ा
### ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी की सीख देता है छठा रोज़ा

कुरआन पाक के पच्चीसवें पारे की सूरह शूरा की तिरालीसवीं आयत में जिक्र है जो सब्र करने वाले हैं और रहम करने वाले हैं वो बुलंद मर्तबे और अज़्मत वाले हैं। यहां यह बात काबिलेगौर है कि सब्र और रहम मर्तबे और अज़्मत बढ़ाने वाले हैं और रहम रास्ता है अज़्मत का। सब्र, सीढ़ी है बुलंदी की, तो इसका सीधा-सा जवाब है कि मुकम्मल ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी के साथ रखा गया रोज़ा और रोज़ेदार इसकी पहचान है। नेकनीयत और पाकीज़गी के साथ रखे गए रोज़े का नूर अलग ही चमकता है। जज्बा-ए-रहम रोज़ेदार की पाकीजा दौलत है और जज्बा-ए-सब्र रोज़ेदार की रूहानी ताकत है। कुरआने-पाक में अल्लाह को सब्र करने वाले का साथ देने वाला बताया गया है अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है। रोज़ा इम्तिहान भी है और इंतजाम भी। सब्र और संयम रोज़ेदार की कसौटी है इसलिए रोजा इम्तिहान है। सब्र की कसौटी पर रोजेदार कामयाब यानी खरा साबित हुआ तो इसका मतलब यह कि उसने आखिरत का इंतजाम कर लिया।

## आर्मी पब्लिक स्कूल व एयरफोर्स बाल भारती को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में धौला कुआं स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड के एयर फोर्स बाल भारती स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाले ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और छात्रों एवं स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल परिसरों की गहन जांच की गई। एहतियातन दोनों स्कूलों के आसपास के क्षेत्रों को सील कर दिया गया और आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

# दिल्ली-एनसीआर से हटेंगे कोयला आधारित उद्योग
## 300 किमी दायरे वाले प्रस्ताव पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

- शीर्ष अदालत ने केंद्र व संबंधित राज्यों को दिए अहम निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और संबंधित राज्यों को कई अहम निर्देश दिए हैं और अलग-अलग मुद्दों पर जवाब तलब किया है। अदालत ने खास तौर पर कोयला आधारित उद्योगों, निर्माण और तोड़फोड़ के दौरान उड़ने वाली धूल और वाहनों के प्रदूषण को लेकर उठाए गए कदमों का ब्योरा मांगा है।

नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में लगातार वायु गुणवत्ता की दिक्कत से निपटने के लिए सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची विपुल एम. पंचोली की बेंच ने कहा कि वह कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) के सुझावों के आधार पर 12 मार्च को गाड़ियों से होने वाले वायु प्रदूषण के मुद्दे की जांच करेगी। इसने भवन निर्माण और तोड़-फोड़ की वजह से होने वाली धूल से निपटने के लिए सीएक्यूएम के सुझाए गए तरीकों पर सभी स्टेकहोल्डर्स से भी जवाब मांगा। पीठ ने इस सुझाव पर भी केंद्र से जवाब मांगा कि दिल्ली से 300 किलोमीटर के दायरे में कोई नया कोयला आधारित तापीय विद्युत संयंत्र स्थापित न किया जाए। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को सार्वजनिक नोटिस जारी कर एनसीआर में संचालित कोयला आधारित उद्योगों सहित सभी हितधारकों से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया। इन नोटिसों को कोर्ट द्वारा भेजा गया नोटिस माना जाएगा और राज्यों को मिले फीडबैक की डिटेल देते हुए एक एक्शन टेकन प्लान जमा करने को कहा गया है। इसमें केंद्र सरकार के मंत्रालयों को एनसीआर के अंदर कोयला-आधारित इंडस्ट्रीज को धीरे-धीरे खत्म करने के मकसद से एक संयुक्त प्रस्ताव जमा करने को कहा गया है। बेंच ने आदेश दिया, प्रस्ताव में सबसे पहले इंडस्ट्रीज की पहचान की जाएगी और यह तय किया जाएगा कि उनके लिए कौन से वैकल्पिक ईंधन स्रोत दिए जा सकते हैं। बेंच ने दिल्ली सरकार को सीएक्यूएम द्वारा सुझाए गए इन लॉन्ग-टर्म सॉल्यूशन को लागू करने के लिए एक खास एक्शन प्लान जमा करने का निर्देश दिया।बेंच ने कहा कि कमीशन ने उन संबंधित एजेंसियों की पहचान की है, जिनसे एक्शन लेने की उम्मीद है। इसलिए हम दिल्ली सरकार को इन उपायों को लागू करने के लिए एक प्रपोज्ड एक्शन प्लान जमा करने का निर्देश देते हैं। इस दौरान दिल्ली- एनसीआर में वाहनों के चलने से प्रदूषण बढ़ने का सवाल भी उठा। बेंच ने कहा कि इसका परीक्षण किए जाने की जरूरत है। अदालत ने अब इस मामले की सुनवाई के लिए 12 मार्च की तारीख तय की है।

### मेरे कोर्ट में बदतमीजी नहीं चलेगी, अंबानी का जिक्र करने पर वकील पर भड़के सीजेआई

**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील की बात पर इतना गुस्सा हो गए कि उन्होंने वकील को लगभग डांटते हुए चेतावनी दे डाली कि उनकी कोर्ट में ये बदतमीजी नहीं चलेगी। दरअसल वरिष्ठ वकील मैथ्यूज नेदुम्पारा ने सीजेआई की पीठ के समक्ष कहा कि एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें न्यायपालिका के कॉलेजियम सिस्टम को चुनौती दी गई और जजों की नियुक्ति के लिए नेशनल ज्यूडिशियल अपाइंटमेंट कमीशन को लागू करने की मांग की गई। जिस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसी कोई याचिका रजिस्टर नहीं है। इस पर वकील नेदुम्पारा ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि अदानी और अंबानी के लिए सांविधानिक पीठ गठित की जाती हैं।



### शीर्ष अदालत ने तिरुपति लड्डू मामले में जांच समिति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तिरुपति मंदिर के लड्डुओं के घी में मिलावट की जांच के लिए एक-सदस्यीय जांच समिति बनाने के आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने डा. सुब्रमण्यम स्वामी की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिका में कहा गया था कि अगर राज्य समानांतर रूप से जांच करता है, तो शीर्ष अदालत द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की आपराधिक जांच में खलल पड़ेगा। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दोनों ही प्रक्रियाएं कानून के हिसाब से चलती रहनी चाहिए।

# योगी के सिंगापुर दौरे के पहले दिन 6650 करोड़ का निवेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

- निवेश ग्रुप हाउसिंग लॉजिस्टिक्स पार्क और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में प्रस्तावित, तीन समझौतों पर हुए हस्ताक्षर



**सिंगापुर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के पहले ही दिन प्रदेश को बड़ी निवेश उपलब्धि हासिल हुई है।

सिंगापुर स्थित यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप के साथ कुल 6,650 करोड़ रुपये के तीन समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अधिकारियों के अनुसार ये निवेश ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स पार्क और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में प्रस्तावित हैं। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार, इन परियोजनाओं के माध्यम से 20 हजार से अधिक युवाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को राज्य सरकार की नीतिगत स्थिरता, बेहतर कनेक्टिविटी और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक बुनियादी ढांचे की जानकारी दी तथा हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन -शेष पृष्ठ दो पर

## तेजस विमान में तकनीकी खराबी आई थी, दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुआ: एचएएल

**नई दिल्ली।** रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने वायुसेना के एक स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान के इस महीने के शुरू में दुर्घटनाग्रस्त होने की रिपोर्टों का खंडन करते हुए कहा है कि इस विमान को तकनीकी गड़बड़ी का सामना करना पड़ा था और उसे किसी भी तेजस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना नहीं है। वायुसेना के लिए तेजस बनाने वाले उपक्रम एचएएल ने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने तथा तेजस विमानों की उड़ान रोके जाने की मीडिया में आई रिपोर्टों पर सोमवार को स्पष्टीकरण दिया।

# घाटी में 326 दिनों तक चले हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन में 7 आतंकी ढेर

- सेना ने मुश्किल इलाकों में ठंडे, गीले और बर्फीले मौसम के बीच आतंकियों को किया ट्रैक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 326 दिनों तक चले हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन में सात खतरनाक आतंकवादी मारे गए हैं। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर (16 कोर) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

व्हाइट नाइट कोर ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, किश्तवाड़ इलाके में 326 दिनों तक लगातार हाई- एल्टीट्यूड अभियान चलाए गए। सेना ने मुश्किल इलाकों में ठंडे, गीले और बर्फीले मौसम के बीच आतंकवादियों को ट्रैक किया। इस दौरान कई बार मुठभेड़ हुई। व्हाइट नाइट कोर की टुकड़ियों, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने खुफिया एजेंसियों के मजबूत खुफिया तंत्र के आधार पर आखिरकार किश्तवाड़ के चटरू क्षेत्र में सभी सात कुख्यात आतंकवादियों को मार गिराया। इनमें से एक 10 लाख का इनामी आतंकी कमांडर सैफुल्लाह के होने का संदेह है। अगर जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर सैफुल्ला है, तो सुरक्षाबलों की ये सफलता जैश के नेटवर्क की कमर तोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। पोस्ट में आगे कहा गया कि ऑपरेशन में मदद के लिए एफपीवी ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी, आरपीए/यूएवी और संचार साधनों के रूप में टेक्नोलॉजी का लगातार इस्तेमाल किया गया। हमारी सेनाओं की लगातार कोशिश और दृढ़ संकल्प, जिसका नतीजा सैफुल्लाह और उसके साथियों का खत्म होना था, यह साबित करता है कि हमारे जवानों और इंटेलिजेंस एजेंसियों के संकल्प, साहस और वीरता के सामने कुछ भी नहीं टिक सकता। भारतीय सेना ने कहा कि यह आतंकी नेटवर्क पर एक बड़ा प्रहार है। हम सेवा और सुरक्षा करते हैं। व्हाइट नाइट कोर ने मारे गए आतंकदियों की तस्वीर भी शेयर की है, जिसके ऊपर लाल रंग में क्रॉस लगे हुए हैं।




## भारत मंडपम प्रदर्शन मामले में दो और प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के मामले में दिल्ली पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई प्रदर्शन से जुड़े प्रकरण में की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान 36 वर्षीय अजय कुमार विमल और 24 वर्षीय राजा गुर्जर के रूप में हुई है। बता दें इस मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा इससे पहले चार प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी की गई है। साथ ही पटियाला हाउस कोर्ट ने इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवाईसी) के चार कार्यकर्ताओं को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पहले गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं में बिहार से यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्ण हरि, बिहार के आईवाईसी प्रदेश सचिव कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश के आईवाईसी प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना के नरसिम्हा यादव शामिल हैं। दिल्ली पुलिस का आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर देश विरोधी नारे लगाए।

# 'मोहम्मद दीपक' को राहुल गांधी ने गले लगाया
## कहा: कोटद्वार जाकर लेंगे दीपक के जिम की सदस्यता



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के कोटद्वार में रहने वाले 'मोहम्मद दीपक' ने सोमवार को यहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और बताया कि श्री गांधी ने उनसे कोटद्वार आकर उनके जिम की सदस्यता लेने का वादा किया है।

दीपक पिछले दिनों तब चर्चा में आए जब कोटद्वार में एक मुस्लिम बुजुर्ग की दुकान के नाम से 'बाबा' शब्द हटाने को लेकर हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया था उस दौरान दीपक ने इसका विरोध किया। इस पर हिंदू संगठनों के लोगों ने उनसे उनका नाम पूछा तो दीपक ने अपना नाम 'मोहम्मद दीपक' बताया था। श्री दीपक ने बताया कि राहुल गांधी ने उन्हें मिलने के लिए बुलाया था और समझाया कि उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। श्री गांधी से 10 जनपथ में मुलाकात के बाद दीपक ने पत्रकारों से कहा कि राहुल गांधी जी ने मुझे मिलने के लिए बुलाया था। उन्होंने मेरे परिवार से बात की और मुझे समझाया कि डरने की कोई जरूरत नहीं, आपने -शेष पृष्ठ दो पर

### एनएसयूआई के नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल से मिले

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के नव नियुक्त अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने सोमवार को यहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार श्री गांधी ने उन्हें सुबह मिलने का समय दिया था। श्री जाखड़ की एनएसयूआई अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद राहुल गांधी से यह पहली मुलाकात है। उनका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा अन्य नेताओं से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। श्री जाखड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पहले राजस्थान प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष थे। पार्टी ने हाल में ही उन्हें अपनी छात्र ईकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

तुरन्त आवश्यकता
इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये
- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

## सीएम पुष्कर धामी के मुख्य सचिव को निर्देश

# सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा के लिए बनेगी एसओपी

- उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारियों ने सीएम आवास में मुख्यमंत्री से की मुलाकात कर्मचारी नेताओं की बातों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से सुना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकारी कार्यालयों और कार्यस्थलों पर अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए मुख्य सचिव को एसओपी बनाने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री धामी से भेंट कर, 21 फरवरी को प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में हुई घटना के साथ ही हाल के समय में अन्य स्थानों पर सरकारी अधिकारी- कर्मचारियों के साथ हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए, ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की।

मुख्यमंत्री ने कर्मचारी नेताओं की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि सरकार कार्मिकों के मान - सम्मान और सुरक्षा को लेकर हमेशा गंभीर रही है।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को फोन कर, अधिकारी, कर्मचारियों और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने डीजीपी को भी निर्देश दिए हैं कि सरकारी कार्यालयों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, साथ ही इस तरह की घटनाओं पर त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाए, उन्होंने एसएसपी देहरादून को भी शिक्षा निदेशालय में हुई घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस मौके पर राज्य औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह पंवार, उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के अध्यक्ष राम सिंह चौहान, महामंत्री मुकेश बहुगुणा एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मिले सीएम धामी

- हरिद्वार महाकुंभ की तैयारियों और नमामि गंगे को लेकर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से शिष्टाचार भेंट कर वर्ष 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले महाकुंभ की तैयारियों तथा नमामि गंगे से संबंधित परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार कुंभ 2027 के सफल, सुव्यवस्थित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से सतत आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत 408.82 करोड़ की परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जनवरी से अप्रैल 2027 तक आयोजित होने वाले इस महाआयोजन में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है, जिसके दृष्टिगत गंगा की निर्मलता, स्वच्छता एवं अविरलता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए 253 करोड़ के प्रस्तावों की स्वीकृति, जल जीवन मिशन के अंतर्गत अतिरिक्त राशि जारी करने करने के साथ ही इकबालपुर नहर प्रणाली, कनखल एवं जगजीतपुर नहर की क्षमता विस्तार का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे असिंचित भूमि की सिंचाई के लिए 665 क्यूसेक पानी उपलब्ध हो सकेगा। जिससे हरिद्वार जिले के भगवानपुर और लक्सर क्षेत्र को लाभ मिलेगा। परियोजना से लगभग 13 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलने का अनुमान है। साथ ही क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से हरिद्वार कुंभ 2027 को दिव्य, भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया जाएगा तथा गंगा संरक्षण के लक्ष्य को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

## कुंभ मेले की तैयारी को केंद्र ने दिया 500 करोड़ का बजट

- सीएम ने जताया पीएम मोदी का आभार
- कहा-मेला 2027 को दिव्य, भव्य और सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी यह धनराशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में प्रस्तावित कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के लिए भारत सरकार द्वारा 500 करोड़ रुपये की धनराशि जारी किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत और सामाजिक समरसता का विश्वविख्यात महापर्व है। केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत यह धनराशि कुंभ मेला 2027 को दिव्य, भव्य और सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण, यातायात प्रबंधन, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री ने पूर्व में प्रधानमंत्री से कुंभ में सहायता के लिए अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार निरंतर उत्तराखंड के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। चारधाम परियोजना, ऑल वेदर रोड, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार सहित विभिन्न विकास कार्यों में केंद्र का सहयोग राज्य के लिए संबल सिद्ध हुआ है। कुंभ मेला 2027 के सफल आयोजन के लिए यह सहयोग राज्य सरकार के संकल्प को और मजबूती प्रदान करेगा। धामी ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से कुंभ मेला 2027 ऐतिहासिक, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन के रूप में स्थापित होगा तथा देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य सुनिश्चित करते हुए दिव्य और भव्य कुंभ मेला 2027 आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# रोपवे परियोजनाओं को गति देने की कवायद तेज

- प्रदेश की अर्थव्यवस्था व मोबिलिटी के लिए रोपवे परियोजनाएं अहम: सीएस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में उत्तराखंड में रोपवे परियोजनाओं के विकास, क्रियान्वयन, संचालन एवं रखरखाव से संबंधित विभागों, हितधारकों तथा पीपीपी कंपनियों के साथ प्रथम बोर्ड बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न जनपदों में गतिमान एवं प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित जिलाधिकारियों से भी परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। मुख्य सचिव ने रोपवे परियोजनाओं को प्रदेश की अर्थव्यवस्था, पर्यटन, मोबिलिटी एवं समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इनके कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि विजिबिलिटी स्टडी जैसी प्रक्रियाओं को प्रारंभिक चरण में ही हाई पावर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, जिससे परियोजनाओं के सभी पक्षों पर समय रहते विस्तृत विचार-विमर्श संभव हो सके। साथ ही, रोपवे से संबंधित प्रस्तावों की गहन व त्वरित स्क्रूटनी कर सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि अनावश्यक विलंब से बचा जा सके।इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज पांडेय, धीरज सिंह गर्ब्याल, अपर सचिव अभिषेक रूहेला, एनएच एलएमएल से प्रशांत जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### समन्वय, समयबद्धता और पीपीपी परियोजनाओं पर विशेष जोर

मुख्य सचिव ने पीपीपी मोड पर बनने वाली रोपवे परियोजनाओं के तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुमोदनों सहित सभी औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करने तथा निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। देहरादून-मसूरी रोपवे परियोजना में हो रही देरी पर संज्ञान लेते हुए इसकी प्रगति में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। उन्होंने जिला प्रशासन, सरकारी निर्माण एजेंसियों, लोक निर्माण विभाग, सुरक्षा एजेंसियों (पुलिस) के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर स्थानीय स्तर पर आने वाली चुनौतियों का समाधान करने को कहा। साथ ही, जिन मुद्दों को हाई पावर कमेटी अथवा बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है, उन्हें समय से प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।

### अवैध तमंचे के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

**देहरादून।** राजधानी में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत क्लेमेंटाउन थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पिपलेश्वर मंदिर के पास से एक युवक को अवैध देशी तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त का नाम आकाश सुबा जो क्लेमेंटाउन का ही निवासी है। स्थानीय लोगों ने शिकायत की थी कि अभियुक्त क्षेत्र में तमंचा लहराकर दहशत फैला रहा था और हाल ही में एक झगड़े के दौरान उसने फायर भी किया था। संदिग्ध अवस्था में घूमते समय जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।पुलिस जांच में सामने आया है कि आकाश एक शातिर अपराधी है। वह पहले भी स्नेचिंग (झपटमारी) के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# शिक्षा निदेशालय में हुए बवाल में हिस्ट्रीशीटर समेत 4 गिरफ्तार

- भाजपा विधायक सहित दोनों पक्षों के कई लोगों के विरुद्ध हुई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी के रायपुर क्षेत्र स्थित प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में हुई तोड़फोड़ और मारपीट के मामले में दून पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक हिस्ट्रीशीटर सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।बीती 21 फरवरी को ननूरखेड़ा स्थित शिक्षा निदेशालय में क्षेत्रीय विधायक उमेश शर्मा काऊ और उनके साथ आए कुछ लोग एक प्रकरण के संबंध में निदेशक से वार्ता कर रहे थे। वार्ता के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि विधायक के साथ आए कुछ व्यक्तियों ने कार्यालय में अराजकता फैला दी। इस दौरान कार्यालय की कुर्सियां और अन्य सामान तोड़ दिया गया, जिसमें कुछ कर्मचारियों को चोटें भी आईं। पुलिस में इस मामले में आरोपी अरविन्द पुण्डीर उर्फ कल्ली निवासीनूनरखेड़ा, रायपुर पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार यह हिस्ट्रीशीटर है सहित लक्ष्मण नवानी निवासी शिवलोक कॉलोनी लाडपुर ,राकेश थपलियाल निवासी तपोवन रोड, लाडपुर व अक्षय राणा निवासी सौंधोवाली, रायपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### दोनों पक्षों की ओर से दर्ज हुए मुकदमे

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। प्रथम पक्ष के निदेशक अजय कुमार नौडियाल की तहरीर और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। इसमें बीएनएस की विभिन्न धाराओं (लोक सेवक के कार्य में बाधा, बलवा, संपत्ति को नुकसान और धमकी) के तहत केस दर्ज हुआ। वही द्वितीय पक्ष विधायक की सुरक्षा में तैनात कांस्टेबल सुशील रमोला की तहरीर पर मारपीट और हमले का मुकदमा दर्ज किया गया है।रायपुर थाना पुलिस ने घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल मुख्य आरोपियों को चिन्हित किया और दबिश देकर चार लोगों को दबोच लिया।

# यूकेडी ने किया पुलिस मुख्यालय का घेराव

- भाजपा विधायक उमेश शर्मा की तत्काल गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) ने सोमवार को देहरादून स्थित पुलिस मुख्यालय का घेराव कर रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। दल के केंद्रीय महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने 21 फरवरी को प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में हुई मारपीट और तोड़फोड़ की घटना को राज्य में भाजपा सरकार के 'जंगलराज' का प्रमाण बताया। उक्रांद ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर विधायक को गिरफ्तार नहीं किया गया तो पूरे प्रदेश में आंदोलन उग्र रूप धारण करेगा।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विधायक उमेश शर्मा काऊ और उनके समर्थकों ने निदेशक अजय कुमार नौडियाल के कार्यालय में घुसकर दरवाजा बंद कर जानलेवा हमला किया, कुर्सियां फेंकीं, तोड़फोड़ की और कर्मचारियों को चोट पहुंचाई। केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय प्रकाश उपाध्याय ने कहा, यूकेडी हमेशा से राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ खड़ा रहा है। महानगर अध्यक्ष (देहरादून) परवीन चंद रमोला ने वीडियो फुटेज का हवाला देते हुए कहा कि हमलावर पहले भी अपराधिक घटनाओं में शामिल रहे हैं। उक्रांद ने अपने ज्ञापन में कहा कि विधायक उमेश शर्मा काऊ की तत्काल गिरफ्तारी हो।

# दीपक के जिम की सदस्यता लेंगे राहुल गांधी

- घबराना नहीं, आपने कोई गलत काम नहीं किया: राहुल
- सोनिया गांधी की मौजूदगी में कोटद्वार के दीपक से हुई आत्मीय मुलाकात

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**नई दिल्ली/देहरादून।** राजनीति के शोर-शराबे के बीच कभी-कभी कुछ ऐसे क्षण जन्म लेते हैं, जो मानवीय संवेदनाओं की गरिमा को पुनः स्थापित कर देते हैं। ऐसा ही एक मार्मिक और प्रेरणादायक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड के कोटद्वार निवासी दीपक कुमार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर आमंत्रित कर आत्मीय मुलाकात की, इस दौरान सोनिया गांधी भी मौजूद रही। यह मुलाकात केवल औपचारिकता नहीं थी, बल्कि संवेदना, विश्वास और साहस का संदेश थी।



उल्लेखनीय है कि विगत 26 जनवरी के दिन बाबा नाम की दुकान पर हुई घटना के बाद दीपक कुमार दुनिया भर में मानवीयता और इंसानियत के प्रतीक रूप में विख्यात हो गये। दीपक कुमार, जिन्हें उनके 'मोहब्बत के दीपक' कहा जाने लगा है, हाल के दिनों में चर्चा में रहे। दीपक कुमार ने बताया कि उनसे मिलते हुए राहुल गांधी ने स्नेहपूर्ण शब्दों में कहा, मैं कोटद्वार आकर आपके जिम की सदस्यता लूंगा। घबराना नहीं है, आपने कोई गलत काम नहीं किया। उन्होने बताया कि राहुल गांधी ने मुझे बुलाया था, घर वालों से भी बात की है। एक सवाल के जवाब में दीपक ने कहा कि अब कोई धमकी नहीं मिल रही। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संचार विभाग के सचिव वैभव वालिया के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल राहुल गांधी से मिला। इस अवसर पर वैभव वालिया ने कहा कि भारतीय राजनीति में संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों का यह दृश्य प्रेरणादायक है। दीपक जैसे युवाओं को सम्मानित करना दरअसल समाज में करुणा और सेवा-भाव का सम्मान करना है। मुलाकात के दौरान विजय रावत, अमित राज, संजय मित्तल, नीरज बहुगुणा और वसीम अहमद भी उपस्थित रहे। साथ ही कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी से भी दीपक ने भेंट की। इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा,

"उत्तराखंड के कोटद्वार के 'मोहब्बत के दीपक' का सम्मान होना चाहिए। नफरत के खिलाफ खड़े होने वाले दीपक जैसे नौजवान ही भारत का उज्ज्वल भविष्य हैं।"

## राहुल-दीपक मुलाकात देवभूमि में कांग्रेस की तुष्टिकरण की रणनीति: चमोली

- भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने मुलाकात के महिमा मंडन पर कसा तंज

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने तथाकथित मोहम्मद दीपक व राहुल गांधी मुलाकात के महिमामंडन पर कटाक्ष करते हुए इसे कांग्रेस के तुष्टिकरण की रणनीति बताया है।

भाजपा के वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता विनोद चमोली ने तंज कसते हुए कहा की जो दीपक से मुहम्मद दीपक बन जाएगा वो कांग्रेस के लिए पूजनीय है। प्रदेश की जनता ऐसी कालनेमि प्रवृति और उसे बढ़ावा देने वालों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने ऐसी प्रवृत्ति को देवभूमि की डेमोग्राफी और शांति व्यवस्था के लिए खतरनाक बताया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जिन राहुल गांधी को मिलने के लिए कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता लाइन में लगे रहते हैं। सालों साल इंतजार करते हैं और कुछ तो पार्टी भी छोड़ जाते हैं। ऐसे में उन्हीं राहुल गांधी का अल्पकाल की चर्चा के बाद ही आज मोहम्मद दीपक से गले मिलना और उसे बढ़ाचढ़ा कर पेश किया जाना, कहीं ना कहीं उत्तराखंड में तुष्टिकरण को बढ़ावा देने वाला काम है। क्योंकि उनका संदेश स्पष्ट है, जो दीपक से मुहम्मद बनेगा वो उनके लिए हीरो है। पहले ही जिस तरीके से यहां डेमोक्रेसी बदल रही है, वह प्रदेश की चिंता का विषय बना हुआ है। कांग्रेस के दिल्ली में बैठे बड़े बड़े नेताओं का कोटद्वार के प्रकरण में जिस तरह गैरजरूरी टिप्पणियां और सक्रियता दिखाई गई है वह साफ इशारा है कि कांग्रेस यहां की डेमोग्राफी बिगड़ने के प्रयास में लगी है।

## सौंग और जमरानी बांध परियोजनाओं पर तेजी से हो रहा कार्य

# 11 लाख लोगों को मिलेगा रोज 150 एमएलडी पानी

- यह परियोजना राजधानी की पेयजल समस्या के समाधान के लिये महत्वपूर्ण कदम



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार की महत्वाकांक्षी सिंचाई एवं पेयजल परियोजनाओं को लेकर प्रदेश के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने बड़ा अपडेट दिया है। विभागीय समीक्षा बैठक के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में मंत्री ने कहा कि राज्य में जल प्रबंधन को मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है और कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रगति पर हैं। मंत्री ने बताया कि देहरादून स्थित सौंग बांध परियोजना, जिसकी कुल लागत 2069.64 करोड़ रुपये है, पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। अब तक निर्माण कार्य के लिए 274.20 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर देहरादून शहर की लगभग 11 लाख आबादी को प्रतिदिन 150 एमएलडी पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राजधानी की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने कहा कि सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए स्प्रिंकलर, ड्रिप और रेन गन जैसी आधुनिक तकनीकों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे कम पानी में अधिक सिंचाई संभव हो सके।**जमरानी बांध पर 989 करोड़ के कार्य पूरे:** मंत्री ने बताया कि 3678.23 करोड़ रुपये की लागत से बन रही जमरानी बांध परियोजना का कार्य भी प्रगति पर है। अब तक 989.96 करोड़ रुपये के कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। यह परियोजना सिंचाई और पेयजल दोनों दृष्टि से प्रदेश के लिए बेहद अहम मानी जा रही है। सतपाल महाराज ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सिंचाई विभाग को 242 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

### लघु सिंचाई और पीएम कुसुम योजना को बढ़ावा

लघु सिंचाई के तहत राज्य में छोटे चेक डैम, तालाब और रिचार्ज शाफ्ट बनाए जा रहे हैं। पीएम कुसुम योजना के तहत डीजल पंपों को सोलर पंप में परिवर्तित करने का कार्य तेजी से जारी है। अब तक 2139 डीजल पंप सेट को सोलर पंप सेट में बदला जा चुका है, जबकि 40 और पंपों को सोलर में परिवर्तित किया जा रहा है। वहीं, नाबार्ड वित्त पोषित योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 89.47 करोड़ रुपये की नई योजनाओं को स्वीकृति मिली है। इस राशि से 415 चेक डैम, 43 सोलर पंप सेट, 1,49,103 पाइप, 59 हौज और 9.32 किमी गूल निर्माण का प्रस्ताव है।

**449 करोड़ से नहरों-नलकूपों का जीर्णोद्धार:** मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 449.25 करोड़ रुपये की लागत से नहरों और नलकूपों के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। साथ ही जल संचयन, संवर्धन और जलाशयों के निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सके।

### जोशी ने किया निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को पुरूकुल गांव में मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के अवस्थापना मद से स्वीकृत लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के अंतिम चरण के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने भवन की संरचना, गुणवत्ता, विद्युत व्यवस्था, पेयजल सुविधा, शौचालय निर्माण, पार्किंग स्थल तथा आंतरिक साज-सज्जा के कार्यों की विस्तार से जानकारी ली।



# व्यक्ति के चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम खेल

## राज्यपाल ने किया उत्तराखंड राज्य अंतर-विश्वविद्यालय खेल एवं क्रीड़ा महोत्सव का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के स्टीवेंसन स्टेडियम में उत्तराखंड राज्य अंतर-विश्वविद्यालय खेल एवं क्रीड़ा महोत्सव 2025-26 का उद्घाटन राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह द्वारा किया गया। इस महोत्सव में प्रदेश के 10 विश्वविद्यालयों के लगभग 722 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। राज्यपाल ने उद्घाटन के बाद स्टेडियम में खेल उत्साह को बढ़ाते हुए मशाल के साथ खिलाड़ियों का स्वागत किया। उन्होंने चांसलर ट्राफी का अनावरण और स्मारिका का विमोचन भी किया। उद्घाटन के बाद ध्वजारोहण के साथ खेल महोत्सव की औपचारिक शुरुआत हुई, और विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि खेल व्यक्ति के चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम हैं और उन्होंने युवाओं से खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने 800 मीटर दौड़ में महिला प्रतिभागियों की सराहना की और इस आयोजन को भविष्य के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समान महत्व देता है। कुलसचिव डा. दीपा विनय ने प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत की और बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में सैकड़ों खिलाड़ी भाग लेंगे। कार्यक्रम में 800 मीटर दौड़ (पुरुष एवं महिला वर्ग) में विजेताओं को राज्यपाल ने पुरस्कार वितरित किए। पुरुष वर्ग में अंकित नाग (सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में नीतू (कुमाऊं विश्व. विद्यालय, नैनीताल) ने पहला स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डा. एएस जीना ने सभी अतिथियों, आयोजकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

### समुदाय विशेष पर टिप्पणी पर रोष

**बागेश्वर।** अल्मोड़ा में विराट हिंदू सम्मेलन के दौरान मंच से एक धर्म विशेष के लोगों पर गलत टिप्पणी करने का मामला बागेश्वर में गर्माया। सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी सहित दर्जनों कार्यकर्ता जिला पंचायत प्रांगण में स्थित डा. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र माल्यार्पण किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि अल्मोड़ा में आरएसएस द्वारा हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया था। मंच के पीछे बाबा साहिब की प्रतिमा लगा रखी थी। लेकिन मंच से वक्ताओं ने एक धर्म विशेष पर अभद्र टिप्पणी की। वक्ताओं को मंच में संविधान निर्माता बाबा साहेब की प्रतिमा भी नजर नहीं आई। बाबा साहेब ने संविधान में सभी धर्म जाति वर्ग को समान अधिकार दिया था। वक्ताओं ने कहा कि सभा में केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा भी शामिल थे। बसंत कुमार, राजेंद्र टंगड़िया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाई टम्टा की पुण्यतिथि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा/रानीखेत।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। दो मिनट का मौन रखकर उनके योगदान को याद किया। उनके जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डाला गया। सोमवार को आयोजित विचार गोष्ठी के दौरान विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि स्व. टम्टा का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और दलित-शोषित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित रहा। उन्होंने समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि उनकी पुण्यतिथि को सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाना उनके विचारों और संघर्षों को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने शिक्षा, संगठन और जागरूकता को सामाजिक परिवर्तन का आधार बताया। वहीं, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक न्याय, समान अवसर और संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्व. टम्टा के आदर्शों को आत्मसात कर समाज में समानता और सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष पीतांबर पांडे, पूरन रौतेला, विनोद वैष्णव, राधा बिष्ट, शहजाद कश्मीरी, तारा चंद्र साह, वैभव पांडे, दीपक कुमार, निर्मल रावत, दानिश खान, पारितोष जोशी, जगदीश पांडे, जगदीश तिवारी, ललित सतवाल, आनंद बिष्ट, कार्तिक साह, विश्वास टम्टा, मुकेश कुमार, नारायण दत्त पांडे, मनोज वर्मा, आशा शर्मा, प्रकाश डसीला, बलवंत टम्टा, गजेंद्र फर्त्याल, बीके भट्ट, नरेंद्र बनोला, तारा मेहरा आदि मौजूद रहे। इधर, रानीखेत में भी स्व. मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। मौके पर वक्ताओं ने स्व. टम्टा के सामाजिक समरसता, समानता एवं वंचित वर्गों के उत्थान हेतु किए गए ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. टम्टा ने कुमाऊं क्षेत्र में दलित एवं शोषित समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई तथा समान अधिकारों के लिए संगठित संघर्ष किया। उन्होंने छुआछूत एवं भेदभाव के विरुद्ध जनजागरण किया और समाज में आत्मसम्मान की भावना जागृत की। वे शिक्षा प्रसार, सामाजिक संगठन निर्माण तथा राजनीतिक जागरूकता के माध्यम से वंचित समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। उनके प्रयासों से पर्वतीय क्षेत्रों में सामाजिक चेतना का विस्तार हुआ और समानता व न्याय की मजबूत नींव पड़ी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट ने की। कार्यक्रम में महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, अगस्त लाल साह, विनीत चौरसिया, सोनू सिद्दीकी, दीप उपाध्याय, जीतन जयाल, प्रदीप रावत, प्रीतम रावत, महेंद्र, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। **इधर, द्वाराहाट** में मुंशी हरीश टम्टा एवं स्व. विपिन त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रानीखेत दीपक किरौला ने कहा कि मुंशी टम्टा का जीवन सादगी और जनसेवा का प्रतीक था। नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता आर्या ने उनके सामाजिक योगदान को अविस्मरणीय बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह रावत ने कहा कि विपिन त्रिपाठी का उत्तराखंड राज्य आंदोलन में समर्पण प्रेरणादायी रहा। ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने दोनों विभूतियों को क्षेत्र का गौरव बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

## कैंटर के नीचे दबने से कंडक्टर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** ताकुला क्षेत्र के भेटुली-अयारपानी मार्ग पर रविवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में वाहन के नीचे दबने से कंडक्टर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले ही घायल ने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार चालक सोनू निवासी बाड़ेश्वर, थाना भिवानी खेड़ा, जिला भिवानी (हरियाणा) ने वाहन संख्या एचआर 46 एफ 2602 से डामर का केमिकल बागेश्वर ले जा रहा था। भेटुली अयारपानी के पास एक अन्य वाहन को पास देते समय कैंटर के ब्रेक फेल हो गए। स्थिति संभालने के लिए कंडक्टर उपेंद्र सिंह नीचे उतरकर टायर के पीछे ओट लगाने लगा, तभी वाहन खिसककर आगे बढ़ गया और वह पिछले टायर व क्रैश बैरियर के बीच फंस गया। स्थानीय वाहन चालकों ने उसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर उसे बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस से बेस अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**NAME CHANGE**
I MOHAMMAD RIZWAN have changed my name from RIZWAN to MOHAMMAD RIZWAN hence forth I shall be known as MOHAMMAD RIZWAN S/o ABDUL SALAM R/o. Ward No.14, Indra Nagar, Haldwani. (Nainital) UK.

# 'परिवर्तन जन संवाद यात्रा' का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** प्रदेश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर सक्रिय रुख अपनाते हुए उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने राज्यव्यापी परिवर्तन जन संवाद यात्रा निकालने का ऐलान किया है। तय किया कि यात्रा की शुरुआत शीघ्र ही अल्मोड़ा जिले से की जाएगी। अल्मोड़ा में आयोजित पार्टी की बैठक में पार्टी नेताओं ने कहा कि यह अभियान जनता के बीच सीधे संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में लाने का प्रयास होगा। बैठक में वक्ताओं ने प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, पलायन, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर चिंता जताई। कहा कि रोजगार के अभाव में युवाओं का पलायन लगातार बढ़ रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। पार्टी ने जिलेभर में परिवर्तन संवाद कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत जनसंवाद, विचार गोष्ठियां और जनसंपर्क अभियान आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को सीधे सुना जाएगा तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। पार्टी का कहना है कि लोकतांत्रिक सहभागिता को मजबूत किए बिना राज्य के विकास की परिकल्पना अधूरी है। केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि राज्य गठन की मूल भावना जल, जंगल, जमीन और रोजगार पर स्थानीय जनता के अधिकार को साकार करने के लिए व्यापक जनआंदोलन की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते वर्षों में अवसरवादी राजनीति ने राज्य को मूल मुद्दों से भटका दिया है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता स्थापित करने के लिए पार्टी जमीनी स्तर पर संघर्ष तेज करेगी। बैठक में महासचिव एड. नारायण राम, मो. शाकिब, एड. जीवन चंद्र, एड. भारती, किरन, एड. गोपाल, एड. वंदना कोहली, भारती पांडे, राजू गिरी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## विवादित बोल: लाल बाबा पर मुकदमा

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय में हिन्दू सम्मेलन के दौरान विशेष समुदाय पर विवादित बोल बोलने वाले लाल बाबा पर मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस ने बाबा पर धार्मिक सद्भाव बिगाड़ने समेत विभिन्न धाराओं में मुकमदा दर्ज हुआ है। एसएसजे परिसर के सिमकनी खेल मैदान में विरोट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ था। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चों समेत भाजपा नेता और आरएसएस के लोग मौजूद थे। इसी दौरान सम्मलेन में वक्ता के तौर पर लाल बाबा ने विशेष समुदाय पर विवादित बोल पर विवाद खड़ा हो गया। बाबा ने खुले मंच से विशेष समुदाय को उत्तराखंड छोड़ने और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर मारने की धमकी दी। वहीं, मामले का वीडियो भी इन दिनों जमकर वायरल हो रहा है। इधर, आयोजन समिति के संयोजक मनोज सनवाल ने बाबा के खिलाफ कोतवाली में तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अंजुमन सेवा समिति ने कार्रवाई की उठाई मांग

**अल्मोड़ा।** अल अंजुमन सेवा समिति ने मामले को गंभीर बताते हुए सोमवार को एसएसपी अल्मोड़ा को ज्ञापन सौंपकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार के भड़काऊ और समाज को विभाजित करने वाले बयान शहर की शांति और सौहार्द के लिए घातक हैं। कहा कि अल्मोड़ा एक शांत, सांस्कृतिक और सौहार्दपूर्ण शहर रहा है, जहां विभिन्न समुदाय वर्षों से आपसी भाईचारे के साथ रहते आए हैं। इस तरह के सार्वजनिक मंच से दिए गए कथित बयान से सामाजिक ताना-बाना प्रभावित हो सकता है। समिति ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की पुण्य तिथि पर गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अलका पाल के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने स्व. मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की पुण्य तिथि को 'सामाजिक न्याय दिवस' के रूप में मनाया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मौहल्ला काज़ीबाग दलित बस्ती स्थित जाटव धर्मशाला में मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए एक गोष्ठी का आयोजन किंया। गोष्ठी में महानगर अध्यक्ष अलका पाल ने बताया कि शिल्पकारों के लिए मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा एवं सामाजिक न्याय जैसे कार्यों में पहाड़ के अम्बेडकर मुंशी हरिप्रसाद टम्टा ने जीवन भर समाज के कमजोर दलित और पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया। संचालन दलित नेता सुरेंद्र सागर ने किया। गोष्ठी में मुशर्रफ हुसैन, पार्षद शाह आलम, पार्षद हनीफ गुड्डू, सुरेंद्र सागर, साबिर हुसैन, पीसीसी सचिव जितेंद्र सरस्वती, एडवोकेट नौशाद उस्मानी, ओम प्रकाश सागर, राम सिंह यादव, रवि सागर, गजेंद्र प्रकाश, विष्णु सागर, परम सिद्धू, मीना आर्य, राजेंद्र सागर, नागेश कुमार, राकेश भगत, मोहम्मद सदीक, हरिओम सागर, मोहित सागर, धीरज सागर आदि उपस्थित रहे।



# दुग्ध उत्पादन व्यवस्था का डीएम ने किया निरीक्षण, सुधार के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद में दुग्ध उत्पादन और विपणन व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने दुग्ध अवशीतन केंद्र कमेड़ी, दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति क्षेत्रपाल और आंचल आउटलेट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संचालन, स्वच्छता, भुगतान प्रणाली और आय सृजन की संभावनाओं का विस्तृत जायजा लिया। केंद्र कमेड़ी में डीएम ने सुचारु संचालन के लिए दो पीआरडी जवानों की तैनाती की आवश्यकता जताई और संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण दुग्ध संग्रहण के निर्देश दिए। उन्होंने कृषकों को चारा नर्सरी के विकास हेतु प्रोत्साहित करने और रिप योजना के तहत 'अल्ट्रा पुअर पैकेज' से लाभान्वित करने का भी सुझाव दिया। आंचल आउटलेट का निरीक्षण करते हुए डीएम ने संचालन को नियमित और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अगले महीने तक 50 हजार रुपये की आय का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्ययोजना तैयार करने को कहा। सहायक निदेशक डेयरी अनुराग मिश्रा ने बताया कि कमेड़ी केंद्र में 85 समितियों के माध्यम से प्रतिदिन 2200 लीटर दूध संग्रहित किया जाता है, जबकि क्षेत्रपाल समिति से 240 लीटर दूध रोज़ संग्रहित होता है। डीएम ने दुग्ध उत्पादन को रोजगार सृजन का महत्वपूर्ण साधन बताते हुए युवाओं और महिलाओं को डेयरी गतिविधियों से जोड़ने पर बल दिया, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती मिल सके।



## एक नजर

### कार व टेंपो की जबरदस्त भिड़ंत में कई घायल

**काशीपुर।** अलीगंज रोड पर देर रात कार और टेंपो की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया। इस घटना में कार और टेंपो के परखच्चे उड़ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है। काशीपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रात लगभग 10.30 बजे अलीगंज रोड स्थित सेंट मेरी स्कूल के सामने बने स्पीड ब्रेकर पर एक टेंपो और कार अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ब्रेकर पर अचानक संतुलन बिगड़ने से दोनों वाहन तेज रफ्तार में भिड़ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि कार और टेंपो सवार लोग गिन्नी खेड़ा गांव जा रहे थे। हादसे के समय टेंपो में तीन लोग सवार थे, जबकि कार में दो लोग मौजूद थे। टक्कर के बाद सभी पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल राजकीय चिकित्सालय काशीपुर पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि रात्रि में वाहन सावधानीपूर्वक और नियंत्रित गति में चलाएं।

### स्मार्ट मीटर: यूपीसीएल ने लगाया शिविर

**काशीपुर।** स्मार्ट मीटर की शिकायतों के निस्तारण हेतु आवास विकास में यूपीसीएल द्वारा शिविर लगाया गया, जिसका शुभारंभ मेयर दीपक बाली ने किया। इस दौरान श्री बाली ने कहा कि जब भी कोई नई तकनीक आती है तो उसके साथ कई तरह की भ्रांतियां भी फैलती हैं। उन्होंने कहा कि काशीपुर में स्मार्ट मीटर लगाये जाये की शुरूआत उन्होंने अपने घर से की थी और पिछले छह-सात महीनों में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से विद्युत उपभोक्ता को अपने बिजली खपत की पूरी जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से मिलती है, जिससे वह स्वयं बिजली खर्च पर नियंत्रण रख सकता है। शिविर में स्मार्ट मीटर से संबंधित सभी सवालों का अधिकारियों ने जवाब दिया और उपभोक्ताओं की समस्याओं कासमधान किया गया। इस दौरान एक्शन काशीपुर अजित यादव, एक्शन टेस्ट काशीपुर विवेक कांडपाल, पार्षद पुष्कर बिष्ट, डॉ. आरसी शर्मा, यूपीसीएल एसडीओ महक मिश्रा, एसडीओ पंकज, जोनल इंचार्ज अडानी हरीश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विजय पाल, अमित मनचंदा, भीम सिंह बिश्नोई समेत आम जनता उपस्थित थी।

### वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस टीम ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। काशीपुर निवासी प्रीतम सिंह पुत्र पूरन सिंह द्वारा रविवार को दी मोटरसाइकिल चोरी की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने धारा 303(2) के अंतर्गत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस द्वारा तत्काल सुरागरसी पतारसी एवं सीसीटीवी कैमरे की मदद से अज्ञात चोर को 24 घंटे से कम समय में तलाश कर चोरी की मोटरसाइकिल एचआर-26-एवाई-5275 सहित गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सुजल पुत्र संजू निवासी मौहल्ला पक्काकोट काशीपुर बताया गया है। पुलिस के मुताबिक सुजल शातिर चोर है। उसके विरुद्ध थाना काशीपुर में पूर्व से चोरी के मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कौशल भाकुनी चौकी प्रभारी कटोराताल, एएसआई प्रकाश बोरा, कांस्टेबल प्रेम कनवाल व गिरीश मठपाल थे।

### बालश्रम में प्रतिष्ठान के स्वामी पर मुकदमा

**काशीपुर।** चाइल्ड लाइन और एक एनजीओ द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान मुरादाबाद रोड पर एक ऑटो मोबाइल प्रतिष्ठान में एक नाबालिग बाल श्रम करते पाया गया। पुलिस ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी की तहरीर पर प्रतिष्ठान के स्वामी के खिलाफ केस दर्ज किया है। सहायक श्रम आयुक्त के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम ने बीते शुक्रवार को काशीपुर के मुख्य बाजार, रामनगर रोड और मुरादाबाद रोड पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस टीम में श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ पुलिस बल, चाइल्ड लाइन और एनजीओ इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट के कार्यकर्ता शामिल थे। निरीक्षण के दौरान मुरादाबाद रोड स्थित मैसर्स कृष्णा ऑटो मोबाइल्स में दोपहर करीब 3.50 बजे टीम ने एक नाबालिग बच्चे को काम करते हुए पाया। काशीपुर श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह की तहरीर पर पुलिस ने प्रतिष्ठान स्वामी मौहम्मद इसरार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### नाबालिग लड़की बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद करते हुए घटना में सम्मिलित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को काशीपुर निवासी एक महिला ने कोतवाली काशीपुर में उसकी 14 वर्षीय पुत्री के शुक्रवार को बिना बताए घर से कहीं चले जाने के संबंध में लिखित तहरीर दी। तहरीर पर कोतवाली काशीपुर में धारा 140(3) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया। नाबालिग लड़की की बारामदगी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए आदेश निर्देश क्रम में तथा पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी बाजपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली काशीपुर द्वारा एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा नाबालिग लड़की की तलाश करते हुए नाबालिग लड़की को शिवनाथ व्यापारी उर्फ भोले पुत्र दिलीप व्यापारी निवासी ग्राम चंदिया जारा थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश के साथ 24 घंटे के भीतर हरिद्वार से सकुशल बरामद कर मुकदमा उपरोक्त में धारा 137(2)/87 बीएनएस व धारा 16/17 पोक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर उपरोक्त अभियोग में अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कंचन पडलिया, अपर उप निरीक्षक अजीत सिंह, कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह बिष्ट व महिला कांस्टेबल नेहा मेहता थे।

### गुलदार ने दिन में कुत्ते पर किया हमला

**कालाढूंगी।** सोमवार को फतेपुर रेंज अंतर्गत भीमताल ब्लॉक के ग्राम हेड़ी में गुलदार ने दिन के समय एक कुत्ते पर हमला कर दिया। कुत्ते के मालिक जीवन नन्द पंडलिया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जानकी पांडे के परिवार ने साहसिक कदम उठाते हुए जोर से शोर मचाकर गुलदार को खदेड़ दिया और कुत्ते की जान बचाई। गुलदार के इस हमले के बाद गांव में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए गांव में पिंजरा लगाए जाने और गुलदार के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

### पिंडर नदी पर लंबे इंतजार के बाद बना पुल

**बागेश्वर।** कपकोट विधानसभा के ग्राम पंचायत सोराग को जोड़ने के लिए पिंडर नदी पर लंबे इंतजार के बाद पुल बन ही गया है। पुलिया निर्माण से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। बता दें कि उक्त मोटर पुल न होने से बरसात के सीजन में आवागमन लगभग बंद हो जाता था। ग्रामीणों द्वारा पुलिया निर्माण करवाए जाने के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। पुल नहीं होने से इस दंश सर्वाधिक बीमार, गर्भवती महिलाओं को झेलना पड़ता था। गत वर्ष बारिश में एक गर्भवती को 13 घंटे बाद उपचार मिला, लेकिन तब तक उसके गर्भ में पल रहे नवजात शिशु की मौत हो गई थी। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ वार्ता कर पुलिया निर्माण में हो रहे अविलंब पर लगातार बैठक एवं चर्चा की। आज पुल बन कर लगभग तैयार है।

### भाजपा विधायक उमेश शर्मा का पुतला फूंका

**बागेश्वर।** देहरादून में शिक्षा निदेशक पर हुए जानलेवा हमले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ी आपत्ति जताई है। कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट के नेतृत्व में भाजपा विधायक उमेश शर्मा के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और कर्मचारियों की सुरक्षा की मांग की है। सोमवार को एसबीआई तिराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि गत दिवस शिक्षा निदेशक पर भाजपा विधायक द्वारा जानलेवा हमला किया गया। विधायक उमेश शर्मा सरकार के मद में चूर होकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों तक को नहीं पूछ रहे है। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए कर्मचारियों को सुरक्षा का भरोसा देने की मांग की है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, भगत डसीला, बसंत कुमार, बालकृष्ण, दिनेश कुमार, भगवान शाह, खिलाफ दानू, हरीश त्रिकोटी आदि मौजूद थे।

रमज़ान मुबारक

सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक

मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक

बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)

Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी

अध्यक्ष अलीम खान
उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

# यूएसडीडीए दफ्तर में विधायक सुमित का धरना

## हल्द्वानी में खुले सीवर गड्ढों से हो रही मौतों पर हंगामा, अधिकारियों को ठहराया जिम्मेदार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महानगर की प्रमुख सड़कों तथा गलियों में सीवर चैंबरों के लिए खोदकर खुले छोड़ दिए गए बड़े-बड़े गड्ढों में हादसे का शिकार होकर कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। एक दिन पहले ही एक और बुजुर्ग की मौत हो गयी। इस एक और दुर्घटना ने तूल पकड़ लिया है। कार्यदायी संस्था यूएसडीडीए के खिलाफ लोगों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया है। शहर विधायक सुमित हृदयेश ने जनता के साथ मिलकर मोर्चा खोल दिया है। यूएसडीडीए कार्यालय के बाहर धारने पर बैठे विधायक ने हल्द्वानी की खुदी हुई सड़कों पर आए दिन हो रहीं मौतों के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया और कड़ी कार्यवाही की मांग



की। बता दें कि रविवार शाम हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पनचक्की चौराहे से मुखानी चौराहे को जोड़ने वाली सड़क पर अंबिका विहार जाने वाली गली के समीप हुई हृदयविदारक दुर्घटना में सुरेश पांडेय की मौत हो गयी। विधायक सुमित हृदयेश ने इसे अत्यंत दुखद एवं प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बताया। धरनास्थल पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि उक्त मार्ग पर यूएसडीडीए द्वारा निर्मित बड़े-बड़े खुले एवं असुरक्षित सीवर चैम्बर और टूटी सड़क इस दुर्घटना का प्रमुख कारण बनी हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा समय-समय पर इन खुले चैम्बरों के संबंध में चिंता जताई गई थी, किन्तु संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई नहीं की गई। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश ने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, यूएसडीडीए, नगर निगम तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर जवाबदेही सुनिश्चित करने की बात कही। विधायक सुमित हृदयेश ने यह भी अवगत कराया कि उन्होंने लगभग 15 दिन पूर्व ही संबंधित पुलिस अधिकारी से उक्त मार्ग को वन-वे घोषित करने का आग्रह किया था, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। दुर्भाग्यवश उनके सुझाव को गंभीरता से नहीं लिया गया, जिसका दुष्परिणाम आज एक सम्मानित नागरिक की मृत्यु के रूप में सामने आया। धरना-प्रदर्शन के दौरान विधायक ने मांग रखी कि संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाए। मार्ग पर यातायात व्यवस्था को देखते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु ठोस एवं स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विधायक सुमित हृदयेश ने कड़ी चेता. वनी दी कि जनहित के मुद्दों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, महानगर अध्यक्ष गो. विंद बिष्ट, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मधु सांगुड़ी, पार्षद मुकुल बल्यूटिया, हरीश मेहता, एनबी गुणवंत, अवध बिहारी शर्मा, देवेन्द्र धर्मसत्तू, पार्षद रवि जोशी, धर्मवीर, हेमंत शर्मा, नवीन पांडेय, जया कर्नाटक, पुष्पा मेहता, मीनाक्षी नयाल, रेणू तोमर, चंद्रमोहन ठाकुर, जीवन कार्की, मोहन बिष्ट, महेशनान्द, गिरीश पांडे, गोविंद बगड़वाल, जगमोहन बगड़वाल, खीमानन्द पांडे, मलय बिष्ट, नीतिन भट्ट, कैलाश शाह, दीपक शाह, देवेन्द्र नेगी, जिज्ञासु भट्ट, लक्ष्मीकांत, लाल सिंह पवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दमुवाढूंगा पनचक्की चौराहे के पास हुई सड़क दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच शुरू हो गई है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को जांच अधिकारी नामित किया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि 22 फरवरी को पनचक्की रोड स्थित अम्बिका विहार के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। उक्त घटना के कारणों की जांच के लिए मजिस्ट्रियल जांच की जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि घटना के संबंध में जानकारी रखने वाले संबंधित, असंबंधित अथवा अन्य कोई भी व्यक्ति 15 दिनों के भीतर अपना लिखित बयान, अभिकथन, मौखिक कथन अथवा कोई साक्ष्य उपलब्ध कराना चाहता हो तो किसी भी कार्य दिवस में उनके कार्यालय/न्यायालय, हल्द्वानी में उपस्थित होकर या पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है।

## व्यापारी बोले: हत्या का मुकदमा दर्ज हो

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार ने बुजुर्ग सुरेश चंद्र पांडे की मौत के लिए यूयूएसडीए को पूर्ण रूप से जिम्मेदार मानते हुए जिलाधिकारी से स्वत: संज्ञान लेकर हत्या का मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की है। संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता और महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि यूयूएसडीए की कार्यशैली बहुत ही खराब है जिसकी वजह से आम जनता को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इनके परियोजना प्रबंधक सिर्फ अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए सिर्फ बयानबाजी करते रहते है जो बड़े शर्मनाक बात है। ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारी को शासन उनके पद से शीघ्र हटाए जिससे आम जनता को किसी प्रकार का दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# भिक्षावृत्ति रोकने के लिए सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में बढ़ती भिक्षावृत्ति और बाहरी व्यक्तियों की अनियंत्रित आवाजाही को लेकर मौलाना आज़ाद जन कल्याण समिति ने प्रशासन से कड़े कदम उठाने की मांग की है। सोमवार को समिति के अध्यक्ष जहीर आलम अंसारी के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि शहर की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अनिवार्य किया जाए। समिति ने मांग की कि बाहर से आए भिखारी, फकीर, साधु-संत और मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों की गहन जांच की जाए। विशेष रूप से बनभूलपुरा क्षेत्र में बुर्का पहनकर छोटे बच्चों के साथ भीख मांग रही महिलाओं की जांच कराने की बात कही गई है, ताकि



किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को रोका जा सके। समिति ने उत्तराखंड सरकार द्वारा लागू 'भिक्षावृत्ति प्रतिरोध अधिनियम' का हवाला देते हुए शहर में विशेष अभियान चलाकर भिक्षुकों की पहचान करने और उन्हें निर्धारित भिक्षु गृहों में भेजने की मांग की है। साथ ही, सार्वजनिक स्थलों पर घूम रहे मान. सिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों का सत्यापन कर उन्हें उपचार के लिए मानसिक चिकित्सालय या सुधार गृह भेजने की अपील की गई है। समिति अध्यक्ष जहीर आलम अंसारी ने कहा कि शहर की शांति और सुरक्षा के लिए बाहरी तत्वों का रिकॉर्ड होना आवश्यक है। इस दौरान हसरत अली, मोहम्मद नाजिम और तस्लीम अहमद भी उपस्थित रहे।

## एसकेएम पब्लिक स्कूल में कविता प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सौहार्द जन सेवा समिति की ओर से कुमाऊंनी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत सोमवार को एसकेएम पब्लिक स्कूल में कविता एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्य मोनिका शर्मा एवं संस्था अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने किया। निर्णायक की भूमिका में साहित्यकार अमृता पांडे एवं किताब कौतिक अभियान के संयोजक दयाल पांडे रहे। कुमाऊंनी काव्य गोष्ठी में अर्शली शर्मा व दीक्षा मेलकानी ने प्रथम, हिमांशु बर्गली, माही बिष्ट व आदित्य राज बिष्ट द्वितीय तथा सबा सिद्दीकी व दिया मेलकानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था ने सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# डग्गामारी पर भड़के रोडवेज कर्मचारी

## शासन-प्रशासन के खिलाफ ज़ोरदार नारेबाजी, आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं क्षेत्र में बढ़ती अवैध डग्गामारी के खिलाफ सोमवार को उत्तराखंड परिवहन निगम के समस्त संगठनों से जुड़े पदाधिकारी और कर्मचारी बस अड्डे में एकजुट हुए और शासन-प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन उग्र किया जाएगा।



इससे पहले बस स्टेशन परिसर में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अवैध बसों और डग्गामार वाहनों के संचालन से निगम को लगातार आर्थिक नुकसान हो रहा है। इससे न सिर्फ राजस्व घट रहा है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। आरोप लगाया गया कि संबंधित विभाग कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता निभा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि पहले चरण में संभागीय परिवहन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो कुमाऊं भर के संगठन संयुक्त रूप से आंदोलन तेज करेंगे। संयुक्त मोर्चे के पदाधिकारियों ने जनता से भी अपील की कि सस्ते किराए के लालच में अवैध वाहनों का प्रयोग न करें। ऐसे वाहन दुर्घटना की आशंका को बढ़ाते है और पीक सीजन में मनमाना किराया वसूलते है। यदि रोडवेज जैसी सरकारी सेवा कमजोर पड़ी तो निजी संचालक हावी हो जाएंगे। कर्मचारियों ने दो टूक कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन चरणबद्ध तरीके से तेज किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में कमल पपनै, मुकेश वर्मा, उमेश जोशी, नवनीत कपिल, शंकर सिंह, आनंद बिष्ट, आनंद सिंह जीना, नवीन लोहनी, एलडी पालीवाल, विजय अधिकारी, योगेश जोशी, मनोज भट्ट, शशिकांत गौतम, कार्तिक नेगी, मोहन आर्या, राजेश दुका समेत कई कर्मचारी शामिल रहे।

# राज्य मेला कैलेंडर में शामिल हो शरदोत्सव मेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शरदोत्सव मेला हल्द्वानी को उत्तराखंड राज्य मेला कैलेंडर में शामिल किए जाने की मांग को लेकर मानव विकास सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने



सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी के माध्यम से मुख्यमंत्री ज्ञापन भेजा। सीएम को भेजे गए ज्ञापन में संस्थान के अध्यक्ष विक्की योगी ने बताया कि वर्ष 1999 से नियमित रूप से आयोजित यह मेला पिछले लगभग 25 वर्षों से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान, लोकपरंपरा तथा पर्यटन को प्रोत्साहन देने वाला आयोजन है। मेले में लोकनृत्य, लोकगीत, कला, संस्कृति और स्थानीय कारीगरों के उत्पादों का विशेष प्रदर्शन होता है, जिससे न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है बल्कि स्वरोजगार को भी मजबूती मिलती है। उत्तराखंड सरकार के आधिकारिक राज्य मेला कैलेंडर में शरदोत्सव मेला को शामिल करने से इसकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और मेले को और मान्यता मिलेगी। ज्ञापन देने वालों में सचिव पूनम चंद, कोषाध्यक्ष साक्षी बेलवाल, संरक्षक जीएस रावत, जहीर अंसारी, भुवनेश्वरी जोशी, पंकज मिश्रा, संयम मल्होत्रा, जगदीश उपाध्याय, राजीव शर्मा, कौस्तुभ चंदोला, सरोज बिष्ट शामिल रहे।

# शातिर चंदन चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस ने चंदन तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डालाकोटी कंपाउंड से चंदन के कीमती पेड़ काटकर तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने एक शातिर चंदन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की चंदन लकड़ी व औजार बरामद किए है। पुलिस के अनुसार 20 जनवरी को डालाकोटी कंपाउंड रामपुर रोड निवासी उमेश चंद्र डालाकोटी ने कोतवाली हल्द्वानी में तहरीर दी थी कि उनके परिसर से अज्ञात चोरों ने चंदन का कीमती पेड़ काटकर चोरी कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सीसीटीवी सर्विलांस और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर 22 फरवरी को सुशीला तिवारी अस्पताल तिराहे




के पास से अभियुक्त कमल ढाली को गिरफ्तार किया। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी किए गए चंदन की लकड़ी के छह टुकड़े, एक आरी, एक बसुली, एक रेती और चार दस्ताने बरामद किए गए। बरामद लकड़ी के टुकड़ों का घटनास्थल पर मौजूद पेड़ के ठूंठ से मिलान करने पर उनकी बनावट और नाप पूरी तरह मेल खाई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी मुलाकात जेल में इंद्रजीत राय नामक अपराधी से हुई थी, जो पहले भी तस्करी के मामलों में संलिप्त रहा है। 19 जनवरी 2026 की रात वह यामाहा आर-15 बाइक से हल्द्वानी आया और डालाकोटी कंपाउंड में चंदन का पेड़ काटा। पकड़े जाने के डर से आरोपितों ने मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों के तार भी काट दिए थे। चोरी की गई चंदन की लकड़ी को कानपुर ले जाकर लगभग 1800 रुपये प्रति किलो के भाव से बेचने की योजना थी। गिरफ्तार आरोपी कमल ढाली पुत्र किशनो ढाली निवासी सूरज फार्म ओझा थाना बिलासपुर जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पुलिस टीम में चौकी मंगलपड़ाव से उप निरीक्षक गौरव जोशी, अपर उप निरीक्षक मान सिंह, कांस्टेबल कमलेश सिंह नौला, संतोष बिष्ट शामिल रहे।

# एमबीपीजी कॉलेज में दिव्यांग छात्रों की समस्याओं के समाधान की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के सबसे बड़े एमबीपीजी कॉलेज में अध्ययनरत दिव्यांग



छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर छात्रनेता सार्थक रस्तोगी और दिलीप वार्ष्णेय ने प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दिव्यांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, सुलभ शौचालयों की उपलब्धता, रैम्प की व्यवस्था और रोजगार के अवसर प्रदान करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि दिव्यांग छात्र-छात्राओं को समुचित शिक्षा और सुविधाएं मिलनी चाहिए, ताकि वे समाज में अपनी भागीदारी को सशक्त बना सकें। प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि छात्रों की समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा और उन्हें एक सशक्त शिक्षा वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में दलजीत सिंह, प्रिंस गुप्ता और हर्ष पांडे भी शामिल थे।

# बरसात में गौला पुल किसी भी हाल में क्षतिग्रस्त न हो: सांसद अजय भट्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सांसद अजय भट्ट ने सिंचाई, लोक निर्माण विभाग और यूपीसीएल के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये हैं कि बरसात के दौरान गौला पुल किसी भी हाल में क्षतिग्रस्त नहीं होना चाहिए। इसके लिए सभी जरूरी एहतियाती कदम समय रहते पूरे किए जाये। सांसद अजय भट्ट ने सर्किट हाउस काठगोदाम में सोमवार को सिंचाई, लोनिवि, विद्युत विभाग की विकास कार्यों की समीक्षा की। सांसद भट्ट ने सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि विभिन्न स्थानों पर गौला नदी से भू-कटाव रोकने के लिए तत्काल डीपीआर शासन में भेजे तथा डीपीआर की एक प्रति उन्हें भी उपलब्ध कराये। उन्होंने निर्देश दिये कि 15 मार्च तक पनचक्की-कठघरिया नहर कवरिंग कार्य पूर्ण कर लिया जाये। लोक निर्माण विभाग के वर्तमान कार्यों तथा प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को समयबद्धता तथा गुणवत्ता से पूर्ण करे। उन्होंने बचीनगर नहर कवरिंग हेतु प्रस्ताव शासन में भेजने तथा एस्टिमेट की एक प्रति उन्हें भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यूपीसीएल के कार्यों की समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि अभियंता अपने अधीनस्थ कर्मियों की कार्य शैली पर पैनी नजर रखें। जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही व चूक न हो। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत बिल ज्यादा आने की शिकायत पर नियमानुसार सब मीटर लगाकर जांच करे। उन्होंने क्षतिग्रस्त विद्युत पोल व झूलते हुए तारों की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रत्यूष कुमार, अधिशासी अभियंता यूपीसीएल प्रदीप कुमार, संदीप कुमार गुप्ता, तहसीलदार कुलदीप पांडे, सहायक अभियंता सिंचाई चंद्रशेखर आर्या, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह खाती, राजीव जायसवाल, हिमांशु मिश्रा, कमल नयन जोशी आदि मौजूद रहे।

# वन भूमि अधिकार के लिए दून कूच करेंगे ग्रामीण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला की बैठक धरना स्थल बागजाला के सम्मुख हुई जिसमें 25 फरवरी को गांधी पार्क देहरादून में धरना देने जाने का फैसला लिया गया। गौरतलब है कि राज्य मंत्रिमण्डल की 25 फरवरी की मीटिंग में वन भूमि पर बसी हुई आबादी के लिए राजस्व गांव की प्रक्रिया शुरू करने का प्रस्ताव लाने की बात की जा रही है। इस प्रस्ताव में वन भूमि पर बसी संपूर्ण आबादी के लिए राजस्व गांव का विधिसम्मत प्रस्ताव पारित करने पर जोर देने के लिए गांधी पार्क देहरादून में विपक्ष के इंडिया गठबंधन की ओर से वन भूमि पर बसी हुई आबादी द्वारा संयुक्त रूप

### किसान महासभा बागजाला की बैठक



से धरना प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि बागजाला में लोग जमीन के मालिकाना अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उनको 25 फरवरी की राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में लाए जा रहे प्रस्ताव में शामिल किया जाए अन्यथा आंदोलन के अतिरिक्त कोई चारा नहीं रहेगा। भाजपा की धामी सरकार और लालकुआं विधायक लोगों को बहुत झुनझुने थमा चुके, अब यह नहीं चलने वाला है। बाग. जाला, बिंदुखत्ता, पुछड़ी समेत राज्य में वन भूमि नजूल भूमि पर बसे हुए सभी लोगों को भूमि का मालिकाना अधिकार दिया जाना चाहिए। अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला अध्यक्ष डा. उर्मिला रैस्वाल ने कहा कि समय आ गया है कि वन भूमि पर बसे सभी लोगों को मिलकर संघर्ष करना होगा तभी मालिकाना हक हासिल किया जा सकता है। मीटिंग में सचिव वेद प्रकाश, कोषाध्यक्ष मीना भट्ट, गणेश राम, प्रेमसिह नयाल, दीवान सिंह बर्गली, नसीम प्रधान, मो. परवेज, हेमा आर्य, रेशमा, महेन्द्र, नसीर अहमद, भावना अटियाल, यासीन, भगवती गोस्वामी, विमला पाण्डे, सुषमा देवी, दीपिका, बिमला तिवारी, तुलसी, इरफान, साजिद, उमा देवी, हेमा देवी, भावना, भगवती, ललिता देवी, बबीता, लीला देवी, शान्ती देवी, शोभा देवी, उषा वर्मा, कुलशाद, गुलशन, सुनीता प्रजा. पति, सीमादेवी, राम भक्त, सुनीता देवी, मिथिलेश, रेखा रानी, प्रकाश, रमेश, दिनेश पांडेय, मकसूद, हेमा देवी, अजीम आदि शामिल रहे. संच. ालन सचिव वेद प्रकाश ने किया।

# मेडिकल कॉलेज में और दुरुस्त होंगी व्यवस्थाएं



कुलपति डा. भानु दुग्गल ने ली समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय की कुलपति डा. भानु दुग्गल ने सोमवार को राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी विभागाध्यक्षों ने अपना परिचय देते हुए विभागों की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। सर्वप्रथम एनेस्थीसिया विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एके सिन्हा ने विभाग में उपलब्ध चिकित्सकों, आधुनिक उपकरणों, शैक्षणिक गतिविधियों तथा सीपीआर जागरूकता कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद एनाटॉमी विभाग की डा. रिचा निरंजन ने विभाग में संचालित शोध परियोजनाओं, उपलब्ध उपकरणों तथा देहदान कार्यक्रम की प्रगति पर प्रकाश डाला। बायोकेमिस्ट्री विभाग की प्रो. डा. संगीता सिंह ने विभागीय प्रयोगशालाओं, उपलब्ध उपकरणों, पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों तथा विभिन्न रक्त जांच सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अतिरिक्त बाल रोग विभाग, जनरल मेडिसिन विभाग, सर्जरी विभाग, ईएनटी विभाग, यूरोलॉजी विभाग, नेत्र रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, ऑर्थोपेडिक्स विभाग, टीबी एवं श्वास रोग विभाग, पैथोलॉजी विभाग, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग तथा फिजियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्षों ने भी विभागीय उपलब्धियों, सेवाओं एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में उपस्थित चिकित्सकों ने अस्पताल में बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति, आपातकालीन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा आधारभूत संरचना के विस्तार की आवश्यकता पर अपने सुझाव रखे। कुलपति डा. भानु दुग्गल ने चिकित्सा शिक्षा में गुणवत्ता सुधार, आधुनिक तकनीकों के समुचित उपयोग, शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा मरीजों को उत्कृष्ट उपचार सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि मेडिकल कालेज की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा तथा राज्य एवं केंद्र स्तर पर आवश्यक सहयोग के लिए प्रभावी पहल की जाएगी। इस दौरान प्राचार्य डा. जीएस तितियाल, चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी, डा. केसी पांडे, डा. आरजी नौटियाल, डा. एससी जोशी, डा. उमेश, डा. साधना अवस्थी, डा. पंकज सिंह, डा. हरि शंकर पाण्डेय, डा. राजीव सिंह, डा. रितु रखोलिया, डा. शहजाद अहमद, डा. नितिन मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाई मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रख्यात विचारक, समाज सुधारक एवं पर्वतीय अंबेडकर के रूप में विख्यात स्व. मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की पुण्यतिथि को कांग्रेस ने सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया गया। सोमवार को स्वराज आश्रम में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका प्रारम्भ स्व. टम्टा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि स्व. मुंशी हरिप्रसाद टम्टा ने पहाड़ में सामाजिक चेतना जगाने का जो कार्य किया, वह आज भी मार्गदर्शक है। सामाजिक न्याय केवल एक नारा नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा है और इसे धरातल पर उतारना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव कमजोर, वंचित और शोषित वर्गों की आवाज उठाती रही है




और आगे भी उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम को महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गो. विंद सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल और अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पंडित हरिप्रसाद, सतीश नैनवाल, ललित जोशी, राजेन्द्र सिंह बिष्ट रज्जी, नरेश अग्रवाल, महेशानंद, यशपाल आर्य, इन्दर पाल आर्य, जगदीश आर्य, हरीश चंद्रा, गोविन्द बगड़वाल, प्रदीप नेगी, सूरज प्रकाश, गो. विंद सिंह बिष्ट, विराज आर्य, प्रकाश आर्य, बॉबी आर्य, अभिनय आर्य, कौशलेंद्र भट्ट, मनोज शर्मा, दया कृष्ण बेलवाल, जगदीश भारती, प्रकाश पाठक, पंकज आर्य, लाल सिंह पवार, ऋतिक आर्य, रोहित पांडे, मयंक गोस्वामी, मनोज टम्टा, गजेंद्र सिंह सम्मल, शाद अली, मो. नबी, उदित करायत, रेनू तोमर, मंजू पांडे, सुनीता टम्टा, मीनाक्षी नयाल, पुष्पा मेहता, मीना देवी, ममता देवी, पुष्पा नेगी, पुष्पा देवी, हेमा देवी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला मजदूर का शव, फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कोतवाली की बगवाड़ा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में जमीन पर पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह बगवाड़ा भट्टा पार्किंग में एक युवक को बेसुध पड़ा देख लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बगवाड़ा चौकी से एसआई मोहन चंद्र जोशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से पूछताछ के बाद अचेत पड़े युवक को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस द्वारा की गई जांच में मृतक की शिनाख्त 30 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र किशन पाल, निवासी दुधिया नगर के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि धर्मेंद्र मजदूरी करता था और सोमवार सुबह हमेशा की तरह काम पर जाने के लिए घर से निकला था। चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिगवाल ने बताया कि मौत के स्पष्ट कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस मामले को गहनता से जांच कर रही है कि युवक की मौत स्वाभाविक है या इसके पीछे कोई अन्य कारण रहे हैं।

# वन निगम परिसर से हुई लाखों की सागौन की लकड़ी चोरी

- **विभाग के सुरक्षा दावों की खुली पोल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में अज्ञात लकड़ी तस्करों द्वारा वन निगम में क्षेत्रीय प्रबंधक के कार्यालय के समीप अज्ञात चोरों ने दीवार तोड़कर निगम परिसर में रखे लाखों रुपए की सागौन की लकड़ी चोरी करते हुए निगम के अधिकारियों के सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है।घटना की जानकारी मिलने के बाद वन निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के होश उड़ गए।

बता दें कि लकड़ी चोरी का यह कोई पहला मामला नहीं है इससे पहले भी कई बार निगम की लाट में से लकड़ी चोरी होने के मामले सामने आए हैं लेकिन शनिवार की रात जिस तरह से यह लकड़ी चोरी की गई है उससे निगम की सुरक्षा दावों की तो पोल खुल ही गई है तो वहीं अब निगम परिसर में मौजूद बेशकीमती लाखों रुपए की रखी लकड़ी की सुरक्षा भी अब खतरे में पड़ गई है। मामले में वन निगम के डीएसएम मुदित आर्य ने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक के कार्यालय के समीप एक दीवार तोड़कर निगम परिसर में रखे 23 सागौन के गिल्टे चोरी हुए हैं। उन्होंने बताया जानकारी मिलने के बाद रविवार की सुबह उनके द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया जिसमें यह लकड़ी चोरी होने की पुष्टि हुई है उन्होंने बताया की चोरी हुई लकड़ी की कीमत करीब डेढ़ लाख रूपए है उनका कहना है कि मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है और विभाग द्वारा भी मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## अवैध खनन कर रहे वाहनों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के डीएफओ और एसडीओ के दिशा निर्देश पर रामनगर रेंज रेंजर के नेतृत्व में वन सुरक्षा बल टीम, रामनगर रेंज और बैलपड़ाव रेंज की टीमों का गठन कर अलग-अलग रास्तों से कालू सिद्ध नदी क्षेत्र की छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान अवैध खनन कर रहे केकड़े, वन विभाग की टीम को आते देख नदी पार कर छोई की तरफ भागने लगे। टीम द्वारा पीछा करने पर चालक केकड़ों को एक प्राइवेट रिसोर्ट के परिसर में खड़ा कर भाग गए।सभी टीमों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए पांच केकड़ों को वन अभिरक्षा में लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए कार्यशाला वर्कशॉप रामनगर में सुरक्षित खड़ा कर दिया गया है।साथ ही एक केकडा बैलपडाव रेंज की सुपुर्दगी में दिया गया लेकिन चालक केकड़े को मौके से लेकर फरार हो गया है।

# संघ के सौ साल, गदरपुर में सवाल एक

- **क्या भाजपा को आज भी बाहर से नेता आयात करने पड़ रहे हैं?**
- **कांग्रेस से भाजपा तक की यात्राः गदरपुर में कुर्सी मिली, कार्यकर्ता फिर पीछे रह गए**
- **कुर्सी पाने वाले बाहर सेः गदरपुर की राजनीति पर एक नजर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने पर बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम हुए। भगवा झंडे लहराए, भाषण गूंजे, और कार्यकर्ताओं को याद दिलाया गया कि संगठन, त्याग और तपस्या ही भाजपा की असली ताकत है, लेकिन उत्सव की इस चमक-दमक के बीच गदरपुर की राजनीति एक ऐसा सवाल छोड़ गई, जो मुस्कुराते-मुस्कुराते चुभ जाता है? क्या सौ साल में भी गदरपुर भाजपा ऐसा कोई नेता तैयार नहीं कर पाई, जो चुनाव जीत सके?

ताजा उदाहरण नगर पालिका अध्यक्ष का है। वर्तमान अध्यक्ष मनोज गुंबर 'मिंटू' चुनाव से कुछ समय पहले तक कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय थे। फिर अचानक विचारधारा बदली, हवा का रुख समझा गया और कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया गया। भाजपा ने न सिर्फ उन्हें टिकट दिया, बल्कि लोकल स्तर से लेकर प्रदेश की कार्यकारिणी तक पूरी ताकत झोंक दी।

नतीजा चुनाव जीत लिया गया। बधाइयां भी खूब बंटी। इसी तरह का दूसरा मामला ब्लॉक प्रमुख का है। कहानी लगभग वही, बस किरदार बदला हुआ। कांग्रेस से भाजपा में आगमन, संगठन का पूरा समर्थन और फिर सत्ता की कुर्सी। सवाल यह नहीं कि दोनों नेताओं ने चुनाव क्यों जीता, सवाल यह है कि भाजपा को हर बार बाहर से ही "रेडीमेड" नेता क्यों ढूंढने पड़ते हैं?



गदरपुर की गलियों, मोहल्लों और बूथों में सालों से पसीना बहाने वाले भाजपा कार्यकर्ता आज भी चाय की दुकान पर पोस्टर चिपकाने की यादों में जी रहे हैं। कोई 20 साल से झंडा उठा रहा है, कोई हर चुनाव में रात-रात भर गिनती एजेंट बनता है, कोई बाइक से प्रचार करता है, लेकिन जब टिकट की बारी आती है, तो पार्टी कहती है, "कोई मजबूत चेहरा चाहिए। यह "मजबूत चेहरा" अक्सर वहीं से मिल जाता है, जहां से कल तक भाजपा के खिलाफ भाषण हो रहे थे। संघ के सौ साल पूरे होने पर अगर गदरपुर में कोई प्रदर्शनी लगती, तो उसमें शायद यह भी लिखा जाता **"यहां कार्यकर्ता तैयार किए जाते हैं, नेता बाहर से लाए जाते हैं।"**

गदरपुर यह कहना गलत होगा कि भाजपा संगठन कमजोर है। संगठन मजबूत है, कार्यकर्ता समर्पित हैं, लेकिन शायद भरोसे की कमी है। या फिर जीत की इतनी जल्दी है कि तपस्या का फल पकने से पहले ही बाजार से खरीद लिया जाता है। राजनीति के जानकार कहते हैं कि चुनाव जीतना जरूरी है, चाहे जिसके साथ भी, लेकिन कार्यकर्ता पूछ रहे हैं अगर वही कुर्सी हर बार पार्टी बदलकर आए लोगों को मिलेगी, तो हम सौ साल से क्या कर रहे हैं? गदरपुर की राजनीति आज एक दिलचस्प मोड़ पर है। संघ सौ साल का हो गया, भाजपा सत्ता में है, लेकिन स्थानीय कार्यकर्ता अब भी इंतजार में हैं उस दिन का, जब "बाहर से आया नेता" नहीं, बल्कि "अंदर से पला कार्यकर्ता" कुर्सी पर बैठेगा।

## कांग्रेस से जीत, भाजपा से टिकट की उम्मीद, गदरपुर में बढ़ा राजनीतिक पारा

### 2027 की बिसात बिछनी शुरूः क्या पुराने कार्यकर्ताओं का सब्र देगा जवाब?

**गदरपुर।** 2027 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट तेज होते ही गदरपुर की सियासत में एक और "गरम" एंट्री ने तापमान बढ़ा दिया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर जिला पंचायत चुनाव जीतने वाले कार्यकर्ता प्रतिनिधि कश्मीर कंबोज ने हाल ही में पाला बदलकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। चर्चा यह भी है कि उनकी नजर सीधे गदरपुर विधानसभा सीट पर है।

राजनीति में समय की नब्ज पकड़ना हुनर माना जाता है और कंबोज ने यह हुनर दिखाने में देर नहीं की। कल तक कांग्रेस के झंडे तले जीत का जश्न, आज भाजपा की रणनीति बैठकों में सक्रिय मौजूदगी। सवाल वही पुराना यह विचारधारा का बदलाव है या सीधा "टिकट ट्रांसफर मॉडल"? लेकिन असली हलचल अंदरखाने है। बरसों से भाजपा संगठन में जुड़े वे चेहरे, जो शाखा से लेकर शक्ति केंद्र तक की सीढ़ियां चढ़ते हुए खुद को 2027 का संभावित उम्मीदवार मानकर तैयारी कर रहे थे क्या वे इस सियासी पचड़ी को सहजता से हजम कर पाएंगे? जिन कार्यकर्ताओं ने हर चुनाव में पोस्टर लगाए, बूथ संभाले और पार्टी लाइन पर अडिग रहे, क्या वे फिर "जीताऊ चेहरा" के नाम पर किनारे लगने को तैयार होंगे?

गदरपुर में अब चर्चा सिर्फ कंबोज की एंट्री की नहीं, बल्कि संगठन की आंतरिक कसौटी की भी है। 2027 की जंग अभी दूर है, मगर टिकट की दौड़ ने अंदरूनी तापमान अभी से उबाल पर ला दिया है।

# पालिकाध्यक्ष जोशी ने चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने वार्ड नंबर 18 द्वारका कॉलोनी में चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनीं।



विगत लंबे समय से वार्ड की सड़कों में मिट्टी भरने की मांग का संज्ञान लेकर पालिकाध्यक्ष जोशी ने खकरा नाले की सफाई के दौरान निकली मिट्टी से लगभग 500 मीटर सड़कों का भरान कराया। आपको बता दें कि बरसात के समय में जल भराव के कारण लोगों का घरों से निकलना दुभर हो जाता था और काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसका समाधान पालिका अध्यक्ष जोशी ने किया तो इस मौके पर वार्ड वासियों ने उनको फूल माला पहनाकर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नानकमत्ता महिला मोर्चा की अध्यक्षा अनीता ज्याला, मनोज बाधवा अभिषेक गुप्ता, दीपक यादव, अर्पित कॉलोनी, शुभम पटवा, राहुल सक्सेना, मनोज प्रजापति, राजू प्रजापति चंद्रमा मौर्य तथा संदीप देवल आदि उपस्थित थे।

# ईस्टर इंडस्ट्रीज लि. चारुबेटा के आवासीय कालोनी में चोरी

- **सी-3/2 आवास से 10 हजार की नकदी सहित 31 ग्राम सोने की चेन व अंगूठी**
- **सी-5/4, बी-5/5, बी-3/1 आवासों के ताले टूटे, आवास स्वामी अवकाश पर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ईस्टर इंडस्ट्रीज लि चारुबेटा के आवासीय कॉलोनी में शनिवार रात्रि चार घरों में चोरी हुई है। घटना में हरि शरण शर्मा के आवास से 10 हजार की नकदी व 31 ग्राम सोने की जंजीर व अंगूठी चोरी हुई है। जबकि तीन अन्य छुट्टी पर अपने घर गए कर्मचारियों के आवासों के ताले टूटे पाए गए हैं। चोरी की घटना की सूचना सुत्तप्पा औरसंग सुरक्षा अधिकारी ने कोतवाली पुलिस को दी गई है।

ईस्टर कॉलोनी निवासी कर्मचारी हरि शरण शर्मा रात्रि पाली में 21 फरवरी को ड्यूटी के बाद सुबह अपने आवास संख्या सी- 3/2 पहुंचे तो घर के दरवाजे का ताला टूटा व घर का सामान इधर-उधर बिखरा था। चोरी की सूचना कारखाने के विभागाध्यक्ष नितिन कलंबारकर को दी गई। जिस पर सुरक्षा कर्मियों व कारखाना प्रबंधक एवं कालौनी वासियों ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कॉलोनी के तीन अन्य आशीष कुमार मकान नं. सी-5/4, अशोक कुमार मकान नं. बी 5/5 व उत्कर्ष मल्होत्रा मकान नंबर बी- 3/1 के ताले भी टूटे पाए गए। तीनों कर्मचारियों के अवकाश पर घर होने से चोरी गए सामान का पता नहीं चला।

प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र शाह ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के अनुसार मौके पर जाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। अवकाश पर घर गए कर्मचारियों के आने के बाद चोरी की घटना की सही जानकारी मिल सकेगी। जिस पर पुलिस तत्परता से कार्य करेगी।

# प्रीत विहार चोरी में हुई चोरी का खुलासा, शातिर चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कोतवाली रुद्रपुर की रम्पुरा चौकी पुलिस ने प्रीत विहार कॉलोनी में हुई लाखों की चोरी का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में चोरी के मामले में पांच वर्ष की जेल की सजा भी काट चुका है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी के जेवरात और नगदी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार, बीती 25 जनवरी को प्रीत विहार निवासी शैलेश तिवारी के बंद मकान से अज्ञात चोरों ने हजारों की नगदी और लाखों के जेवरात पार कर दिए थे। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना रम्पुरा चौकी प्रभारी कविंद्र शर्मा को सौंपी गई थी। एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि खुलासे के लिए पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। शनिवार शाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि संदिग्ध युवक मोदी मैदान में मौजूद है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पवन शर्मा पुत्र स्व. ओमप्रकाश शर्मा, निवासी रविंद्र नगर (ट्रांजिट कैंप) बताया। तलाशी और पूछताछ के दौरान उसने प्रीत विहार में चोरी की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के पास से



एक जोड़ी सोने की कान की बाली, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक पुराना कीपैड फोन और चोरी के पैसों से खरीदा गया एक नया पोको कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया। इसके अलावा चोरी का माल बेचकर जमा किए गए 84 हजार रुपये नकद भी बरामद हुए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार पवन शर्मा के खिलाफ पूर्व में चोरी और एनडीपीएस के कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी कवींद्र शर्मा, एएसआई नवीन जोशी और महेंद्र कुमार शामिल रहे।

# एएनटीएफ पर पथराव के तीन और आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की टीम पर जानलेवा हमला करने और पथराव करने के मामले में पुलिस ने तीन और शातिर हमलावरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई उस वक्त हुई जब पुलिस फरार आरोपियों के विरुद्ध कुर्की की तैयारी कर रही थी और न्यायालय के आदेश पर उनके घरों पर नोटिस चस्पा किए जा चुके थे।

मामला सुभाष कॉलोनी का है, जहां कुछ समय पूर्व एएनटीएफ की टीम नशा तस्कर कल्लू के घर स्मैक की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची थी। इस दौरान तस्करों और उनके समर्थकों ने पुलिस टीम को घेरकर उन पर भारी पथराव कर दिया था, जिसमें हेड कांस्टेबल भुवन पांडे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मौके से हसीना पत्नी इलियास को 64 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था, जबकि नाजिम, शाहरूख, इरशाद और सूरज समेत कई अन्य आरोपी फरार हो गए थे। लगातार दबिश के बावजूद गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने न्यायालय से धारा 82 के तहत उद्घोषणा जारी करवाई थी।

सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना और सटीक इनपुट के आधार पर पुलिस ने सुभाष कॉलोनी निवासी तीन आरोपियोंकृइरशाद उर्फ सद्दा उर्फ दाऊद, सूरज कुमार प्रजापति और शाहरूख को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ताकि गिरोह के अन्य फरार सदस्यों और तस्करी के नेटवर्क का पता लगाया जा सके। विवेचना अधिकारी एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि नशा तस्करों और पुलिस पर हमला करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी

# इधर-उधर कूड़ा पड़ने से लोग हुए परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम पुछड़ी क्षेत्र में स्थित डम्पिंग जोन में नगर पालिका परिषद रामनगर द्वारा ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी के आस-पास के 07-08 ग्रामों का कूड़ा डलवाना बन्द करने के कारण उक्त ग्रामों का कूड़ा सड़को पर इधर-उधर पड़ा रहने से चारों तरफ गंदगी हो रही है। इसी मामले को लेकर रामनगर ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम और नगर पालिका ईओ रामनगर को ज्ञापन सौंपा।





दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि पिछले लंबे समय से पुछड़ी में स्थित डम्पिंग जोन में कूड़ा वाहनों के द्वारा कूड़ा डाला जा रहा था, लेकिन कुछ दिनों से नगर पालिका प्रशासन ने कूड़ा वाहनों को कूड़ा डालने से मना कर दिया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में चारों ओर कूड़ा हो रहा है। कूड़े से चारों ओर बदबू आ रही है। यह समस्या दिन प्रतिदिन विकराल रूप ले रही है, जिससे क्षेत्र में कई प्रकार की बीमारियों फैलने की आशका है। जिस कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। जनहित में इस समस्या का समाधान होना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति ग्राम पुछड़ी में स्थित डम्पिंग जोन में आस- पास के ग्रामों का कूड़ा डलवाये जाने की अपील की गई है। वहीं एसडीएम ने नगर पालिका के अधिकारियों को फोन कर जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने को कहा है। वहीं दूसरी ओर नगर पालिका ईओ आलोक उनियाल ने बताया कि यह जमीन वन विभाग से नगर पालिका ने लीज पर ली है।

इस जमीन पर कूड़े डालने का अधिकार किसी और को नहीं है लेकिन फिर भी ग्राम पूछड़ी क्षेत्र के कूड़े का समाधान जल्द किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी,ग्राम प्रधान संगठन रामनगर अध्यक्ष नवीन सती,ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र की प्रधान हज्जन नरगिस, प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी,प्रधान सोनिया,प्रधान रचना रावत,प्रधान प्रकाश चंद्र मठपाल आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, उधम सिंह नगर**

पत्रांक:-823/ नामा. सूचना / 2025-26 दिनांक-23 2.2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-03 कमांक 105 पर मो. हुसैन पुत्र श्री रमजानी का नाम अंकित है. जिसका गृहकर 400 रू. वार्षिक है। इकरारनामा बिक्रीनामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में मोहम्मद नवी पुत्र श्री छोटे निवासी ग्राम पोस्ट नगलियां आकिल, अजीमनगर, रामपुर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है. जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वतः निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

## सीनियर सिटीजन्स की बैठक, संगठन की मजबूती एवं सदस्य बढ़ाने पर मंथन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सीनियर सिटिजन्स सोसायटी की मासिक बैठक में बड़ी संख्या में सीनियर सिटीजनों ने भाग लिया। बैठक में सोसायटी की मजबूती, सदस्य बढ़ाने एवं सोसायटी के रजिस्ट्रेशन के नवीनीकरण पर चर्चा हुई।

नगर पालिका सभागार में सोसायटी अध्यक्ष आईडी कोटिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में सीनियर सिटीजनों को सरकारी एवं अर्ध सरकारी कार्यालय में सुविधा उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। बैठक का संचालन करते हुए नरेश चन्द्र तिवारी महामंत्री ने समिति के उद्देश्य से अवगत कराया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आईडी कोटिया ने सदस्य बढ़ाने एवं रजिस्ट्रेशन के नवीनीकरण पर चर्चा की। पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र टंडन एवं भजनलाल गंगवार ने संगठन की मजबूती एवं मोहन चंद्र उपाध्याय, नारायण सिंह ऐरी, के सी जोशी, कैप्टन दीवानी चंदन ने समाज के वरिष्ठ नागरिकों को संगठन से जोड़ने को कहा वक्ताओं ने समिति के माध्यम से समाज में रचनात्मक कार्य संपन्न कराने का सुझाव दिया। बैठक में दीवान सिंह बोरा, दीवान सिंह राणा, केसी जोशी, बीडी वैश्य, संतोष कुमार अवस्थी, जुहेर अब्बास, रामचंद्र प्रजापति, ओमप्रकाश राणा, रमेश चंद्र अग्रवाल, नारायण सिंह छेत्री, यदुवीर सिंह तोमर, डीके जोशी आदि ने विचार रखे।

## वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** उच्च अधिकारियों के निर्देश के क्रम में वांछित अपराधियों के गिरफ्तारी के हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत सीओ खटीमा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त निसार खान पुत्र इसरार खान निवासी वार्ड नंबर 11 इस्लाम नगर को बाजार चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

उक्त अभियुक्त के खिलाफ बाजार चौकी में पूर्व में धारा 3(5),118(2), 352 बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें अभियुक्त वांछित चल रहा था। वहीं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को रविवार को न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायालय ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में कारागार हल्द्वानी निरूद्ध किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, कांस्टेबल दीपक कुमार तथा मोहन बोरा शामिल रहे।

## बेहड़ की टिप्पणी पर कोली समाज ने फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश कोली के खिलाफ किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा की गई कथित विवादित टिप्पणी का मामला गरमा गया है। इसके विरोध में सोमवार को रम्पुरा क्षेत्र में कोली समाज के दर्जनों लोगों ने प्रदर्शन करते हुए विधायक बेहड़ का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक द्वारा की गई टिप्पणी न केवल सुरेश कोली का व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि यह पूरे कोली समाज और दलित वर्ग का अपमान है। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी से विधायक की दलित विरोधी मानसिकता उजागर हो गई है, जिसे समाज किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि गलत भाषा का प्रयोग करने वालों को आने वाले समय में समाज एकजुट होकर करारा जवाब देगा।पुतला दहन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि पूरा कोली समाज सुरेश कोली के साथ मजबूती से खड़ा है। इस दौरान किशन कोली, सुनील कोली, विपिन कोली, धर्मेन्द्र कोली, सुदामा कोली, विनोद कोली, विजेन्द्र सागर, लालू कोली, राजेश कोली, सोनू कोली, शंकर कोली, राधेश्याम, नंदू राम कोली, प्रेम कोली, रोहित कोली, राहुल कोली, सोमपाल कोली और हरिओम कोली सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## वार्ड 13 में पाइप लाइन कार्य का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद नगर पालिका परिषद बाजपुर के अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने सोमवार को नगर के वार्ड नंबर 13 में नई पाइप लाइन बिछाने के कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। अध्यक्ष गित्ते ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराना पालिका की प्राथमिकता है। पाइप लाइन बिछने से वार्ड के लोगों को लंबे समय से चली आ रही जलापूर्ति की समस्या से राहत मिलेगी। कार्यक्रम में सभासद प्रतिनिधि सुनील सागर, उशांत सब्बरवाल सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थानीय निवासियों ने पाइप लाइन कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



## गांजे के साथ युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है।

कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा रामनगर में चेकिंग के दौरान विशाल सिंह पुत्र कुलवीर सिंह निवासी ग्राम थारी रामनगर को बिना नम्बर की बाइक पर कुल 9.846 किलो गांजा परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा अवैध गांजा अशोक त्यागी निवासी गुलरघट्टी से लेकर आना बताया। पुलिस टीम कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक बिष्ट, एसआई सोमेन्द्र सिंह, तालिब हुसैन, कांस्टेबल महबूब आलम शामिल रहे।

## मृत अवस्था में मिला मगरमच्छ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी रेंज के अन्तर्गत बिजरानी पश्चिमी बीट, मलानी ब्लॉक क्र.सं. 09 में अवस्थित नाकाताल वन क्षेत्र में बिजरानी रेंज की टीम द्वारा गश्त के दौरान एक मगरमच्छ मृत अवस्था में देखा गया। मृत मगरमच्छ के सभी अंग मौके पर सुरक्षित पाये गये। जिसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी गई। कार्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला द्वारा घटना स्थल का मौका मुआयना किया गया और उनके निर्देशानुसार मृत मगरमच्छ के शव को पोस्टमार्टम के लिए ढेला रेस्क्यू सेन्टर लाया गया। पशु चिकित्सा अधिकारियों के पैनल द्वारा उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में निर्धारित मानकों के अनुसार शव का पोस्टमार्टम किया गया। घटना स्थल के आस-पास सघन गश्त की जा रही है। मृत मगरमच्छ के विसरा परीक्षण के लिए सैम्पल लेकर उन्हें आईवीआरआई बरेली भेजा गया है। मृत मगरमच्छ की मृत्यु के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद चलेगा।



# जनसुनवाई में उमड़ी फरियादियों की भीड़

■ जिलाधिकारी ने दिए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाला जनसुनवाई दिवस जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। जनसुनवाई में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं।

जनसुनवाई के दौरान नगर निगम क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान, आपदा कार्यों हेतु बजट आवंटन, अतिक्रमण एवं अवैध खनन की जांच, पेयजल संकट, पेयजल लाइन संयोजन व क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों की मरम्मत, विद्यालयों की मरम्मत, काश्तकारों को भूमि मुआवजा दिलाए जाने, मंदिर मेला स्थल के सौंदर्यीकरण, पुलिया निर्माण, क्षतिग्रस्त पेयजल टैंक के पुनर्निर्माण, सुरक्षा दीवार निर्माण, पीएमजीएसवाई सड़क मार्ग में नाली निर्माण, बंदर व जंगली जानवरों से उत्पन्न समस्या सहित अन्य जनसमस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं।

जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। प्रमुख समस्याओं में वन पंचायत संगठन द्वारा ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए वन पंचायतों को आर्थिक सहायता एवं आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाने की मांग रखी गई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को प्रस्ताव तैयार कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1905 की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही समाचार पत्रों में प्रकाशित जनसमस्याओं से संबंधित खबरों की भी समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को तथ्यात्मक आख्या प्रस्तुत करने एवं आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एडीएम योगेन्द्र सिंह, एसडीएम सदर जितेन्द्र वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में तकनीकी करियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर (जनपद उधम सिंह नगर) की एससी/एसटी प्रकोष्ठ (SC-ST Cell) द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स सर्विस एंड ट्रेनिंग सेंटर (ESTC) के सहयोग से उभरते तकनीकी पाठ्यक्रमों एवं तकनीकी करियर काउंसलिंग विषय पर एक कार्यशाला का सोमवार को आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में इलेक्ट्रॉनिक्स सर्विस एंड ट्रेनिंग सेंटर से आए विशेषज्ञ प्रशांत धोंडियाल एवं सुमित बौराई ने विद्यार्थियों को विभिन्न तकनीकी प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों, उनके महत्व, रोजगार की संभावनाओं तथा स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि सेंटर द्वारा संचालित कई तकनीकी पाठ्यक्रम अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध हैं, जिससे विद्यार्थी तकनीकी कौशल प्राप्त कर अपने भविष्य को सशक्त बना सकते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. दीपक कुमार (छात्रवृत्ति प्रभारी) द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. ललित कुमार एवं श्री संदीप कुमार भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने विद्यार्थियों को इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. मनुहार आर्या ने इस उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के आयोजन हेतु इलेक्ट्रॉनिक्स सर्विस एंड ट्रेनिंग सेंटर का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

# नौकर ने उड़ाई ज्वैलर्स की दुकान से चांदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

सीसीटीवी ने खोली पोल

**रुद्रपुर।** मुख्य बाजार स्थित एक प्रतिष्ठित ज्वैलरी शॉप में काम करने वाले कर्मचारी द्वारा चांदी के जेवर चोरी करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद घर में बीमारी का बहाना बनाया और दुकान से रफूचक्कर हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद दुकान स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जे-जे- ज्वैलर्स के स्वामी हरदीप भल्ला ने बाजार चौकी पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी दुकान पर संजय नाम का युवक काम करता है, जो मूल रूप से सितारगंज का निवासी है। गत शनिवार, 14 फरवरी को दोपहर करीब 1:40 से 1:55 बजे के बीच आरोपी संजय ने दुकान से करीब 200 ग्राम वजन की एक चांदी की ब्रेसलेट और चेन चोरी कर ली। चोरी करने के बाद उसने अपनी भाभी के मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती होने का बहाना बनाया और दुकान से चला गया। दुकान स्वामी के अनुसार, संजय का चांदी के फ्लोर पर जाना प्रतिबंधित था, जिससे उन्हें उस पर शक हुआ। दुकान में भीड़ होने के कारण उस समय सामान की जांच नहीं हो सकी, लेकिन बाद में जब सामान अस्त-व्यस्त मिला तो सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। फुटेज में आरोपी कैमरे के 'ब्लाइंड स्पॉट' का फायदा उठाकर जेवरों को अपनी पैंट की बेल्ट के पास छिपाते हुए साफ नजर आया, ताकि वह मेटल डिटेक्टर की पकड़ में न आ सके। पीड़ित ज्वैलर ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने पहले भी इसी तरह चोरी की घटना को अंजाम दिया था, लेकिन उस समय पुख्ता सबूत न होने के कारण मामला सामने नहीं आ सका था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एएसआई संतोष कुमार द्वारा की जा रही है।

# डीएम ने किया टकाना आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई द्वारा आज टकाना आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, स्वच्छता व्यवस्था, पंजीकरण अभिलेखों एवं संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने बच्चों को दिए जा रहे पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री से बच्चों के टीकाकरण, वजन मापन एवं प्री-स्कूल गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान केंद्र परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं, अतः यहां किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# धूल के गुबार से ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

■ पानी छिड़काव के लिए रोका टैंकर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खटीमा से मझोला को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य कछुआ गति से चलने के कारण अब स्थानीय लोगों के सब्र का बांध टूट गया है। सड़क पर उड़ रही अत्यधिक धूल से परेशान ग्रामीणों और राहगीरों ने आज सड़क पर उतरकर अपना आक्रोश जताया और पानी का छिड़काव करने जा रहे वाटर टैंकर को रोककर विरोध प्रदर्शन किया। प्रेमप्रकाश पासी ग्राम प्रधान बरी अंजनिया का कहना है कि इस रोड पर उड़ती

धूल से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। लंबे समय से अधर में लटके इस मार्ग निर्माण की वजह से पूरे क्षेत्र में धूल का साम्राज्य है। उड़ती धूल के कारण सांस लेने में दिक्कत हो रही है और बच्चे व बुजुर्ग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। सड़क किनारे स्थित दुकानों में धूल जमने से व्यापारियों का भारी नुकसान हो रहा है। धूल के कारण विजिबिलिटी (दृश्यता) इतनी कम हो जाती है कि सामने से आ रहा वाहन दिखाई नहीं देता, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। वही वाटर टैंकर रोककर जताया विरोध। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदायी संस्था द्वारा धूल रोकने के लिए नियमित पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने मौके से गुजर रहे वाटर टैंकर को रोक लिया और मांग की कि जब तक निर्माण कार्य की गति तेज नहीं होती और नियमित छिड़काव सुनिश्चित नहीं किया जाता, उनका विरोध जारी रहेगा।

हम धूल फांकने को मजबूर हैं। न घर में चौन है न दुकान पर। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही धूल से निजात दिलाने के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए और निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई गई, तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। आक्रोश व्यक्त करने में प्रेम प्रकाश पासी ग्राम प्रधानबरी अंजनिया, सुरेंद्र प्रसाद,ओमप्रकाश सनी, चिल्लू, हरिंदर प्रसाद, सोनू, ओमप्रकाश प्रजापति, राजेश कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# हरि प्रसाद टमटा की पुण्यतिथि पर किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड के गांधी और सामाजिक समरसता के प्रतीक स्वर्गीय मुंशी हरि प्रसाद टमटा की पुण्यतिथि कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर गोष्ठी का आयोजन भी हुआ, जिसमे प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, दिनेश पंत, राहुल गांधी यूथ विग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष फरीद अहमद मंसूरी आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर गोपाल कृष्ण भसीन,सतीश कुमार, ज्योति टमटा, भूरी कोली, रेखा शर्मा, सचिन आनंद, कमल चुघ, क्षत्रपाल, नरेश कुमार, राधे श्याम बंसल, अरविंद सक्सेना, बाबू विश्वकर्मा,राकेश कोली, अशोक मंडल, मोहन भारद्वाज, बबलू सागर, अनिल हुडिया, सुभाष दिवाकर, अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।



# पुलिस ने चार वारंटी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर अजय गणपति द्वारा वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकारी बाजपुर के नेतृत्व कोतवाली जसपुर पुलिस टीम द्वारा न्यायालय से जारी आदेश/वारंट में वारण्टी अमन पुत्र सुरेश निवासी निजामगढ़ थाना जसपुर, जोगा सिंह पुत्र गुरमेज सिंह निवासी भोगपुर डाम थाना जसपुर,फहीम अहमद पुत्र मुन्ना निवासी राजपुर थाना जसपुर,जावेद पुत्र मो. शरीफ निवासी चांद मस्जिद थाना जसपुर को घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा रही है । पुलिस टीम में एसआई भोपाल राम पौरी, गोविंद सिंह मेहता, एसआई संतोष देवरानी, एचसी मनोज रावत, एसआई कुलदीप सिंह, का. जाकिर हुसैन, विक्रम सिंह, एचजी दीक्षित आदि शामिल रहे।



# शिक्षा निदेशक के साथ हुई अभद्रता के विरोध में मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राजकीय शिक्षक संघ के बैनर तले ब्लॉक खटीमा के शिक्षकों ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेज रायपुर विधायक एवं उनके समर्थकों के द्वारा प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौटियाल के साथ कार्यालय परिसर में अभद्र व्यवहार किए जाने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतिकूल बताते हुए घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने एवं भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचने हेतु शासकीय कार्यालय एवं विद्यालयों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर शासकीय अधिकारियों कार्मिकों एवं शिक्षकों की गरिमा की रक्षा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि शासन प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कठोर कार्यवाही करेगा। इस दौरान एजुकेशनल मिनिस्टर ऑफिशियल संगठन एवं शिक्षक संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

**पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स और हमसे जुड़े रहें।**

# अपनी हताशा से गुजर रही है भाजपा : अरविंद यादव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव ने बाजपुर स्थित सपा कार्यालय में सोमवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने भाजपा को "अवसर वादी पार्टी" बताते हुए कहा कि उत्तराखंड की जनता अब उसके झूठे वादों और नीतियों को समझ चुकी है।

प्रेसवार्ता के दौरान अरविंद यादव ने कहा कि उत्तराखंड में इंडिया गठबंधन की सक्रियता और मजबूती से भाजपा बौखला गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम कर रही है, जबकि प्रदेश की जनता बेरोजगारी, महंगाई और मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रही है।

उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को करारा जवाब देगी और बदलाव का रास्ता चुनेगी। सपा कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर सड़कों पर संघर्ष जारी रखेगी।

# इंडोनेशिया अंतर्राष्ट्रीय पैरा थ्रोबॉल टूर्नामेंट से लौटे डा. अकलीम का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** इंडोनेशिया अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रोबॉल टूर्नामेंट में बतौर कप्तान देश का प्रतिनिधित्व कर वापस लौटे उप जिला चिकित्सालय में कार्यरत डॉक्टर अकलीम का खटीमा में भव्य स्वागत किया गया। यह टूर्नामेंट 13 से 18 फरवरी तक जकार्ता इंडोनेशिया में आयोजित किया गया था। आपको बता दें कि इससे पूर्व डॉक्टर अकलीम श्रीलंका में आयोजित पैरा थ्रोबॉल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक जीत चुके हैं। वहीं खटीमा सेवा यूथ कैरेज ट्रस्ट द्वारा डॉ अकलीम अहमद का भव्य सम्मान किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष समीर वारसी, सचिव डॉ रहीस, राशिद अंसारी, सद्दाम रजा, फईम, तस्लीम तथा अमन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 27 फरवरी से शुरू होगी आस्था की महायात्रा: प्रशासन अलर्ट मोड में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** आगामी 27 फरवरी से प्रारम्भ होने वाली उत्तर भारत की सुप्रसिद्ध पूर्णागिरि धाम यात्रा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने यहां आने वाले श्रद्धालुओं का मेहमान की तरह स्वागत करने के लिए यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व तैयारियों का जायजा लेने के लिए पूर्णागिरि यात्रा मार्ग का पैदल एवं रात्रिकालीन स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत एवं आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्थाओं को गंभीरता से परखा और संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यात्रा मार्ग पर मुंडन करने वाले संचालकों के लिए अधिकतम शुल्क ₹150 निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि निर्धारित दर से अधिक वसूली पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जल निगम को निर्देश दिए गए कि यात्रा मार्ग, प्रमुख पड़ावों एवं शिविर स्थलों पर समुचित पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था समय से पूर्व सुनिश्चित की जाए। आवश्यकता पड़ने पर टैंकर एवं पाइपलाइन व्यवस्था को सक्रिय रखा जाए। जल संस्थान को पर्याप्त संख्या में अस्थायी व स्थायी शौचालय स्थापित कर उनकी नियमित सफाई एवं जलापूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। लोक निर्माण विभाग को यात्रा मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों पर टाइल्स एवं फर्श की मरम्मत शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# होली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** आगामी होली पर्व को देखते हुए खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, देहरादून के आयुक्त तथा जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को टनकपुर और बनबसा बाजार में सघन चेकिंग अभियान चलाया। त्योहारों के दौरान मिठाइयों और अन्य खाद्य सामग्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए टीम ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों और किराना स्टोरों का गहन निरीक्षण किया।

अभियान के दौरान विशेष रूप से नमकीन, मैदा, खोया, घी और मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच की गई। निरीक्षण में संदिग्ध पाए गए कुल पांच नमूने एकत्र कर जांच के लिए राजकीय लैब, रुद्रपुर भेज दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने व्यापारियों को निर्देशित किया कि वे केवल मानक एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री ही विक्रय करें। एक्सपायरी डेट वाली वस्तुओं को तुरंत स्टॉक से हटाने के निर्देश भी दिए गए। विभाग ने साफ चेतावनी दी कि जनता के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभियान दल में अभिहित अधिकारी संजय सिंह, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगिता तिवारी तथा सहायक दिनेश फर्त्याल प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में नेहा दिवाकर ने जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** राजधानी देहरादून में उत्तराखंड पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित डेडलिफ्ट एवं पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 63 किलोग्राम भार वर्ग में बाजपुर निवासी नेहा दिवाकर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें प्रतियोगिता में 'स्ट्रॉन्ग वुमन' के प्रतिष्ठित खिताब से भी सम्मानित किया गया। नेहा दिवाकर की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से बाजपुर क्षेत्र में खुशी की लहर है। खेल प्रेमियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी सफलता ने न केवल बाजपुर बल्कि पूरे उत्तराखंड का नाम भी रोशन किया है।



















# निशुल्क चिकित्सा शिविरों की शुरुआत 28 फरवरी से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय में निशुल्क चिकित्सा शिविरों की श्रृंखला विधिवत प्रारंभ हो गई है। क्षेत्र में नाक, कान और गला (ईएनटी) से संबंधित रोगियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चिकित्सालय प्रबंधन ने दो दिवसीय विशेष निशुल्क ईएनटी शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है।

आश्रम के अध्यक्ष स्वामी शुद्धानंद महाराज ने बताया कि वर्ष 2026 के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविरों की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली गई है। पूरे वर्ष विभिन्न रोगों के उपचार हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष इंग्लैंड से भी विशेषज्ञ चिकित्सक यहां आकर अपनी सेवाएं देंगे, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा तथा उन्हें नया आरोग्य जीवन प्राप्त होगा।

# पुलिस आपके द्वार जागरुकता अभियान में बच्चों को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पुलिस द्वारा क्षेत्र के विद्यालयों में अपराधों के विषय पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । जिसमें बच्चों को अपराध के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जसपुर पुलिस टीम द्वारा पीएम श्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआ डाबरा पहुंच छात्र-छात्राओं को अपराध के प्रति जागरूक किया गया।



प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखण्ड के आदेशानुसार, 'पुलिस आपके द्वार विशेष जागरूकता अभियान' के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक काशीपुर व पुलिस क्षेत्राधिकारी काशीपुर के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक जसपुर के निर्देशन में कोतवाली जसपुर पुलिस द्वारा नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआ डाबरा में छात्र-छात्राओं को बढ़ते महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध, बाल विवाह, बच्चों से संबंधित अपराध ,नशे के सम्बन्ध में व यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया गया। गौरा शक्ति एप और सभी टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई। तथा विद्यालय में शिकायत पेटिका लगवाई गई। पुलिस टीम में म.उप. रुचिका, म.का. सीमा आदि शामिल रही।

# 'ड्रग फ्री देवभूमि' को बड़ी कामयाबी

## पुलिस ने 121 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नशे के खिलाफ अभियान में नैनीताल पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है। इसी क्रम में जिले की बनभूलपुरा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने 121 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

सोमवार को पुलिस लाइन नैनीताल में पत्रकार वार्ता कर पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि रविवार को एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल एवं सीओ हल्द्वानी अमित कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गौला बाईपास रोड के पास एक



संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 121 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मोहम्मद उमर निवासी अजीज गती थाना बहेड़ी (जिला बरेली) यूपी के रूप में हुई है जो वर्तमान में टांडा शेखपुरा में रह रहा था। आरोपी के खिलाफ कोतवाली बनभूलपुरा में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई को सफल बनाने वाली टीम में एसआई मनोज यादव, कांस्टेबल दिलशाद अहमद, भूपेंद्र जेष्ठा तथा अरुण राठौर शामिल रहे।

पुलिस कप्तान ने कहा कि नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत अन्य क्षेत्रों में भी पुलिस को बड़ी सफलताएं मिली हैं। रामनगर में पुलिस ने 9.84 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया जबकि लालकुआं क्षेत्र में 7.68 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगी। नैनीताल पुलिस का संकल्प जिले को पूरी तरह नशामुक्त बनाने का है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# नैनीताल में विकसित भारत युवा संसद कल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मेरा युवा भारत नैनीताल (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वय से विकसित भारत युवा संसद का आयोजन 25 फरवरी को प्रातः 11 बजे से सेमिनार हॉल, कुविवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में किया जा रहा है। मेरा युवा भारत नैनीताल की उप निदेशक डौल्वी तेवतिया ने बताया कि इस जिला स्तरीय कार्यक्रम का मकसद युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों समेत संसदीय परंपराओं एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष युवा संसद का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख निर्धारित किया गया है। तेवतिया के मुताबिक प्रतिभागियों को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए 3 मिनट का समय दिया जाएगा। इसमें 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा (10 सितंबर 2025 तक) भाग लेने के पात्र होंगे। इच्छुक युवा निर्धारित तिथि को सीधे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर सहभागिता कर सकते हैं। विकसित भारत युवा संसद 2026 युवाओं को अपने विचार व्यक्त करने, समसामयिक राष्ट्रीय मुद्दों पर संवाद करने तथा नेतृत्व एवं वक्तत्व कौशल विकसित करने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। इस जिला स्तरीय आयोजन में प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर 10 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तर के लिए किया जाएगा। इसके पश्चात प्रत्येक राज्य से 3 श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर का विकसित भारत युवा संसद 2026 संसद नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा जो चयनित युवाओं के लिए गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक अवसर होगा। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक सभी युवाओं से अनुरोध कर अपील की है कि वे 25 फरवरी को एक पासपोर्ट साइज फोटो एवं पहचान पत्र की फोटोप्रति साथ लाकर सहभागिता सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### मेधावी छात्र कौशल नौ सैनिक के रूप में चयनित

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने बताया कि विद्यालय के मेधावी छात्र कौशल चंद्र विश्वकर्मा पुत्र नरेश कुमार का भारतीय नौसेना में नौ सैनिक के रूप चयन से विद्यालय परिवार ओर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य मेहता के मुताबिक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से ताल्लुक रखने वाले कौशल चंद्र विश्वकर्मा ने कठोर परिश्रम व लगन से यह मुकाम हासिल हो पाया है। कौशल की प्रारंभिक पढ़ाई भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल से हुई और विद्यालय के शिक्षकों द्वारा उन्हें पूरा सहयोग किया गया और उन्होंने विद्यालय से नेवल एनसीसी कैडेट्स होने का भी गौरव प्राप्त किया। वर्तमान में वह नगर के स्टफ हाउस क्षेत्र में रहते हैं और इसके अलावा हॉकी और फुटबाल में भी ये नेशनल खेल चुके हैं। कौशल चंद्र विश्वकर्मा का पैतृक गांव जनपद चंपावत जिले में स्थित है। दूसरी ओर भारतीय नौ सेना में चयन से पूरे गांव में हर्ष और गर्व का माहौल है,चयन पर कौशल को ग्रामवासी और क्षेत्रवासी बधाइयां दे रहे हैं। भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के मैनेजर ज्योति प्रकाश समेत कालेज परिवार ने कौशल के चयन पर खुशी जाहिर की है।

### हाईकोर्ट ने विकास ढाका का मामला किया निस्तारित

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय में हल्द्वानी में क्रिकेट लीग के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में मुखय आरोपी विकास ढाका की पुलिस द्वारा नियम विरुद्ध की गई गिरफ्तारी को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने उनकी अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र व गिरफ्तारी पर से रोक लगाए जाने के मामले पर सुनवाई के बाद उनकी याचिकाओं को निस्तारित कर दी कयोंकि विकास को निचली अदालत से पहले ही जमानत मिल चुकी है। बता दें पूर्व में हुई सुनवाई पर कोर्ट ने उनके अधिवक्ता से कह था कि गिरफ्तारी की रिमांड शीट की प्रति कोर्ट में दाखिल करें, इससे पहले भी कोर्ट ने रिमांड शीट प्रस्तुत करने को कहा था लेकिन जो कोर्ट में प्रस्तुत नही की गई। सोमवार को हुई सुनवाई पर उनके अधिवक्ता की तरफ से कोर्ट में कहा गया कि याचिकाकर्ता की जमानत निचली अदालत से हो चुकी है।

### डीडीए का शिविर आज भीमताल में

**नैनीताल।** जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण नैनीताल द्वारा नैनीताल, भीमताल तथा भवाली एवं मुक्तेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत प्राप्त होने वाले भवन मानचित्रों की स्वीकृति के लिए मंगलवार (आज) प्रात 11 बजे से विकास भवन सभागार भीमताल में एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। बता दें शिविर में प्रस्तुत भवन मानचित्रों का स्थल पर ही परीक्षण कर त्वरित निस्तारण करते हुए स्वीकृति प्रदान की जाएगी। मानचित्र स्वीकृति के दौरान विभिन्न विभागों से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र की जरूरत को देखते हुए संबंधित विभागों को भी आमंत्रित किया गया है। संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर ही अनापत्ति जारी कर प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाएंगे। प्राधिकरण प्रबंधन ने क्षेत्र के भवन स्वामियों, वास्तुविदों एवं संबंधित आवेदकों से निर्धारित तिथि पर आवश्यक अभिलेखों सहित उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### रेस्टोरेंट, होटल व ढाबा के कर्मियों की जांच

**नैनीताल।** अब रेस्टोरेंट, होटल तथा ढाबों में काम करने वाले कर्मचारियों को सत्यापन के साथ उनके संक्रमित न होने की मेडिकल रिपोर्ट भी साथ रखनी होगी। मेडिकल रिपोर्ट नहीं होने पर संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान साफ सफाई के अलावा होटलों और ढाबों के कर्मचारियों की मेडिकल रिपोर्ट भी देखी जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि नियमों के अनुसार अब रेस्टोरेंट, ढाबों व होटल स्वामियों या संचालकों को वहां काम करने वाले कर्मचारियों की मेडिकल रिपोर्ट भी साथ रखनी होगी। इसमें कर्मचारी को किसी भी प्रकार के संक्रमण के न होने की पुष्टि डाक्टर ने की हो। बताया कि मेडिकल रिपोर्ट नहीं मिलने पर संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि होली से पहले चैकिंग अभियान चलाया जाएगा। इससे पहले सभी रेस्टोरेंट, ढाबे व होटल संचालक कर्मचारियों की मेडिकल रिपोर्ट बनाकर अपने पास रखें।

### कर्मचारी लैपटॉप व सामान लेकर फरार

**नैनीताल।** गिन्नीखेड़ा स्थित कोल्ड ब्रिज एयर कोन फर्म का एक कर्मचारी लगभग 3.5 लाख रुपये का लैपटॉप और अन्य सामान लेकर फरार हो गया है। फर्म स्वामी सर्वजीत सिंह ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। नैनीताल कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में सर्वजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने 24 जनवरी 2026 को मो. शकीब अनवर नाम के युवक को काम पर रखा था। शकीब को नैनीताल के कार्यस्थल पर भेजा गया था। चार दिन पहले ही उसे 75 हजार रुपये का एक नया लैपटॉप भी दिया गया था। रविवार रात तक शकीब से फोन पर बात हुई लेकिन सोमवार सुबह से वह नैनीताल से गायब है। फर्म मालिक के अनुसार शकीब लैपटॉप सहित कुल 3.5 लाख रुपये का सामान लेकर फरार हुआ है। फरार हुए कर्मचारी ने विभिन्न स्थानों से भी सामान चुराया है, वहीं गुरविंदर सिंह वैशाली कॉलोनी काशीपुर स्थित जगह से लगभग 1.5 लाख रुपये का कॉपर तार गायब है। ईसी ग्रीन रिसॉर्ट के कार्यस्थल से 55 हजार रुपये का कॉपर और अन्य सामग्री चोरी हुई है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामला काशीपुर का है लेकिन शिकायत कर्ता की शिकायत के आधार पर मामले में जांच की जा रही है।

# बनभूलपुरा बनाम रेलवे मामले की सुनवाई आज

## शांति व्यवस्था के लिए पुलिस का फ्लैगमार्च



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुप्रीम कोर्ट में बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले की सुनवाई से पहले नैनीताल पुलिस ने बनभूलपुरा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर शांति एवं सुरक्षा का संदेश दिया। पुलिस ने क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही करते हुए एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात किया है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि शांति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी प्रबंध सुनिश्चित किए जाए।

बता दें कि बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले की मंगलवार को होने वाली सुनवाई को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल, फायर यूनिट, टियर गैस दस्ता, ड्रोन यूनिट और पीएसी की तैनाती की है। क्षेत्र में लगातार एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस चप्पे-चप्पे पर सघन चेकिंग कर रही है, जबकि संदिग्धों के विरुद्ध प्रीवेंटिव डिटेंशन की कार्रवाई भी जारी है। लोकल पहचान पत्र न होने पर कोर क्षेत्र में प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। कानून व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। पुलिस ने रेलवे स्टेशन, लाइन नंबर-17, इंदिरानगर बड़ी रोड, मुजाहिद चौक, गोपाल मंदिर, ठोकर, शनि बाजार रोड, छोटी रोड इंदिरानगर, ताज मस्जिद, 16 नंबर तिराहा, गांधी नगर, लाइन नंबर-8, चोरगलिया रोड, ताज चौराहा, भारद्वाज चौराहा, रेलवे स्टेशन गेट सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल ने किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल, थाना पुलिस बल, पीएसी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। एसएसपी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करें और आगामी कार्रवाई में शासन-प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखें, अफवाहों से बचें, किसी भी प्रकार की भ्रामक बयानबाजी न करें। पुलिस जनपद में फील्ड के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी सतर्क निगरानी रखे हुए है।

# दस दिन में निर्णय लें देहरादून एसएसपी

## देहरादून में अवैध ई-रिक्शा संचालन के मामले पर हाई कोर्ट में सुनवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून शहर में अवैध रूप से चल रहे ई-रिक्शा के मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ती राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने एसएसपी देहरादून से कहा है कि ई-रिक्शा संचालकों के मामले में 10 दिन के भीतर उनकी समस्याओं का निराकरण कर निर्णय लें। साथ में कोर्ट ने याचिका को जनहित का रूप देते हुए इस मामले मे अधिवक्ता दुष्यन्त मैनाली को न्यायमित्र नियुक्त कर दिया है। बता दें सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान न्यायमित्र की तरफ से कोर्ट के संज्ञान मे लाया गया कि राज्य में आये दिन लोग जाम से परेशान है। पार्किंग होने के बाद भी लोग निर्धारित पार्को में अपने वाहनों को पार्क नहीं कर रहे हैं। उनके द्वारा कोर्ट के सामने दुबई जैसे देश का उदाहरण देने के साथ साथ राज्य कि परिवहन निगम की नियमावली एंव यातायात पुलिस की नियमावली तथा कुछ समाचार पत्रों मे छपी खबर से सबंधित रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गयी जिसमें कहा गया कि प्रदेश के शहरों को कैसे जाम मुक्त किया जा सकता। इसके लिए बनाए गए नियमों का कड़ाई से अनुपालन व जागरूकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है। वहीं सुनवाई के दौरान दून ई- रिकसा की तरफ से कहा गया कि एसएसपी के द्वारा एक निर्णय लेकर उनके संचालन के समय को प्रतिबंधित कर दिया गया है जबकि अन्य वाहनों पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है जिसकी वजह से ई रिक्शा संचालकों के ऊपर रोजी रोटी का खतरा उत्पन्न हो गया है जो समय उनके संचालन के लिए तय किया है उस वक्त उन्हें सवारियां नहीं मिल पा रही हैं इसलिए इस आदेश पर रोक लगाई जाए।

### मातृ सदन हरिद्वार को दो हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हरिद्वार में रायवाला से भोगपुर व कुंभ मेला क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे हो रहे अवैध खनन के खिलाफ मातृ सदन हरिद्वार की जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायधीश न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खण्डपीठ ने मातृ सदन से कहा है कि जिन 34 स्टोन क्रेशरों ने अपने भंडारण से माल बेचने व मशीन बेचने की गुहार प्रार्थना पत्र देकर लगाई है उस पर आपको कुछ कहना है तो दो सप्ताह के भीतर अपना उत्तर दें। दरअसल पूर्व में उच्च न्यायलय ने एक आदेश पारित कर हरिद्वार में कई स्टोन क्रेशरों को बंद करने के आदेश जारी किए थे। इस आदेश के खिलाफ 34 स्टोन क्रशर मालिक एसएलपी दायर करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय गए लेकिन वहां उनको कोई राहत नहीं मिली। उच्च न्यायालय के इस आदेश को संशोधित करने के लिए उनके द्वारा संसोधन प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें कहा गया कि वे स्टोन क्रशर चलाना नहीं चाहते हैं। अब उनके भंडारण में बची सामग्री व मशीनों को सेल करना चाहते हैं। इसका विरोध करते हुए मातृ सदन की तरफ से कहा गया कि जो इनके द्वारा पर्यावरण की क्षति की गई है उसकी भरपाई इनकी आकशन होने वाली सामग्री से जाय जिसपर कोर्ट ने मातृ सदन से कहा कि के इसमे दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब पेश करें। मामले की कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु 12 मार्च की तिथि नियत की है।

### हाईकोर्ट ने किया निचली अदालत का आदेश रद्द

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अपनी पत्नी को आत्महत्या के उकसाने के आरोप में सत्र न्यायालय उधमसिंहनगर द्वारा दोषी ठहराए गए व्यक्ति को दोषमुक्त करार दिया है और निचली अदालत का आदेश रद्द कर दिया है। बता दें यह मामला वर्ष 2011 से विचाराधीन था। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में हुई। मामले के अनुसार अपीलकर्ता सुनील दत्त पाठक ने सत्र न्यायाधीश उधम सिंह नगर के 30 अगस्त 2011 के उस निर्णय को चुनौती दी थी जिसमें उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत दोषी ठहराते हुए सात वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। 15 सितंबर 2004 को खटीमा क्षेत्र में स्थित वैवाहिक घर में सुनील दत्त पाठक की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। ट्रायल कोर्ट ने दहेज हत्या और क्रूरता के आरोपों से उसे बरी कर दिया था लेकिन पत्नी के चरित्र पर संदेह और मानसिक प्रताड़ना को आधार बनाते हुए धारा 306 के तहत दोषसिद्धि कर दी थी लेकिन उच्च न्यायालय ने साक्ष्यों का परीक्षण करते हुए पाया कि अभियोजन के गवाहों के बयान सामान्य और व्यापक प्रकृति के थे तथा आत्महत्या से ठीक पहले किसी विशेष उकसावे या प्रत्यक्ष कृत्य का प्रमाण रिकॉर्ड पर नहीं है।

### अवैध निर्माण पर कार्रवाई जारी रखने का आदेश

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के राजेंद्र नगर कालोनी में सार्वजनिक पार्क और ग्रीन बेल्ट की भूमि पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन को नियमानुसार कार्रवाई जारी रखने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने यह आदेश उस जनहित याचिका के निस्तारण के दौरान दिया, जिसमें राजेंद्र नगर रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी ने सार्वजनिक भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप लगाया था। कोर्ट ने नगर आयुक्त और थाना प्रभारी को मौके का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे और कहा था कि यदि अतिक्रमण पाया जाता है, तो निर्माण कार्य तुरंत रुकवाया जाए। संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट में एमडीडीए ने पहले ही अवैध निर्माण को सील कर दिया था। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस मामले का असर संबंधित सिविल सूट पर नहीं पड़ेगा और एमडीडीए को अपनी कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया।

# होली जुलूस के साथ फागोत्सव का आगाज़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा की ओर से सोमवार को दस दिनी 30वें फागोत्सव-2026 का आगाज हो गया। फागोत्सव के शुभारंभ के विशेष मौके पर तल्लीताल धर्मशाला से होली जुलूस निकाला गया, जिसमें महिला होलियारों तथा बाल कलाकारों ने प्रतिभाग लिया। जुलूस तल्लीताल बाजार, माल रोड, खड़ी बाजार, बड़ा बाजार मल्लीताल होते हुए श्री राम सेवक सभा भवन के प्रांगण में पहुंचा। उसके बाद सभी महिला होलियारों की टीमों द्वारा अपनी होली का मंचन किया गया, जिसमें मधुबन महिला होली टीम हल्द्वानी, जय ईष्ट देव होली ग्रुप जज फार्म हल्द्वानी, अमरावती कालोनी बमोरी हल्द्वानी, पार्वती संस्कृतिक कला मंच हल्द्वानी, प्रगति महिला होली दल लालडांठ हल्द्वानी, नई सोच-नई उमंग हल्द्वानी, आल इंडिया वूमन कान्फ्रेंस भवाली, मां नन्दा सुनंदा होली समिति भवाली, जीवन वर्षा कला संगम समिति मेहरागांव शामिल रही। इससे पूर्व अतिथियों विधायक सरिता आर्या, नगर पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, दर्जा



मंत्री शांति मेहरा तथा श्री रामसेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह ने संयुक्त रूप दीप जलाकर फागोत्सव 2026 का शुभारंभ किया। होली जुलूस के स्वांग में प्रथम स्थान मां नन्दा-सुनंदा होली समिति भवाली, द्वितीय स्थान प्रगति महिला होली दल लालडांठ हल्द्वानी, तृतीय स्थान नैनी महिला जागृति समिति नैनीताल रही। होली जुलूस के स्वागत में तल्लीताल व्यापार मण्डल का विशेष सहयोग रहा जिसमें अध्यक्ष मारुति नन्दन साह, जयंत उप्रेती, ममता जोशी, नासिर खान, विक्रम राठौड़ व आयुष भंडारी प्रमुख रूप से रहे। फागोत्सव के उद्घाटन मौके पर में श्री राम सेवक सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी, प्रबंधक विमल चौधरी, उपाध्यक्ष अशोक शाह, पूर्व महासचिव राजेंद्र लाल साह, सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी मंटू, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रोहिताश शर्मा, राम सेवक सभा के सदस्य मोहित लाल साह, कैलाश बोरा, गिरीश भट्ट, भुवन बिष्ट, मिथिलेश पांडे, ललित साह, गिरीश जोशी, हीरा सिंह रावत, गोधन सिंह बिष्ट, हरीश सिंह राणा, रंजीत शर्मा, आनंद सिंह बिष्ट, गोविंद सिंह, बिमल साह कोषाध्यक्ष, अमिता साह, आभा शाह, जीवंती भट्ट, खष्टी बिष्ट, ज्योति ढौंडियाल, मुन्नी तिवारी, प्रीति डंगवाल, भारती साह, सुमन शाह, पुष्पा बवाड़ी, दीपा चौधरी, कलावती असवाल तथा रेखा जोशी आदि होल्यार उपस्थित रहे।

## कूटा ने पांडेय के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने पंतनगर विवि से अवकाश प्राप्त स्टेटिस्टिकस आफिसर सुरेश चंद्र पांडेय (69) के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। कूटा के मुताबिक सुरेश चंद्र पांडेय का हल्द्वानी में रविवार को पंचक्की चौराहा दोनहरियां में दुर्घटना में निधन हो गया था। सोमवार को रानीबाग में उनका अंतिम संस्कार किया गया। सुरेश चंद्र पांडे की दो बेटियां हैं एक इंजीनियर तथा दूसरी क्वालिटी कंट्रोल विभाग में अधिकारी हैं। मंगलवार को उनकी दोनों बेटियों परंपरा से इतर अपने पिता को मुखाग्नि थी। आतिशी पांडे और काव्या पांडे ने पिंड दान सहित पूर्ण अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूर्ण की। कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, पूर्व निदेशक डा. जगदीश दुर्गापाल सहित एलुमनी सेल डा. बीएस कालाकोटी, डा. एसएस सामंत, ज्योति कांडपाल तथा डा. मीणा पांडे ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# खुर्पाताल में विराट हिन्दू सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** श्रीराम हिन्दू सेवा समिति के तत्वाधान में नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के न्याय पंचायत खुर्पाताल के क्षेत्र मंगोली के श्रीरामलीला मैदान में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि स्वामी सच्चिदानन्द महाराज समेत नमिता सुयाल ज्योतिषाचार्या तथा डा. हेम पाण्डे संघ चालक जिला नैनीताल तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला पंचायत उपाध्यक्षा देवकी बिष्ट मंच में मौजूद रहे। इस दौरान धर्म, संस्कृति और आस्था का भव्य संगम देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और आस्था का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई जिसमें नैनीताल विधायक सरिता आर्या शामिल हुई। क्षेत्र की महिलाशक्ति ने मंदिर से कलश यात्रा का आरंभ किया। भक्ति गीतों और जयकारों के बीच महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में नगर के मुखय मार्गो से होते हुए श्रीरामलीला मैदान मंगोली तक भव्य कलश यात्रा निकाली। इसके उपरांत कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ हुआ। डा. हेम पाण्डे ने अपने संबोधन में



हिन्दू एकता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षो के गौरवशाली सफर को लेकर अपने वक्तव्य प्रस्तुत की। कार्यक्रम में शामिल अतिथि नमिता सुयाल ने क्षेत्र की महिला शक्ति की तारीफ करते हुए उनका अभिनंदन किया कि किस तरह समस्त महिला शक्ति ने आधुनिकता के साथ अपनी परंपराओं को भी सम्मान दिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी श्री सच्चिदानंद जी महाराज द्वारा हिन्दू संस्कृति और सांस्कृतिक धरोहर पर बात करते हुए हिन्दू एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला पंचायत उपाध्यक्षा देवकी बिष्ट ने अतिथियों एवं समस्त क्षेत्रवासियों का अभिवादन व्यक्त किया। इससे पहले कार्यक्रम में आये अथितियों का स्वागत कार्यक्रम हुआ जिसमें गहलना ग्राम प्रधान कीर्ति आर्या द्वारा हस्तनिर्मित ऐपण और कुमाऊंनी संस्कृति पर आधारित चलचित्र स्मृति चिन्ह् के रूप में अतिथियों को दी गई। इस दौरान कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्या समेत हेम चंद्र आर्या, प्रकाश आर्या, मोहित साह, श्रीराम हिन्दू सेवा समिति के अध्यक्ष गणेश सिंह मेहरा, कुन्दन सिंह अधिकारी, हेमन्त कनवाल, दीपक कनवाल मौजूद रहे। संचालन दीवान सिंह मेवाड़ी ने किया।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड बागेश्वर

पत्रांक: 732/ल0सिं0नि0सू0/2025-26

दिनांक: 21 फरवरी 2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदा वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 7.03.2026 के अपरान्ह 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड बागेश्वर के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 6.03.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पंजीकरण के प्रमाण पत्रों की सत्य प्रतिलिपि के साथ निविदा प्रपत्र दिनांक 6.03.2026 को खण्डीय कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। किसी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकर अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। निविदा क्रय के समय जी0एस0टी0 नम्बर चालू होना, जी0एस0टी0 अदेयता पत्र दिखाया जाना तथा निविदा क्रय हेतु प्रत्येक योजना की अलग-2 धरोहर धनराशि दिखाया जाना अनिवार्य है एवं निविदाकर्ता के पास एक सोलर पम्प लिफ्ट सिंचाई योजना का अनुभव प्रमाण पत्र होना आवश्यक है अन्यथा निविदा विक्रय नहीं किया जाएगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | दरों की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सोलर पम्प लिफ्ट सिंचाई योजना निर्माण कार्य गिमाई | 29900.00 | 1000 + 18%GST | 30 दिन | 90 दिन | ई0 एवं उच्च |
| 2 | सोलर पम्प लिफ्ट सिंचाई योजना निर्माण कार्य धारगारा | 30900.00 | 1000 + 18%GST | 30 दिन | 90 दिन | ई0 एवं उच्च |

**निविदा संबंधी अन्य शर्तें कार्यालय में देखी जा सकती हैं।**

**अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड बागेश्वर**


## हाईकोर्ट में चला सघन चेकिंग अभियान

**नैनीताल।** जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजुनाथ टीसी के निर्देशन में सोमवार को एसपी डा. जगदीश चंद्र के पर्यवेक्षण में राकेश बिष्ट मुख्य सुरक्षा अधिकारी उच्च न्यायालय उत्तराखंड नैनीताल तथा प्रभारी निरीक्षक मल्लीताल व बीडीएस तथा डॉग स्क्वाड समेत पुलिस टीमों द्वारा उच्च न्यायालय उत्तराखंड नैनीताल में सघन चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान परिसर में आवागमन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर पैनी नजर रखी गयी। इस मौके पर पर पुलिस कप्तान ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कार्मिकों को पुख्ता सुरक्षा प्रबंध करने के सख्त निर्देश दिए गए। अभियान के तहतसभी प्रवेश गेट तथा बरियरों पर पुलिस व्यवस्था का आंकलन किया गया,उच्च न्यायालय में प्रत्येक गेटों से प्रवेश करने वाले व्यक्तियों व न्यायालय के अधिवक्ता, लिटिगेंट, अधिकारी व कार्मिकों हेतु श्रेणीवार व्यवस्थाओं को बनाने के निर्देश दिए। उच्च न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ करने के लिए सुरक्षा ऑडिट टीम को एक उच्चीकृत सिक्योरिटी स्कीम को तैयारी करने के निर्देश दिए जिसे उच्चाधिकारियों, शासन को प्रेषित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। एक प्रभावी सीसीटीवी ग्रिड तैयार कर कैमरों का व्यवस्थापन किया जाय। उच्च न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस बल, वायरलेस, चौकी, फायर टीमों की नफरी का भी आंकलन किया गया। सुरक्षा ऑडिट कॉमिटी को एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डा. जगदीश चन्द्र एसपी नैनीताल, रेवाधर मठपाल एसपी संचार, राकेश बिष्ट मुख्य सुरक्षा अधिकारी उच्च न्यायालय, सुमित पांडे सीओ रामनगर, गौरव किरार मुख्य अग्निशमन अधिकारी नैनीताल, हेम चंद्र पंत प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी, ज्ञानेंद्र शर्मा निरीक्षक अभिसूचना, हरकेश सिंह प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, राजकुमार बिष्ट निरीक्षक पुलिस दूर संचार, निधि राणा निरीक्षक अभिसूचना उच्च न्यायालय तथा कंपनी कमांडर पीएसी समेत अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मी मौजूद रहे।

टी-20 विश्व कप : सुपर आठ में जोरदार भिड़ंत के आसार

# इंग्लैंड-पाक के बीच मुकाबला आज



- **अपने पिछले सुपर-8 मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद इस मैच में मजबूत लय के साथ उतरेगा इंग्लैंड**
- **पाक की ताकत उनका स्पिन गेंदबाजी आक्रमण है, इसी में उनके गेंदबाजों ने टूर्नामेंट में अधिकतर विकेट लिए हैं**

**पल्लेकेले, श्रीलंका।** इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी की सोच और धीमी पिच पर पाकिस्तान की स्पिन गेंदबाजी ताकत के बीच मंगलवार को टी-20 विश्वकप 2026 के सुपर आठ में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होगा। पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कल इंग्लैंड अपने पिछले सुपर 8 मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद इस मुकाबले में मजबूत लय के साथ उतरेगा। उनकी बल्लेबाजी फिलिप सॉल्ट और जोस बटलर जैसे खिलाड़ियों के माध्यम से पावरप्ले में तेजी से रन बनाने पर बनी है, जबकि जैकब बेथेल पांच मैचों में 133 के स्ट्राइक रेट से 146 रन बनाकर टीम के लिए सबसे लगातार रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। हैरी ब्रूक और बेथेल से बीच के ओवरों में स्थिरता की उम्मीद है, जबकि डेथ ओवरों में सैम करण और विल जैक्स पर दारोमदार होगा। इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण भी शानदार रहा है, खासकर उनके पिछले मैच में जहां स्पिनरों ने इसी मैदान पर दस में से सात विकेट लिए थे। जोफ्रा आर्चर के पेस वेरिएशन और आदिल राशिद के स्पिन कंट्रोल से पाकिस्तान की बल्लेबाजी की रफ्तार को रोकने में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है उसने अपने चार हुए ग्रुप मैचों में से तीन जीते हैं। उनकी ताकत उनका स्पिन गेंदबाजी आक्रमण है, इसी में उनके गेंदबाजों ने टूर्नामेंट में अधिकतर विकेट लिए हैं। उस्मान तारिक विशेषकर किफायती रहे हैं, उन्होंने प्रति ओवर केवल 5.82 रन दिए हैं, जिससे वह इस पिच पर गेम बदलने वाले गेंदबाज हो सकते हैं।

पाक की तकनीकी योजना मैच के दौरान 16 से 18 ओवर स्पिन गेंदबाजी करने पर फोकस करने की उम्मीद है। वहीं बल्लेबाजी की बात की जाए तो पाकिस्तान काफी हद तक साहिब. जादा फरहान पर निर्भर है, जिन्होंने चार मैचों में 164 के आक्रामक स्ट्राइक रेट से 220 रन बनाए हैं। सैम अयूब और सलमान आगा जैसे शीर्षक्रम का मकसद तेज शुरुआत देना होगा, जबकि बाबर और फखर जमान जैसे अनुभवी खिलाड़ियों से दबाव के समय पारी को संभालने की उम्मीद है। पल्लेकेले में पिच की कंडीशन बैलेंस्ड रहने की उम्मीद है, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, धीरे-धीरे स्पिन गेंदबाजों को फायदा होगा। यहां पहली पारी का स्कोर आमतौर पर 150 से 170 रन के बीच होता है। ऐसा अनुमान है कि इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमें प्रतियोगिता में बने रहने के लिए 175 से 185 रन का लक्ष्य रख सकती हैं, जबकि पीछा करने वाली टीमों को उमस और बादल वाली शाम के हालात में सफल होने के लिए मजबूत मध्यमक्रम साझेदारी की जरूरत होगी। मैच की शुरुआत में स्विंग और बाद में स्पिन गेंदबाजो को मदद मिल सकती है।

# अभिषेक शर्मा 'ए' ब्लॉक से बाहर निकलने के लिए एक रन लें : गावस्कर



- **खराब फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहे स्टार बल्लेबाज को दिग्गज क्रिकेटर ने दी सलाह**

**अहमदाबाद, वार्ता।** दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने सुझाव दिया कि खराब फॉर्म के कारण संघर्ष कर रहे अभिषेक शर्मा 'जीरो' ब्लॉक से बाहर निकलने के लिए एक रन लें। उन्होंने अभिषेक शर्मा को सलाह देते हुए कहा कि उन्हें लाइन के पार बड़े शॉट खेलने के लिए स्वयं को मजबूर नहीं करना चाहिए। सिगल लें और शुरुआत करें। चार डॉट बॉल भी मायने नहीं रखतीं। जैसे ही उन्होंने एक रन लिया, उससे विश्वकप में उनके डक पर आउट होने का सिलसिला खत्म हुआ और उनके फॉर्म में लौटने की उम्मीदें बढ़ गईं, जिसका उन्हें बेसब्री से इंतजार था।

रविवार रात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ, उन्हें पेसरों से चुनौती मिली, जिन्होंने उन्हें बड़ा स्कोर करने से रोकने के लिए वाइड और धीमी गेंदें फेंकी। यह साफ है कि युवा ओपनर को अपना गेम बेहतर करने की जरूरत है नहीं तो विरोधी टीम उसे बाहर कर सकती है। अभिषेक की स्थिति को कैसे हैंडल किया जाए, इस पर भारतीय कोचों की राय अलग-अलग थी। असिस्टेंट कोच रायन टेन डोएशेट ने कहा कि मुझे लगता है कि विश्वकप में आने से पहले अभि की तैयारी, एक समय पर उसे फूड पॉइजनिग हुई थी, इससे साफ तौर पर उसकी प्रोग्रेस में रुकावट डाली है, जहां हम उसे इस फेज में देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आप चाहते हैं कि वह तैयार रहे और अपनी स्विंग और अपने गेम प्लान को लेकर कॉन्फिडेंट रहे और जब आप तीन जीरो स्कोर करते हैं तो यह आप पर भारी पड़ने लगता है। मैंने शुक्रवार रात नेट्स में कुछ बहुत अच्छे संकेत देखे, मुझे लगता है कि मैंने तब प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका जिक्र किया था। लेकिन वह थोड़ा कमजोर लग रहा है और कोचिग स्टाफ के तौर पर हमारा काम इसे ठीक करना है। हमारे पास ऐसा करने के लिए चार दिन हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि मुझे लगता है कि यह कोई स्ट्रगल जैसा नहीं है। आज भी, मुझे लगा कि उसे अच्छी शुरुआत मिली है। अगर आप इस समय बैट्समैन से बहुत कुछ कहते हैं, तो उससे कुछ न कहना फायदेमंद है। हर प्लेयर के पास 2-3 मैचों का ऐसा स्लैक पीरियड होता है। और यह वही समय होता है जब पांच लोग सोचते हैं।

# किदांबी श्रीकांत जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की करेंगे अगुवाई

- **पुरुषों के एकल मुख्य ड्रॉ में किदांबी के साथ उनके हमवतन किरण जॉर्ज व थारुन भी होंगे**

**मुलहेम एन डेर, वार्ता।** दुनिया के पूर्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत मंगलवार से मुलहेम एन डेर रूर के वेस्टएनर्जी स्पोर्टहॉल में शुरू होने वाले जर्मन ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती अगुवाई करेंगे। पुरुषों की एकल बैडमिटन रैंकिग में 32वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत, इस साल की शुरुआत में इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में दो क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के बाद जर्मन ओपन में उतरेंगे।

उन्हें आखिरी बार इस महीने की शुरुआत में बैडमिटन एशिया टीम चैंपियनशिप में खेलते हुए देखा गया था, जहां उन्होंने भारत के लिए अपने दोनों एकल रबर जीते थे। पुरुषों के एकल मुख्य ड्रॉ में किदांबी श्रीकांत के साथ उनके हमवतन किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली भी होंगे। ओलंपियन और दुनिया के नंबर 5 खिलाड़ी फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव पुरुष एकल में टॉप सीड हैं और पहले राउंड में किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिधु की गैरमौजूदगी में दुनिया की नंबर 40 तन्वी शर्मा महिला सिगल्स में भारत की कमान संभालेंगी।

तन्वी शर्मा, जो पिछले साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप और यूएस ओपन में उप विजेता रही थीं, उनके साथ महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में तस्नीम मीर, मालविका बंसोड़, रक्षिता रामराज और इशारानी बरुआ होंगी।


# गोल्फ विस्तार को 830 करोड़ का निवेश होगा



**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने सोमवार को आधिकारिक तौर पर 10 शहरों की अपनी फेंचाइजी टीमों के जरिए गोल्फ के देशभर में विस्तार के लिए 100 मिलियन डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) के निवेश की घोषणा की है। यहां की गई घोषणा के अनुसार लीग ने 100 मिलियन डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ एक मजबूत ढांचा तैयार किया है। इसके अलावा 250 मिलियन डॉलर (करीब 2000 करोड़ रुपये) गोल्फ कोर्स बनाने के लिए अलग से रखे गए हैं। इससे टियर-2 और टियर-3 शहरों में 8-10 एकड़ के छोटे गोल्फ कोर्स बनाए जाएंगे जिससे यह खेल बड़े और महंगे क्लबों से निकलकर स्थानीय मैदानों तक पहुंचेगा। इस खेल की पुरानी सीमाओं को तोड़ते हुए आईजीपीएल को एक बड़े और रोमांचक लीग फॉर्मेट में तैयार किया गया है ताकि प्रोफेशनल गोल्फ को आम जनता तक पहुंचाया जा सके। इसके पहले सीजन में हैदराबाद, मुंबई, कोल. काता, दिल्ली, चेन्नई, विशाखापत्तनम, गोवा, बेंगलुरु, पंजाब और गुरुग्राम की टीमें खिताब जीतने के लिए आपस में भिड़ेंगी।

आईजीपीएल ने 'गोल्फ ग्रोथ इनिशिएटिव' शुरू करने के लिए इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू), विमेंस गोल्फ एसोसिएशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूजीएआई), पीजीए ऑफ इंडिया (पीजीएआई) और द गोल्फ फाउंडेशन (टीजीएफ) के साथ साझेदारी की है। यह प्रोग्राम नए खिलाड़ियों को सीधे खेल के दिग्गजों से जोड़ता है। जीव मिल्खा सिंह, शिव कपूर, ज्योति रंधावा, गगनजीत भुल्लर, गौरव घई और एसएसपी चौरसिया जैसे महान खिलाड़ी नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करेंगे, ताकि स्कूलों से लेकर प्रोफेशनल गोल्फ तक पहुंच सके। इस घोषणा को लेकर आईजीपीएल के मुख्य कार्यकारी उत्तम सिंह मुंडी ने कहा कि यह कोई आम खेल निवेश नहीं है। यह खेलों के जरिए बिजनेस बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण का एक खास मंच है। हमारे फेंचाइजी पार्टनर फार्मा, इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट और वेंचर कैपिटल जैसे क्षेत्रों से आते हैं, और वे आईजीपीएल को एक खेल संस्कृति बनाने के एक बड़े मौके के रूप में देखते हैं। 100 मिलियन डॉलर का निवेश हमारे विजन में उनके भरोसे को दिखाता है।

# हम अगले मैच में मजबूत वापसी करेंगे : सूर्यकुमार



- **भारतीय टी-20 कप्तान ने बल्लेबाजों व गेदबाजी में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि हम सुपर आठ के अगले मैच में मजबूती के साथ वापसी करेंगे। दक्षिण अफ्रीका से 76 रनों की हार के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि उम्मीद है कि अच्छी बल्लेबाजी, अच्छी गेंदबाजी और अच्छा क्षेत्ररक्षण करेंगे।

बस इतना ही। हम इसे सरल रखने का प्रयास करेंगे। हम जैसा क्रिकेट खेलना चाहते हैं, वैसा ही क्रिकेट खेलेंगे, और कुछ नहीं बदलेगा और मुझे लगता है कि हम मजबूती से वापसी करेंगे। दक्षिण अफ्रीका से भारत की 76 रन की हार ने टूर्नामेंट में उसकी 12 मैचों की जीत का सिलसिला खत्म कर दिया और डिफेंडिंग चैंपियन को सेमीफाइनल तक पहुंचने के लिए मुश्किल रास्ते पर छोड़ दिया। अब उन्हें मुकाबले में बने रहने के लिए अपने शेष सुपर आठ मैचों में जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी।

भारत का अगला मुकाबला गुरुवार को चेन्नई में जिम्बाब्वे से होगा।

## खेल विशेष

# खेलो इंडिया विंटर गेम्स का शुभारंभ गुलमर्ग बना राष्ट्रीय खेल उत्सव का केन्द्र

**श्रीनगर, वार्ता।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को गुलमर्ग में 6वें खेलो इंडिया विटर गेम्स का विधिवत उद्घाटन किया। देश के प्रमुख शीतकालीन खेल केंद्र गुलमर्ग में आयोजित चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 1,000 खिलाड़ी और अधिकारी भाग ले रहे हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि गुलमर्ग में आयोजित खेलो इंडिया विटर गेम्स एक साधारण खेल आयोजन से आगे बढ़कर राष्ट्रीय उत्सव का स्वरूप ले चुका है। यह आयोजन शांति, समानता और सौहार्द के मूल्यों को पुनर्जीवित करता है तथा विविध भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं वाले देश में एक साझा विरासत के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि विटर गेम्स जीवन की चुनौतियों का प्रतिबिब हैं, जो खिलाड़ियों में दृढ़ता और आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं। गिरना, गलतियों का विश्लेषण करना और बेहतर बनकर उठना-यही खेल की असली सीख है, जिसे स्कीयर यहां आत्मसात करेंगे। उपराज्यपाल ने इस आयोजन के व्यापक उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलो इंडिया विटर गेम्स राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आपसी सम्मान साथ-साथ चल सकते हैं और आज समाज को इसी भावना की आवश्यकता है। अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और स्की माउंटेनियरिग जैसी स्पर्धाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में खिलाड़ी अपनी तकनीकी दक्षता, वर्षों की मेहनत और अदम्य साहस का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने प्रतिभागियों से खेल भावना के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और पूरे टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का आह्वान किया। उपराज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में खेल क्षेत्र में हुए बदलावों का भी उल्लेख किया।

# 72वीं सीनियर नेशनल्स पुरुषों की कबड्डी चैंपियनशिप 24 से 27 तक

- **चैंपियनशिप में देश भर से 31 टीमें हिस्सा लेंगी और लगभग 400 खिलाड़ी शामिल होंगे**

**वडोदरा, वार्ता।** 72वीं सीनियर नेशनल्स पुरुषों की कबड्डी चैंपियनशिप 2026, 24 से 27 फरवरी तक यहां समा इनडोर कॉम्प्लेक्स में खेली जायेगी। इस चैंपियनशिप में देश भर से 31 टीमें हिस्सा लेंगी और लगभग 400 खिलाड़ी खिताब जीतने के लिए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देंगे।

अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत होने वाले इस टूर्नामेंट में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ उभरते सितारे भी भाग लेंगे। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी इस चैंपियनशिप के दौरान एक्शन में दिखेंगे। पीकेएल सीजन 12 के टॉप तीन रेडर शामिल हैं,अयान लोहचब (हरियाणा), जिन्होंने शानदार 316 रेड पॉइंट बनाए, देवांक दलाल ने 271 रेड पॉइंट बनाए, और भरत हुड्डा, जिन्होंने 230 रेड पॉइंट के साथ सीजन खत्म किया। आशु मलिक, जिन्होंने पिछले सीजन में दबंग दिल्ली को टाइटल जिताने में मदद की थी, रेलवे का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि अर्जुन देशवाल एक बार फिर कप्तानी करते दिखाई देंगे जब वह उत्तर प्रदेश का नेतृत्व करेंगे। टूर्नामेंट में दीपक शंकर (तमिलनाडु) जैसे उभरती हुई प्रतिभा भी दिखेगी, जिन्होंने बेंगलुरु बुल्स के लिए 64 टैकल पॉइंट बनाए और उन्हें पीकेएल 12 में सीजन का न्यू यंग प्लेयर चुना गया। पुणेरी पल्टन के रेडर आदित्य लशदे महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिन्होंने पांच सुपर रेड समेत 159 रेड पॉइंट बनाए। हरियाणा के डिफेंडर नितेश कुमार, जिन्होंने 65 टैकल पॉइंट्स और पांच हाई-5 के साथ एक और शानदार परफॉर्मर किया है, वे भी इस चैंपियनशिप का हिस्सा होंगे।

साथ ही, होनहार खिलाड़ी अनिल (हिमाचल प्रदेश) और उदय पराते (मध्य प्रदेश) भी इस चैंपियनशिप का हिस्सा होंगे। डिफेंडिंग चैंपियन सर्विसेज, जिसमें देवांक दलाल, नवीन कुमार, भरत हुड्डा, अंकित जगलान और जयदीप दहिया जैसे स्टार खिलाड़ियों की लाइनअप है, अपना टाइटल बचाने के इरादे से टूर्नामेंट में उतरेगी। रेलवे, हरियाणा और महाराष्ट्र की टीमें भी उतनी ही मज़बूत हैं। इन टीमों से उन्हें कड़ी मुश्किल मिलने की उम्मीद है, जिससे एक कड़े मुकाबले वाली चैंपियनशिप का माहौल बनेगा। यह टूर्नामेंट एलीट और उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए भी एक बेहत. रीन प्लेटफॉर्म का काम करेगा।

# रणजी ट्रॉफी का दिलचस्प मुकाबला आज

## कर्नाटक दबदबे की विरासत जारी रखने, जे-के पहली बार चैंपियन बनने उतरेगा

कर्नाटक दबदबे की विरासत जारी रखने, जम्मू-कश्मीर पहली बार चैंपियन बनने उतरेगा-

**हुबली, वार्ता।** हुबली क्रिकेट मैदान पर मंगलवार को रणजी ट्रॉफी 2025-26 के फाइनल में मेजबान कर्नाटक अपने दबदबे की विरासत को जारी रखने, जबकि जम्मू-कश्मीर ऐतिहासिक प्रदर्शन कर पहली चैंपियन बनने उतरेगा। एक ओर जहां घरेलू कर्नाटक क्रिकेट टीम है। जो अनुभव, स्वभाव और बड़े मैचों की जानक. ारी के बल पर आठ बार चैंपियन बनी है। वहीं दूसरी ओर 67 साल के इतिहास में पहली बार फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर की टीम के संघर्ष और जूनून की कहानी है। कर्नाटक की बल्लेबाजी लाइनअप में जबरदस्त दम और अंतर्राष्ट्रीय पहचान है। केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों की क्लास और संयम टॉप पर स्थिरता देते हैं, जबकि मयंक अग्रवाल और करुण नायर जैसे अनुभवी घरेलू चैंपियन रेड-बॉल में अपना दबदबा साबित करते हैं। कर्नाटक के इस सीजन में घरेलू सनसनी स्मरण रविचंद्रन का भी जलवा रहा है, जिन्होंने जबरदस्त औसत से रन बनाए हैं, जिससे वह टूर्नामेंट के सबसे खतरनाक बल्लेबाजो में से एक बन गए हैं। श्रेयस गोपाल के ऑलराउंड असर के साथ, कर्नाटक का फॉर्मूला आसान है। टोटल बनाना, सेशन को कंट्रोल करना और गेम को बेरहमी से खत्म करना। लेकिन क्रिकेट, खासकर लंबे प्रारुप के फाइनल में, शायद ही कभी यह सबसे बड़े नामों से तय होता है। यह उन खिलाड़ियों से तय होता है जो जब मोमेंटम बदलने लगता है तो चुपचाप मैच को एक साथ रखते हैं। वहीं जम्मू और कश्मीर क्रिकेट टीम के लिए, यह फाइनल केवल एक चैंपियनशिप मुकाबला नहीं है, यह इतिहास है। उनका पहली बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहु. चना पहले ही सीजन की सबसे इंस्पायरिग कहानियों में से एक बन गया है। उनका अभियान किसी एक सुपरस्टार पर निर्भर रहने के बजाय मिलकर लड़ने की भावना के आस-पास बना है। इस कहानी के शांत हीरो ऑलराउंडर आकिब नबी रहे हैं। टूर्नामेंट में 50 से अधिक विकेट और बल्ले से निचले क्रम में अहम योगदान के साथ, उन्होंने टीम के प्रेशर-ब्रेक स्पेशलिस्ट की तरह काम किया है। जब साझेदारी बढ़ने लगीं, तो उन्होंने ब्रेकथ्रू दिलाए। जब बल्लेबाजी के गिरने का खतरा था, तो उन्होंने पारी को संभाला। जम्मू और कश्मीर की बल्लेबाजी को पारस डोगरा जैसे अनुभवी कप्तान ने भी संभाला है, जिनकी दबाव वाली स्थिति में शांत मौजूदगी ने युवा खिलाड़ियों को गाइड किया है। शुभम खजूरिया और कमरन इकबाल के टॉप-ऑर्डर सपोर्ट ने शुरुआती मोमेंटम दिया है, जबकि अब्दुल समद और आबिद मुश्ताक की मध्यमक्रम स्टेबिलिटी ने दबाव बनने पर स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया है। कर्नाटक अपने पारंपरिक चैंपियनशिप ब्लूप्रिंट पर निर्भर रहेगा। प्रसिद्ध कृष्णा, विद्वाथ कवरप्पा जैसे तेज गेंदबाजी विकल्प की लीडरशिप में गेंदबा. जी आक्रमण और अनुभवी कैंपेनर्स का सपोर्ट यह पक्का करता है कि वे लहरों में अटैक कर सकें। श्रेयस गोपाल का स्पिन कंट्रोल अक्सर पिच के टूटने पर अहम हो जाता है। हुबली की पिच के असली टेस्ट मैच जैसा बनने की उम्मीद है। शुरुआती दिनों में बाउंस और मूवमेंट वाले तेज गें. दबाजों को फायदा होगा, जबकि धैर्य दिखाने वाले बल्लेबाज स्कोरिग फेज में हावी रहेंगे। तीसरे और चौथे दिन तक, जैसे ही सतह पर दरारें दिखेंगी, स्पिनर गेम को कंट्रोल करना शुरू कर देंगे।

# यह सोचकर निकलती हूं कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना है : साक्षी



- **कहा : अगर मैं क्वालिफाइंग राउंड के लिए जाती हूं तो मुझे बस जीतकर वापस आना है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम राष्ट्रीय में प्रशिक्षण ले रही मिडफील्डर साक्षी राणा का कहना है कि मैं हर दिन यह सोचकर निकलती हूं कि मूझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। यहां राष्ट्रीय शिविर में मुख्य कोच शोर्ड मारिन और साइंटिफिक एडवाइजर वेन लोम्बार्ड के दिशा निर्देश में चल रहे प्रशिक्षण शिविर को लेकर 18 वर्षीय साक्षी ने कहा कि हर दिन मैं यह सोचकर बाहर निकलती हूं कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।

अगर मैं क्वालिफाइंग राउंड के लिए जाती हूं, तो मुझे बस जीतकर वापस आना है। अभी, हमें बस हर एक दिन कड़ी मेहनत करनी है और कोच ने हमारे लिए जो भी प्लान बनाया है, उसे पूरा करना है। उन्होंने कहा कि जिन चीजो में हमारी कमी है, वे हमें दिन-ब-दिन उन पर काम करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। वेन सर बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, इस बात पर ध्यान दे रहे हैं कि कितनी ताकत और फिटनेस की आवश्यकता है, और हमें रिकवरी का महत्व सिखा रहे हैं। जहां तक स्ट्रक्चर की बात है, वे सब कुछ धीरे-धीरे और साफ-साफ समझा रहे हैं। सीनियर खिलाड़ी भी हम जूनियर खिलाड़ियों को लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कि हमारी वन-ऑन-वन मीटिंग्स में, कोच ने मुझसे कहा कि मैं जो कर रही हूं, वही करती रहूं, लेकिन उन्होंने मेरी प्री-स्कैनिग और ऑन- फील्ड कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने की जरूरत पर बल दिया, क्योंकि मैं सेंटर में खेलती हूं। टीम मीटिंग्स में, हम स्ट्रक्चर पर बहुत अधिक फोकस कर रहे हैं। बॉल को कैसे पकड़ना है और चकमा देने के बजाय कब पास करना है, यह जानना, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बहुत जल्दी आ जाता है। उल्लेखनीय है कि भारत के एफआईएच हॉकी विश्वकप 2026 क्वालिफायर तेलंगाना के हैदराबाद में आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ शुरू होंगे।

# दक्षिण अफ्रीका ने आगामी सीजन के लिए तीन देशों के साथ कार्यक्रम की घोषणा की

**प्रिटोरिया, वार्ता।** दक्षिण अफीका ने सामवार को आगामी सीजन में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश और इंग्लैंड के साथ होने वाली टेस्ट सीरीज और सफेद गेंद सीरीज के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका आज यहां घोषित कार्यक्रम के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 24 से 30 सितंबर के बीच किंग्समीड स्टेडियम से शुरू होगी। इसके बाद मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए तीन टेस्ट मैचों सीरीज का शुरुआत मैच नौ अक्टूबर से डरबन में शुरू होगा, इसके बाद गकेबरहा (18-22 अक्टूबर) और न्यूलैंड्स (27-31 अक्टूबर) क्रमश: बाकी दो मैचों की मेजबानी करेंगे। इसके बाद बंगलादेश अगले दो मैचों की टेस्ट सीरीज से शुरू होने वाले एक और बहु-प्रारुप टूर के लिए आएगा। सीरीज का पहला मैच 15 से 19 नवंबर तक वांडरर्स स्टेडियम में होगा, जबकि दूसरे मैच 23 से 27 नवंबर तक की मेजबानी सेंचूरियन करेगा। इसके बाद चार दिन बाद सफेद गेंद चरण में 1-7 दिसंबर के बीच ईस्ट लंदन, गकेबरहा और केप टाउन में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज होगी। तीन टी-20 किम्बरली, बेनोनी और सेंचुरियन में 10 से13 दिसंबर के बीच होंगे। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज है।

## अफगानिस्तान मार्च में यूएई में सफेद गेंद सीरीज के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** अफगानिस्तान मार्च में पहली बार सफेद गेंद सीरीज के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। इस सीरीज में तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच यूएई में 13 से 25 मार्च तक खेले जाएंगे। टी-20 सीरीज के मैच 13, 15 और 17 मार्च को शारजाह में और एकदिवसीय मुकाबले 20, 22 और 25 मार्च को दुबई में खेले जायेंगे। टी-20 सीरीज आठ मार्च को टी-20 विश्वकप खत्म होने के ठीक पांच दिन बाद शुरू होगी। एकदिवसीय सीरीज 26 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और पीएसएल दोनों के शुरू होने से ठीक एक दिन पहले खत्म होगी। दोनों देशों के खिलाड़ी - दासुन शनाका, राशिद खान, कुसल परेरा और नूर अहमद, और दूसरे दोनों फ्रेंचाइजी कॉम्पिटिशन की अलग-अलग टीमों में हैं। यह दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली दूसरी द्विपक्षीय टी-20 सीरीज है। वहीं एकदिवसीय यह अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच चौथी द्विपक्षीय सीरीज होगी।

### नगर पंचायत कलियर व तहसील प्रशासन ने

# सिंचाई विभाग की जमीन से हटवाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत क्षेत्र में कलियर पुल के समीप सिंचाई विभाग की भूमि पर अवैध रूप से संचालित मछली की दुकानों के खिलाफ सोमवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। अपर तहसीलदार रुड़की सुभागनी और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी कुलदीप चौहान के नेतृत्व में राजस्व विभाग, नगर पंचायत और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कलियर और प्रशासन को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थी कि पुल के पास सरकारी भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर मछली की दुकानें संचालित कर रखी हैं।



नगर पंचायत की रिपोर्ट के आधार पर संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। अपर तहसीलदार सुभागनी ने बताया कि संबंधित दुकानदारों के पास न तो भूमि पर कब्जे का कोई वैध दस्तावेज था और न ही मछली विक्रय का लाइसेंस।

वहीं कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने प्रारंभिक विरोध जताया लेकिन पुलिस की मुस्तैदी और प्रशासन की सख्ती के चलते उन्होंने स्वयं ही अपना सामान समेटते हुए दुकानें हटा लीं। ईओ कुलदीप चौहान ने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे और अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आउटसोर्स कंपनी पर निर्धारित वेतन न देने का लगाया आरोप

**❖बीआरपी-सीआरपी कर्मचारियों ने कहा, तय मानदेय के बावजूद हर महीने कटौती से कर्मचारियों में नाराजगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीआरपी (ब्लॉक रिसोर्स पर्सन) और सीआरपी (क्लस्टर रिसोर्स पर्सन) के करीब 600 कर्मचारियों को इन दिनों वेतन के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि आउटसोर्स कंपनी की ओर से न तो समय पर वेतन जारी किया जा रहा है और न ही तय मानदेय का पूरा भुगतान किया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि नियुक्ति के समय 40 हजार रुपये मासिक वेतन निर्धारित किया गया था। अब वास्तविक भुगतान 28 हजार 800 रुपये दिया जा रहा है। बिना किसी स्पष्ट कारण के हर महीने वेतन में कटौती कर दी जाती है, जिससे आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कई कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें परिवार चलाने और दैनिक खर्चों के लिए भी उधार लेना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि वे शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, स्कूलों की मॉनिटरिंग और शैक्षिक गुणवत्ता सुधार जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लगातार जिम्मेदारी निभा रहे हैं लेकिन बावजूद उन्हें समय पर पारिश्रमिक नहीं मिल रहा। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि वेतन संबंधी शिकायतें कई बार संबंधित अधिकारियों और आउटसोर्स कंपनी तक पहुंचाई गई लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। इससे कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों ने मांग की है कि लंबित वेतन का जल्द भुगतान कराया जाए और तय मानदेय के अनुसार बिना कटौती नियमित वेतन सुनिश्चित किया जाए।

# पुलिस के हत्थे चढ़े दो आरोपी तमंचा व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खानपुर।** जनपद हरिद्वार के थाना खानपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवकों को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपितों के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 22 फरवरी 2026 की सांय थाना खानपुर क्षेत्रांतर्गत गैर प्रांत उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर सीमा से सटे गोवर्धनपुर चौकी क्षेत्र में खानपुर पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के उद्देश्य से दैनिक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक संदिग्ध अवस्था में आते दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा रोककर आवश्यक पूछताछ व तलाशी ली गई तो उनके पास से एक तमंचा 315 बोर तथा दो अदद जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने दोनों आरोपितों को मौके से गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है तथा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी-सोनू कुमार पुत्र पाला सिंह, निवासी खेड़की, थाना पुरकाजी, जिला मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)। राजन पुत्र गौतम, निवासी ग्राम तल्हेड़ी, थाना देवबंद, जिला सहारनपुर हैं। पुलिस टीम-उप निरीक्षक नवीन नेगी,कांस्टेबल हरेंद्र सिंह,कांस्टेबल अरविंद सिंह,कांस्टेबल बलबीर सिंह आदि शामिल रहे।

# व्यापार मंडल का नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन

## महापौर व मुख्य नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर भवन कर में वृद्धि का जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड के पदाधिकारियों ने नगर निगम रुड़की के खिलाफ कड़ा विरोध जताते हुए मुख्य नगर आयुक्त एवं महापौर को ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल ने आरोप लगाया कि नगर निगम ने पूर्व में किए गए वादे के बावजूद भवन कर में 5 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है, जो जनहित के विपरीत है। व्यापार मंडल का कहना है कि निगम क्षेत्र के प्रत्येक मकान पर 100 रुपए प्रतिमाह यूजर चार्ज, छोटे व्यापारियों पर 200 रुपए प्रतिमाह, बड़ी दुकानों पर 500 रुपए प्रतिमाह तथा अन्य प्रतिष्ठानों पर इससे अधिक शुल्क लगाया गया है। इसके साथ ही व्यावसायिक कर/लाइसेंस शुल्क भी लागू कर दिया गया है, जिसे व्यापारी वर्ग ने अस्वीकार्य बताया है। ज्ञापन में व्यापार मंडल ने चार प्रमुख मांगें रखी जिसमें भवन कर में की गई 5% वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए, यूजर चार्ज को भवन एवं प्रतिष्ठानों से समाप्त कर उसका गजट नोटिफिकेशन निरस्त किया जाए,व्यावसायिक कर/लाइसेंस शुल्क को वापस लिया जाए और अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करते हुए रेहड़ी, पटरी व चलित विक्रेताओं के लिए वेंडिंग जोन तथा समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष अजय गुप्ता, प्रदेश महामंत्री नवीन गुलाटी, संयोजक रामगोपाल कंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, कविस मित्तल, आकाश गोयल, संदीप शर्मा , राम सतीजा, वसीम राजा, पंकज जिंदल, सौरभ सिंगल, मनोज मेहरा, बेबी खन्ना (पूर्व पार्षद), संजय कश्यप, मनीष डिंपल, संजय प्रजापति, घनश्याम वर्मा, पुलकित सिंगल, सुरेंद्र कुमार सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।



# विजिलेंस ने 14 जगहों पर पकड़ी बिजली चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** विजिलेंस व विधुत विभाग की टीम ने लंढौरा क्षेत्र के दो गांवों में छापेमारी करते हुए 14 जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी है। विभागीय अधिकारी पकड़े गए बिजली चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहे है। जैनपुर झंझेड़ी व बिझौली गांव में लंबे समय से बिजली चोरी को लेकर मिल रही शिकायतों की रोकथाम को लेकर सोमवार को लंढौरा विधुत उप स्टेशन के एसडीओ गुलशन बुलानी के नेतृत्व में विजिलेंस व उर्जा निगम की टीम ने बिजली चोरों के खिलाफ बड़े स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया। एसडीओ गुलशन कुमार बुलानी ने बताया कि टीम द्वारा कई जगहों पर जांच की गई जिसमें दर्जन भर से अधिक घरों में बिजली चोरी होती पाई गई है। पकड़े गए बिजली चोरों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराने की तैयारी की जा रही हैं। उन्होंने बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर आगे भी अभियान जारी रहने की बात कही। उर्जा निगम द्वारा बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी से बिजली चोरों में दिन भर हडकंप मचा रहा। टीम में उपखंड अधिकारी गुलशन बुलानी, अवर अभियंता विनोद कुमार, विजिलेंस के सहायक अभियंता धनंजय सिंह, सहायक अभियंता विकास कुमार, सहायक अभियंता विजिलेंस रॉबिन मनेरिया अवर अभियंता विजिलेंस अनिता काला अवर अभियंता विजिलेंस सपना व लाइन स्टाफ मौजूद रहे।

# हंगामा कर रहे युवक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** नगर में शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए झबरेड़ा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को कस्बा झबरेड़ा में रवि निवासी ग्राम भगतोवाली,थाना झबरेड़ा नाम का व्यक्ति सड़क पर सरेआम शोर-शराबा और हल्ला कर रहा था। युवक की हरकतों से वहां झगड़ा फसाद की स्थिति पैदा हो रही थी और आम जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचे पुलिसकर्मियों ने युवक को काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वह शांत होने के बजाय हंगामा करता रहा। स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने गिरफ्तारी के बाद आरोपित को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# होली के रंग में रंगने लगा बाजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रंगों का त्योहार होली आने में अभी करीब दस दिन शेष हैं, लेकिन शहर के बाजारों में अभी से होली की रौनक दिखाई देने लगी है। मुख्य बाजार, सिविल लाइंस और आसपास के इलाकों में अबीर-गुलाल, रंग और तरह-तरह की पिचकारियों से दुकानें सज गई हैं। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और वे अभिभावकों के साथ अपनी पसंद की पिचकारी खरीदने पहुंच रहे हैं। इस बार बाजार में रंगों और पिचकारियों की अनेक वैरायटी उपलब्ध है। कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां, टैंक मॉडल, मशीनगन स्टाइल और प्रेशर पंप पिचकारियां बच्चों को आकर्षित कर रही हैं। वहीं युवाओं के लिए बड़े साइज की मल्टी-शॉट पिचकारियां भी आई हैं। गुलाल के रंगों में भी खास विविधता देखने को मिल रही है। खासतौर पर सिलेंडर पैक में उपलब्ध गुलाल ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# याचिकाकर्ता ने जिलाधिकारी से लगाई संयुक्त पैमाइश कराने की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित भूमि की संयुक्त पैमाइश से जुड़ा मामला उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद अधर में लटका है। इस बीच मामले में याचिकाकर्ता ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर एक जनप्रतिनिधि पर प्रशासनिक कार्रवाई को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए प्रकरण में निष्पक्ष कार्रवाई कर मामला निस्तारित कराने की मांग की है। याचिकाकर्ता रामपुर रायघटी गांव के पूर्व ग्राम प्रधान ब्रह्मपाल सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम बताया कि उनकी और अन्य किसानों की उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमा से लगी भूमि को वर्ष 2002 में राजस्व और नजीबाबाद वन प्रभाग उत्तर प्रदेश ने अपने अधिकार में ले लिया था। कई कोशिशों के बाद भी संयुक्त सर्वे कराने के बाद नजीबाबाद के सबलगढ़ और लक्सर तहसील के रामपुर रायघटी गांव की भूमि पिलर लगाए गए थे। इसके बाद भी नजीबाबाद वन प्रभाग उन्हें उनकी भूमि पर कृषि कार्य नहीं करने दे रहा है। याचिका दायर करने पर उच्च न्यायालय ने भूमि की संयुक्त पैमाइश कराने कर प्रकरण को निस्तारित करने के आदेश प्रशासन को दिए हैं। इसके लिए लक्सर तहसील प्रशासन की एक टीम भी गठित की जा चुकी है लेकिन तीन बार प्रयास करने के बावजूद भूमि की संयुक्त पैमाइश की कार्रवाई शुरू नहीं हो सकी है। पूर्व प्रधान ने एक जनप्रतिनिधि पर प्रशासनिक कार्रवाई को प्रभावित करने और पैमाइश नहीं होने देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से मामले में निष्पक्ष कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

### संबंध विच्छेद-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मनोज कुमार व उसकी पत्नी शिवानी व उसकी बेटी मिष्ठी का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने मनोज कुमार, शिवानी व मिष्ठी को अपनी तमाम चला चल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद उक्त के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **बाबूराम पुत्र रामस्वरूप नि. खेड़ी शिकोहपुर थाना भगवानपुर, हाल नि. चोली शहाबुद्दीनपुर, भगवानपुर, हरिद्वार।**

# कांग्रेसियों ने पहाड़ के अम्बेडकर मुंशी हरि प्रसाद टम्टा को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला कांग्रेस कमेटी के कैंप कार्यालय पर पहाड़ के अंबेडकर मुंशी हरिप्रसाद टम्टा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में प्रतिभा किया।

इस अवसर पर मुंशी जी के जीवन परिचय पर बोलते हुए राजेंद्र चौधरी ने कहा कि मुंशी जी ने अपने जीवन काल को गरीबों असहाय शोषितों के प्रति समर्पित भाव से समर्पण कर दिया था वह पहाड़ में जातिवाद अंग्रेज सरकार के विरुद्ध लड़ाई लड़ते रहे तथा समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने अनेक अनेक कार्य किया वह एक महान शक्शीयत थे जिन्हें हमेशा याद रखा जाएगा,उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं डॉक्टर राकेश गॉड ने कहा कि मुंशी जी ने बहुत विकट समय में अपने समाज एवं क्षेत्र की लड़ाई लड़ी और उनके सत्कर्म ही आज पूजनीय है हम उन्हें सच्चे दिल से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता डॉ राकेश गॉड डॉ हरविंदर सिंह जसविंदर सिंह जस्सी मकसूद हसन विकास सैनी नीरज सैनी राजेश कुमार सुभाष चौधरी सलीम अल्वी उदय चौधरी एडवोकेट नीरज अग्रवाल इमरान दिलशाद आदि मौजूद रहे।



### किशनपुर जमालपुर में अवैध खनन को लेकर

# किसानों का एसपी देहात कार्यालय पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** तहसील रुड़की क्षेत्र के ग्राम किशनपुर जमालपुर (थाना भगवानपुर) में अवैध रेत खनन के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मामले को लेकर भाकियू क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल तथा नायब तहसीलदार यूसुफ अली को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले काफी समय से गांव में कुछ लोग नदी में लगभग 10 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और एक जेसीबी मशीन की मदद से दिन-रात अवैध खनन कर रहे हैं। खनन की गई रेत को ओवरलोड वाहनों में भरकर गांव के बीच से ले जाया जा रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। तेज रफ्तार और ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से आमजन, विशेषकर स्कूली बच्चों की सुरक्षा को खतरा बताया गया है।मौके पर पहुंचे हरजौली जट्ट गांव के ग्रामीणों ने भी धड़ल्ले से अवैध खनन होने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि ग्राम प्रधान और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से खनन माफिया बेखौफ होकर दिन-रात ओवरलोड वाहन दौड़ा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।शिकायत में यह भी कहा गया कि अवैध खनन से नदी का स्वरूप बदल रहा है और आसपास के खेतों की मिट्टी कटने का खतरा बढ़ गया है। बरसात के समय किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। भाकियू क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा। वहीं अधिकारियों ने ज्ञापन लेकर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।इस अवसर पर कुलदीप सैनी,देशराज,प्रदीप कुमार,अनिल कुमार,अमित सतीश,भारतवीर,अंकित, बंटी,सौरभ,महेश कुमार,संदीप सैनी,रमेशचंद आदि मौजूद रह।



### आईआईटी रुड़की ने सीमापार जल सहयोग पर 4वें रुड़की वाटर कॉन्क्लेव 2026 का किया उद्घाटन

# उच्च-स्तरीय पैनल में सामुदायिक-केन्द्रित जल सहयोग मॉडल पर विशेष बल

**❖ नेक्सस-आधारित जल शासन को आगे बढ़ाने के लिए वैश्विक नेतृत्व आईआईटी रुड़की में एकत्रित**

**❖सतत विकास के लिए डेटा, जलवायु सहनशीलता और जल सुरक्षा के बीच सेतु निर्माण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) ने राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान (एनआईएच) रुड़की के सहयोग से "नेक्सस दृष्टिकोण के माध्यम से सीमापार जल सहयोग" विषय पर 4वें रुड़की वाटर कॉन्क्लेव (आरडब्ल्यूसी 2026) का उद्घाटन किया। यह द्विवार्षिक कॉन्क्लेव विश्वभर के प्रमुख नीति-निर्माताओं, शोध कर्ताओं, उद्योग जगत के नेताओं और जल विशेषज्ञों को उभरती जल चुनौतियों के एकीकृत एवं सतत समाधान पर विचार-विमर्श हेतु एक मंच प्रदान करता है। प्रमुख विषयगत क्षेत्रों में सीमापार नदी बेसिन प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन एवं सहनशीलता, हाइड्रो-मौसमीय चरम घटनाएँ, भूजल स्थिरता, जल गुणवत्ता, तथा जलखऊर्जाख खाद्य नेक्सस शामिल हैं। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रो. कमल किशोर पंत, निदेशक, आईआईटी रुड़की ने की। डॉ. वाई.आर.एस. राव, निदेशक, एनआईएच रुड़की, कॉन्क्लेव के सह-अध्यक्ष हैं, जबकि प्रो. आशीष पांडे, आईआईटी रुड़की, संयोजक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

सत्र का प्रारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और कुलगीत की प्रस्तुति से हुआ, जिसके पश्चात प्रो. आशीष पांडे द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। प्रो. कमल किशोर पंत; डॉ. वाई.आर.एस. राव; तथा डॉ. मार्क स्मिथ, महानिदेशक, अंतरराष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान (आईडब्ल्यूएमआई) ने संबोधन दिए। कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मानित श्री उमाशंकर पांडे, श्री सवजीभाई धोलकिया और श्री पोपटराव पवार के विशेष उद्बोधन, कॉन्क्लेव कार्यवाही का विमोचन, तथा डॉ. विनोद के. पॉल, माननीय सदस्य, नीति आयोग, भारत सरकार का मुख्य व्याख्यान शामिल था। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। सभा को संबोधित करते हुए प्रो. कमल किशोर पंत ने कहा, "जल सुरक्षा का सीधा संबंध जलवायु सहनशीलता, खाद्य प्रणालियों और ऊर्जा स्थिरता से है, क्योंकि एआई डेटा सेंटरों के बढ़ते उपयोग के कारण जल की मांग में वृद्धि हो रही है। रुड़की वाटर कॉन्क्लेव जैसे मंच साक्ष्य-आधारित संवाद को सक्षम बनाते हैं और सहयोगात्मक तथा विज्ञान-आधारित जल शासन के लिए वैश्विक साझेदारियों को प्रोत्साहित करते हैं।

प्रो. आशीष पांडे, संयोजक, आरडब्ल्यूसी 2026 ने कहा, "जटिल सीमापार जल चुनौतियों के समाधान के लिए नेक्सस दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है। आरडब्ल्यूसी 2026 को वैज्ञानिक अनुसंधान, नीति ढाँचे और सामुदायिक सहभागिता को एकीकृत कर सतत जल प्रबंधन हेतु क्रियाशील मार्ग विकसित करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। विभिन्न देशों से कुल 42 मुख्य वक्ता अपने मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे और तकनीकी सत्रों में भाग लेंगे। ये वक्ता संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, इजराइल, नीदरलैंड, कनाडा, जापान, नॉर्वे, श्रीलंका, थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ताइवान और नेपाल सहित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के विशेषज्ञों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन विशिष्ट वक्ताओं की उपस्थिति वैश्विक दृष्टिकोण और वर्तमान जल प्रबंधन चुनौतियों तथा नवाचारी समाधानों पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करेगी। आरडब्ल्यूसी 2026 की एक प्रमुख विशेषता 'जल सहयोग में सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक-आर्थिक पहलू' विषय पर आयोजित विशिष्ट पैनल है, जिसमें पद्मश्री सम्मानित सवजीभाई धोलकिया, पोपटराव पवार, भरत भूषण त्यागी और उमाशंकर पांडे सहित वरिष्ठ नीति-निर्माता जैसे श्री राजीव रंजन मिश्रा (पूर्व महानिदेशक, एनएमसीजी), युगल जोशी (कार्यक्रम निदेशक, नीति आयोग), आर. एन. मिश्रा (पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन लिमिटेड), श्री अतुल जैन (उपाध्यक्ष, दीन दयाल शोध संस्थान), तथा प्रो. अनिल के. मिश्रा (तकनीकी विशेषज्ञ, एनआरएए, भारत सरकार) शामिल हैं। यह उच्च-स्तरीय पैनल विज्ञान, नीति और जमीनी नेतृत्व के बीच सेतु स्थापित कर समावेशी, सामुदायिक-प्रेरित और संस्थागत रूप से सुदृढ़ जल शासन ढाँचों को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कॉन्क्लेव में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख वक्ताओं, विशिष्ट पैनल सदस्यों और तकनीकी विशेषज्ञों की प्रभावशाली श्रृंखला शामिल है, जो प्रतिष्ठित संस्थानों और वैश्विक संगठनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। पूर्ण सत्रों, तकनीकी चर्चाओं और नीति संवादों के माध्यम से आरडब्ल्यूसी 2026 अंतर्विषयी सहयोग को सुदृढ़ करने और सहनशील एवं न्यायसंगत जल संसाधन प्रबंधन ढाँचों को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य रखता है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 24 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# राजनीति का गिरता स्तर

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही थी। यूपी पुलिस ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ बाल यौन शोषण के आरोपों में रविवार को एफआईआर दर्ज की। दरअसल जगदगुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी ने प्रयागराज की पॉकसो कोर्ट में दो बच्चों को पेश कर अविमुक्तेश्वरानंद पर आरोप लगाए हैं। इसी को आधार बनाकर कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। इसके बाद रविवार की देर रात मुकदमा दर्ज हो गया। इसी के साथ राजनीति भी शुरू हो गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक प्रेस वार्ता कर जगदगुरु राम भद्राचार्य के बारे में कहा कि एक समय उन पर मुकदमे दर्ज थे, जो उन्होंने वापस लिए थे। यह मुझसे गलती हुई थी। मुझे उसे वापस नहीं लेना चाहिए था। निश्चित रूप से जिस तरह की कार्रवाई शंकराचार्य के खिलाफ देखने में आई, वह बदले की कार्रवाई ज्यादा लगती है। जिसमें एफआईआर दर्ज हुई है यह मामला बीस वर्ष पुराना बताया जा रहा है। कोई भी पूछ सकता है कि आखिर बीस वर्षों तक इस मामले पर चुप्पी क्यों साधी गई। इस तरह की कार्रवाई तभी देखने में क्यों आई जब पिछले दिनों माघ मेले में गंगा स्नान को लेकर अविमुक्तेश्वरानंद को रोका गया। सरकार और शंकराचार्य के बीच जिस तरह तू-तू मैं मैं बढ़ी कि अविमुक्तेश्वरानंद बिना स्नान किए ही वापस चले गए। उम्मीद थी कि यह मामला शीघ्र शांत हो जाएगा, लेकिन समय के साथ-साथ और तूल पकड़ता जा रहा है। गंगा स्नान रोकने से शुरू हुआ विवाद अब शंकराचार्य और प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच तू-तू मैं मैं तक पहुंच गया है। हालात तो इतने विकट हो गए हैं कि अब दोनों ही एक दूसरे को अस्तित्व की चुनौती दे रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने तो यहां तक कह दिया कि शंकराचार्य अपने संबंध में सबूत दिखाएं। जहां तक बात विपक्षी नेताओं की है, उन्होंने इस मुद्दे को तुरंत लपक लिया है और वह शंकराचार्य के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। उसको सनातन धर्म से जोड़कर देख रहा है। सपा प्रमुख एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तो राजनीतिक मौका ताड़ प्रदेश के दो उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक को सीधे ऑफर दे दिया है कि अगर वह भाजपा के सौ विधायक लाते हैं तो सीएम की कुर्सी पा सकते हैं। ऐसा कहते हुए उन्होंने यह भी कह डाला कि यह ऑफर सिर्फ एक हफ्ते के लिए है। हालांकि दोनों सीएम का रुख शंकराचार्य को लेकर अपने सीएम से इतर रहा है। बहुत संभव है अखिलेश यादव उनके रुख को भांपकर यह ऑफर पेश कर रहे हैं। ये सब बातें तो राजनीति में चलती रहती हैं, लेकिन जिस तरह का तमाशा शंकराचार्य को लेकर इस समय देखने में आ रहा है उसे जरा भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता।

## छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए



ममता दीदी के बिना, इंडिया गठबंधन खत्म हो जाएगा, क्योंकि ममता बनर्जी इस गठबंधन की लीडर हैं, उनके साथ, दो-चार और लोग हैं जो यह जगह पा सकते हैं, मुझे लगता है कि राहुल गांधी को गठबंधन का नेतृत्व करने की बजाय छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए, फिर चाहे वह स्टालिन हों, ममता दीदी हों, अखिलेश हों, तेजस्वी हों, या कोई और राहुल गांधी को इन लोगों को जिम्मेदारी देनी चाहिए, पश्चिम बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सीएम ममता बनर्जी का समर्थन करने पर मेरा कहना है कि मैं खुद टीएमसी में ममता दी का पहला नेशनल सेक्रेटरी था, मैं दिसम्बर 1997 के आखिर में यहां पार्टी में शामिल हुआ था। लेकिन तीन हफ्ते के अंदर ही मुझे एहसास हो गया कि यह पार्टी बंगालियों की है और मैं बंगाली नहीं हूं, तो फिर मैं वहां क्या करता, इसलिए मैंने पार्टी छोड़ दी। **-मणिशंकर अय्यर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन गलत, तो भाजपा का व्यवहार सही कैसे!






रोहित कौशिक

एआई समिट में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने टीशर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन किया तो उन पर तरह-तरह के सवाल उठने लगे। इसके बाद एक प्रेस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने राहुल गांधी और कांग्रेस को देश का सबसे बड़ा गद्दार बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी देश आगे बढ़ता है, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी उस खुशहाली में रंग में भंग डालते हैं और विकास को बाधित करते हैं। संबित पात्रा ने एआई समिट में यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को राहुल गांधी की साजिश बताया और कांगेस को टॉपलेस, ब्रेनलेस और शेमलेस कहा। सवाल यह है कि अगर एआई समिट में यूथ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन गलत है तो फिर संबित पात्रा का यह बयान सही कैसे हो सकता है? क्या यूथ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन और संबित पात्रा का यह बयान अतिवाद की श्रेणी में नहीं आते हैं। अब भाजपा के लोग जगह-जगह राहुल गांधी के पुतले फूंक रहे हैं। राहुल गांधी को देश का गद्दार बताया जा रहा है।

दरअसल एक स्वस्थ लोकतंत्र में प्रदर्शन कर सरकार की किसी नीति का विरोध करना हर नागरिक का अधिकार है। सवाल यह है कि क्या एआई समिट में यूथ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जरूरी था या फिर किसी अन्य जगह भी प्रदर्शन किया जा सकता था? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों का विरोध करने वाले अनेक पत्रकार यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को सही ठहराया रहे हैं। नीतियों का विरोध करना ठीक है लेकिन क्या इस आधार पर यूथ कांग्रेस के इस व्यवहार को सही ठहराया जा सकता है? शायद कांग्रेस के अंदर भी यूथ कांग्रेस के इस प्रदर्शन को लेकर लोग एकमत नहीं हैं। शुक्रवार 20 फरवरी को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एआई समिट में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन किया था। कार्यकर्ताओ ने टीशर्ट उतारकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ 'पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड' के नारे लगाए। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या यूथ कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन सही था लेकिन गलत जगह पर था। ऐसी जगह जहां ज्ञान-विज्ञान का अस्थाई केन्द्र बनाया गया हो, वहां इस तरह का विरोध क्या देश हित में था ? एक ऐसी जगह जहां कई देशों के प्रतिनिधि एआई पर केन्द्रित रचनात्मक योगदान दे रहे हों, वहां इस तरह का व्यवहार क्या कांग्रेस को कोई नई प्रतिष्ठा दिला पाएंगा ? विरोध करने की सही जगह भी होनी चाहिए। हालांकि ऐसे लोग और पत्रकार जो हर महीने नरेन्द्र मोदी की सरकार गिरने की घोषणा करते रहते हैं, वे कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को सही ठहरा रहे हैं, लेकिन कुछ बातें कांग्रेस को अपने स्तर पर गंभीरता से सोचनी होंगी। निश्चित रूप से राहुल गांधी लगातार सवाल उठा रहे हैं और मेहनत कर रहे हैं। लेकिन क्या उनकी मेहनत सही दिशा में जा रही है ? कहीं ऐसा तो नहीं कि कांग्रेस के कुछ क्रियाकलाप राहुल गांधी की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं ? या फिर कभी-कभी राहुल गांधी स्वयं भी अपनी ही मेहनत पर पानी तो नहीं फेर रहे हैं ? जहां कांग्रेस को लगता है कि सरकार की नीतियों का विरोध होना चाहिए वहां उसे विरोध करना चाहिए। लेकिन यदि जनता में यह संदेश जाएगा कि कांग्रेस तो हर बात का विरोध कर रही है तो वह स्वयं कांग्रेस के लिए भी शुभ नहीं होगा। सही जगह पर सही तरीके से विरोध होना चाहिए। सवाल यह है कांग्रेस के नेता उस तरह से सड़कों पर क्यों नहीं दिखाई देते हैं, जिस तरीके से उन्हें दिखाई देना चाहिए ? क्या भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध करने के लिए एआई समिट उचित जगह थी ? इस डील के विरोध में कांग्रेस सड़कों पर कितनी उतरी है ? केवल दिखावे के लिए सड़कों पर उतरना दूसरी बात है और पूरे जज्बे साथ सड़कों पर उतरना दूसरी बात है। क्या कारण है कि वास्तविक मुद्दों पर कांग्रेस अभी भी एक जन आन्दोलन पैदा नहीं कर पाई है। कई बार ऐसा लगता है कि कांग्रेस अपनी ऊर्जा ऐसी जगहों पर लगा रही है जहां से उसे बदनामी ही ज्यादा मिल रही है। भाजपा के पूरे तंत्र से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस को अभी बहुत काम करने की जरूरत है।

इस मुद्दे पर राहुल गांधी को गद्दार कहने वाली भाजपा को भी यह विचार करना होगा कि क्या राहुल गांधी को गद्दार कह कर वह सवालों से बच जाएंगी? भाजपा को राहुल गांधी की आलोचना का पूरा हक है लेकिन उन्हें गद्दार कहना न केवल अलोकतांत्रिक है बल्कि शर्मनाक भी है। भाजपा को राहुल गांधी को गद्दार कहने की बजाय उनके सवालों के गंभीरता के साथ जवाब देने चाहिए। राहुल गांधी को नहीं बल्कि सवाल उठाने वाले हर नागरिक को भाजपा देशद्रोही सिद्ध करने की कोशिश करती है। भाजपा का यह चरित्र हमारे लोकतंत्र को कमजोर करता है। आज भाजपा कांग्रेस के विरोध करने के तरीके पर सवाल उठा रही है लेकिन यदि भाजपा विपक्ष में होती तो क्या वह भी कुछ इसी तरह का व्यवहार नहीं कर रही होती। आज भाजपा बार-बार यह सिद्ध करने का प्रयास करती है कि पूरा विपक्ष भारतीय संस्कृति और देश के खिलाफ है। लोकतंत्र में भाजपा की इस मानसिकता को उचित नहीं कहा जा सकता। सत्ता में होने के कारण भाजपा से ज्यादा गंभीरता की उम्मीद की जाती है, लेकिन कई बार भाजपा के अनेक नेताओं के बयान न्यूनतम मर्यादा को भी ताक पर रख देते हैं। बहरहाल एआई समिट में यूथ कांग्रेस का इस तरह से किया गया विरोध प्रदर्शन गलत है तो इस मुद्दे पर भाजपा द्वारा राहुल गांधी को गद्दार घोषित करने के प्रयास को उचित कैसे ठहराया जा सकता है।

**क्या भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध करने के लिए एआई समिट उचित जगह थी ? इस डील के विरोध में कांग्रेस सड़कों पर कितनी उतरी है ? केवल दिखावे के लिए सड़कों पर उतरना दूसरी बात है और पूरे जज्बे साथ सड़कों पर उतरना दूसरी बात है। क्या कारण है कि वास्तविक मुद्दों पर कांग्रेस अभी भी एक जन आन्दोलन पैदा नहीं कर पाई है। कई बार ऐसा लगता है कि कांग्रेस अपनी ऊर्जा ऐसी जगहों पर लगा रही है जहां से उसे बदनामी ही ज्यादा मिल रही है। भाजपा के पूरे तंत्र से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस को अभी बहुत काम करने की जरूरत है। इस मुद्दे पर राहुल गांधी को गद्दार कहने वाली भाजपा को भी यह विचार करना होगा कि क्या राहुल गांधी को गद्दार कह कर वह सवालों से बच जाएंगी? भाजपा को राहुल गांधी की आलोचना का पूरा हक है लेकिन उन्हें गद्दार कहना न केवल अलोकतांत्रिक है बल्कि शर्मनाक भी है। भाजपा को राहुल गांधी को गद्दार कहने की बजाय उनके सवालों के गंभीरता के साथ जवाब देने चाहिए।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आप नहीं आपके अंगों को खा जाएंगे ये सभी आहार

**यह काफी दिलचस्प बात है कि जब चूहों को फिर से सामान्य आहार दिया गया तो सेनेसेंट कोशिकाएं लगभग गायब हो गई थीं। उच्च वसा वाला भोजन और नियमित भोजन निश्चित अंतराल पर बारी-बारी करने से भी ऐसी कोशिकाओं का निर्माण रुक गया। इससे स्पष्ट होता है कि कीटोजेनिक आहार से नियमित अंतराल पर ब्रेक लेने से इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है। बहरहाल, अन्य विशेषज्ञ इस बात से सहमत नहीं हैं कि कीटोजेनिक आहार मनुष्यों के लिए भी हानिकारक है। उनका कहना है कि इन निष्कर्षों को पूरी तरह से समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है। सेनेसेंट कोशिकाओं के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हो सकते हैं-वे घाव भरने में मदद करती हैं।**

हाल ही में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित एक अध्ययन ने तेजी से वजन घटाने और चयापचय लाभों के लिए जाने-माने कीटोजेनिक आहार के छिपे हुए जोखिम को उजागर किया है। शोधकर्ताओं ने उच्च वसा और अत्यधिक कम कार्बोहाइड्रेट पर आधारित इस आहार से चूहों के अंगों में सेनेसेंट (वृद्ध) कोशिकाओं का संचय होते देखा है। सेनेसेंट कोशिकाएं वे कोशिकाएं होती हैं जो विभाजन करना बंद कर देती हैं लेकिन मरती भी नहीं। आम तौर पर हमारा प्रतिरक्षा तंत्र इन्हें साफ कर देता है लेकिन उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा तंत्र अपना काम भलीभांति नहीं कर पाता और जमा होने वाली सेनेसेंट कोशिकाएं ऊतक के कार्य को बाधित कर सकती हैं और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म दे सकती हैं। वास्तव में, कीटोजेनिक आहार शरीर को कार्बोहाइड्रेट की बजाय वसा का उपयोग करने के लिए मजबूर करता है, जिससे कीटोन नामक अणु उत्पन्न होते हैं। आम तौर पर कीटो आहार लेने वाले लोग अपनी कैलोरी का 70 से 80 प्रतिशत वसा से और केवल 5 से 10 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट से प्राप्त करते हैं। इसके विपरीत, एक औसत अमेरिकी के आहार में लगभग 36 प्रतिशत वसा और 46 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट होता है। वैसे तो यह आहार मूल रूप से 1920 के दशक में बच्चों में मिर्गी के इलाज के लिए विकसित किया गया था लेकिन यह वजन तथा रक्त शर्करा के स्तर को कम करने और एथलेटिक प्रदर्शन को बढ़ाने की चाह रखने वालों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ है।



दरअसल, सैन एंटोनियो स्थित टेक्सास हेल्थ साइंस सेंटर के विकिरण कैंसर विशेषज्ञ डेविड गियस के नेतृत्व में शोधकर्ता यह जांच कर रहे थे कि कीटो आहार के कारण च53 प्रोटीन पर किस तरह के असर होते हैं। p53 प्रोटीन कैंसर से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही यह कोशिकीय सेनेसेंस का नियमन भी करता है। प्रयोगों के दौरान उन्होंने देखा कि उच्च वसा (जो कुल में से लगभग 90 प्रतिशत कैलोरी देता है) वाले कीटोजेनिक आहार से चूहों के दिल, गुर्दे, यकृत और मस्तिष्क में p53 और सेनेसेंट कोशिकाओं के अन्य संकेतकों का स्तर बढ़ा था। इसके विपरीत, आहार में वसा से केवल 17 प्रतिशत कैलोरी प्राप्त करने वाले चूहों के नियंत्रण समूह में ऐसी कोई वृद्धि नहीं देखी गई।

यह काफी दिलचस्प बात है कि जब चूहों को फिर से सामान्य आहार दिया गया तो सेनेसेंट कोशिकाएं लगभग गायब हो गई थीं। उच्च वसा वाला भोजन और नियमित भोजन निश्चित अंतराल पर बारी-बारी करने से भी ऐसी कोशिकाओं का निर्माण रुक गया। इससे स्पष्ट होता है कि कीटोजेनिक आहार से नियमित अंतराल पर ब्रेक लेने से इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है। बहरहाल, अन्य विशेषज्ञ इस बात से सहमत नहीं हैं कि कीटोजेनिक आहार मनुष्यों के लिए भी हानिकारक है। उनका कहना है कि इन निष्कर्षों को पूरी तरह से समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है। सेनेसेंट कोशिकाओं के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हो सकते हैं-वे घाव भरने में मदद करती हैं लेकिन अगर वे लंबे समय तक बनी रहती हैं तो सूजन पैदा कर सकती हैं और ऊतकों को क्षति भी पहुंचा सकती हैं। लिहाजा, आहार की सुरक्षा सम्बंधी निष्कर्ष निकालने से पहले मनुष्यों में इन कोशिकाओं के हानिकारक प्रभाव को प्रदर्शित करना जरूरी है। वैसे, अध्ययन यह भी कहता है कि सभी कीटोजेनिक आहार एक जैसे नहीं होते। वसा और प्रोटीन स्रोतों में भिन्नता से इनके परिणाम अलग-अलग भी हो सकते हैं। ऐसे में यह कहना उचित नहीं है कि चूहों में देखे गए प्रभाव सभी कीटोजेनिक आहारों पर एक समान रूप से लागू होंगे। बहरहाल, कीटोजेनिक आहार विभिन्न स्वास्थ्य लाभ तो प्रदान करता है लेकिन इस अध्ययन की मानें तो संतुलन और समय-समय पर इस आहार से ब्रेक लेकर सामान्य भोजन अपनाना समझदारी होगी। फिर भी इस संदर्भ में अधिक शोध आवश्यक है ताकि सुरक्षित और प्रभावी कीटोजेनिक आहार के लिए दिशानिर्देश तैयार किए जा सकें। तब तक, कीटोजेनिक आहार लेने वाले लोग प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए नियमित ब्रेक लेने पर विचार कर सकते हैं।

**-साभार**

# जलवायु परिवर्तन के लिए प्रभावी तरीके खोजना अहम

जैसे-जैसे जलवायु संकट गहराता जा रहा है, इस पर कार्रवाई के लिए प्रभावी तरीके खोजना उतना ही अर्जेंट होता जा रहा है। इस सम्बंध में एक आशाजनक साधन रोल-प्लेइंग गेम द्धआरपीजीक्ष्र हो सकता है। यह गेम खिलाड़ियों को एक आभासी वातावरण में जटिल स्थितियों से निपटने का काम देता है जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया पर खतरा पैदा किए बिना अपने उपायों के दीर्घकालिक प्रभावों को समझने में मदद मिलती है। इस सम्बंध में नेचर में सैम इलिंगवर्थ ने कुछ सुझाव प्रस्तुत किए हैं।

**यथार्थ विश्व में निर्णय**

यह बहुत ही दिलचस्प खेल है जिसमें आपको एक निर्णायक व्यक्ति की भूमिका में रखा जाता है। उदाहरण के लिए मान लीजिए कि आप एक तटीय शहर के मेयर हैं, और आपको यह तय करना है कि भविष्य में बाढ़ से बचने के लिए समुद्र की दीवार कितनी ऊंची बनाई जाए। इस निर्णय में आपको बाढ़ के जोखिम और दीवार के निर्माण की लागत के बीच संतुलन बनाना है। और वह भी यह जाने बिना कि समुद्र का स्तर कितनी तेजी से बढ़ेगा। ऐसे जटिल निर्णय लेने वाले परि.श्यों को इस तरह रोल-प्ले के माध्यम से प्रभावी ढंग से समझा जा सकता है।

**खेल-खेल में सीखना**

टेराफॉर्मिंग मार्स (यानी मंगल का पृथ्वीकरण) जैसे खेल खिलाड़ियों को नैतिक दुविधाओं से परिचित कराते हैं। मसलन संसाधन खर्च की प्राथमिकता अंतरिक्ष औपनिवेशीकरण हो या पृथ्वी पर समस्याओं को हल करना। इसके हर सत्र में इस बात पर तीखी बहस होती है कि मंगल जैसे किसी ग्रह पर हरित स्थानों का निर्माण करना और रहने योग्य शहर बनाना बेहतर होगा या यहां पृथ्वी की समस्याओं को दुरुस्त करना। इसी तरह, इलिंगवर्थ ने गेम शोधकर्ता पॉल वेक और जलवायु चौरिटी पॉसिबल के साथ मिलकर ताश का एक खेल बनाया था - कार्बन सिटी जीरो। इसमें प्रत्येक खिलाड़ी पहला शून्य कार्बन शहर बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करते थे। लेकिन इससे मिले फीड बैक से उन्हें समझ में आया कि प्रतिस्पर्धा वाला पहलू गलत संदेश देता है तो उन्होंने इसी खेल का नया संस्करण बनाया - कार्बन सिटी जीरो वर्ल्ड एडिशन। इसमें खिलाड़ी शून्य-कार्बन शहरों का निर्माण करने के लिए सहयोग करते हैं। यह खेल जलवायु संकट से निपटने में टीमवर्क की भूमिका को उजागर करता है।

**मैजिक सर्किल की शक्ति**

मैजिक सर्कल आधारित गेम्स में नियम लागू होते हैं। उदाहरण के लिए, डे-ब्रेकश नामक खेल में खिलाड़ी विश्व नेताओं की भूमिका निभाते हैं जो जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए मिलकर काम करते हैं। गेम में नियम लागू होते हैं जिनमें पर्यावरणीय लक्ष्य भी निर्धारित होते हैं और दंड का प्रावधान भी होता है। जैसे यदि उत्सर्जन कम नहीं किया जाता है तो दंड यह होता है कि वैश्विक तापमान बढ़ने लगता है और समुदायों पर संकट मंडराने लगता है, लेकिन देखा गया है कि ऐसे खेल जिनमें एक तयशुदा प्रक्रिया हो और परिदृश्य भी सीमित हों, उनमें रचनात्मक समाधानों की गुंजाइश कम होती है। इस संदर्भ में, टेबल टॉप रोल प्ले खेल कहीं ज्यादा लचीलापन और निजी अनुभव प्रदान करते हैं। खिलाड़ी गेम डिजाइनर के मार्गदर्शन में अपने पात्र और कहानी गढ़ते हैं। डंजियन एंड ड्रैगन्स जैसे गेम खिलाड़ियों को अपने-अपने पात्र की पृष्ठभूमि कथा तैयार करने का मौका देते हैं, जो खेल के दौरान विकसित होती रहती है। अध्ययनों से पता चलता है कि नियमित आरपीजी खिलाड़ी गैर-खिलाड़ियों की तुलना में अधिक समानुभूति प्रदर्शित करते हैं और अधिक समाज-हितैषी व्यवहार दर्शाते हैं। अधिक समानुभूति वाले लोग पर्यावरण-हितैषी निर्णयों पर अधिक ध्यान देते हैं, जैसे टिकाऊ उत्पादों का अधिक इस्तेमाल। हालांकि, इस बात के स्पष्ट प्रमाण तो नहीं हैं कि आरपीजी का प्रत्यक्ष संबंध विशिष्ट पर्यावरणीय कार्रवाइयों से होता हैं लेकिन ऐसा लगता है कि समानुभूति को बढ़ावा देकर वे जलवायु कार्रवाई को प्रोत्साहित कर सकते हैं। उपरोक्त संभावनाओं की प्रेरणा से रूटेड इन क्राइसिस टेबलटॉप आरपीजी उभरा है जिसे शोधकर्ताओं, शिक्षकों और गेम डिजाइनरों की एक वैश्विक टीम ने विकसित किया है। इस गेम में जलवायु सम्बंधी प्रामाणिक जानकारी को कथा में गूंथा जाता है। जैसे, एक खेल में खिलाड़ियों को एक जादुई शहर में रखकर भयानक बाढ़ के बाद आपदा राहत पर बातचीत के लिए छोड़ दिया जाता है। या वे किसी आसन्न आपदा के साए में अंतरिक्ष में किसी स्थान की खोज करने जैसी विचित्र परिस्थिति का सामना करते हैं। इस तरह के खेलों को अपनाने में कई दिक्कतें भी आती है। वैज्ञानिकों द्वारा समर्थित होने पर भी इन्हें अक्सर बचकाना माना जाता है। आलोचकों को यह भी चिंता है कि ऐसे खेल जटिल वैज्ञानिक डैटा और नीति संबंधी चर्चाओं का अतिसरलीकरण सकते हैं। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, रूटेड इन क्राइसिस में ऐसे परिदृश्य शामिल किए गए हैं जो वास्तविक दुनिया की जलवायु चुनौतियों को दर्शाते हैं। इसमें बढ़ते समुद्र स्तर पर शहर की प्रतिक्रिया का प्रबंधन करने, हितधारी समूहों का मुकाबला करने और सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पानी के लिए बातचीत करने जैसे विषय शामिल किए गए हैं। जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों को संबोधित करने में खेलों की शक्ति कुछ लोगों के व्यक्तिगत अनुभवों से



प्रमाणित हुई है। खेल अलग-अलग व्यक्तित्वों को अपनाने और विभिन्न स्थितियों में समानुभूति और समस्या-समाधान का अभ्यास करने के अवसर प्रदान करते हैं।

**स्रोत फीचर्स**

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल: त्रिशूली नदी में गिरी बस, 18 लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के धादिग में रविवार देर रात एक बस के त्रिशूली नदी में गिर जाने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। नेपाल के राष्ट्रीय अखबार काठमांडू पोस्ट ने यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक, धादिग के बेनीघाट रोरंग ग्रामीण नगर पालिका के चरौंडी में हुए बस हादसे में घायल यात्रियों को इलाज के लिए काठमांडू भेजा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पोखरा से काठमांडू जा रही बस देर रात 1:15 बजे त्रिशूली नदी में गिर गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हैं। इनमें से 24 को आगे के इलाज के लिए काठमांडू भेजा गया है। एक घायल यात्री न्यूजीलैंड का नागरिक है। उसे इलाज के लिए मालेखु टीचिंग अस्पताल भेजा गया है।

### जॉर्डन ने फलस्तीन के पश्चिमी तट में भेजी राहत सामग्री

**अम्मान।** जॉर्डन ने रविवार को छह ट्रकों का एक मानवीय सहायता काफिला फलस्तीन के पश्चिमी तट स्थित नब्लूस में जॉर्डन के फील्ड हॉस्पिटल के लिए रवाना किया, जिसमें चिकित्सा, खाद्य और राहत सामग्री भेजी गई। जॉर्डन सशस्त्र बलों (जेएएफ) द्वारा भेजे गए इस काफिले में अस्पताल के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा उपभोग्य सामग्री, खाद्य वस्तुएं और पानी शामिल थे। जेएएफ के एक बयान के अनुसार, अस्पताल विशेषज्ञ चिकित्सकीय और तकनीकी टीमों के माध्यम से चिकित्सा और उपचार सेवाएं लगातार प्रदान कर रहा है, जिससे मौजूदा हालात में नागरिकों की स्वास्थ्य जरूरतें पूरी करने और उन पर पड़ रहे बोझ को कम करने में मदद मिल रही है।

### अलास्का तट के पास 6.1 तीव्रता का भूकंप

**अलास्का।** अमेरिका के अलास्का तट के पास सोमवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। यह जानकारी संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने दी। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप जीएमटी 05:11 पर आया। इसका केंद्र निकोल्स्कोए से लगभग 86 किलोमीटर (53 मील) दक्षिण-पश्चिम में स्थित था और इसकी गहराई 25.4 किलोमीटर मापी गई। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप से किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है।

### नीता भूषण पोलैंड में भारत की नई राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी नीता भूषण को पोलैंड में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि भारतीय विदेश सेवा की 1994 बैच की अधिकारी नीता भूषण को पोलैंड में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। सुभूषण अभी न्यूजीलैंड में भारत की उच्चायुक्त हैं।



बारामूला। गुलमर्ग में आयोजित खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2026 के आरंभिक समारोह के दौरान जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

## ग्रीनलैंड के पीएम बोले: ट्रम्प की 'हॉस्पिटल शिप' की जरूरत नहीं

**ओस्लो।** ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फेडरिक नील्सन ने रविवार को कहा कि उनके देश को अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भेजी जाने वाली 'हॉस्पिटल शिप' में कोई रुचि नहीं है। ट्रम्प ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा था कि वह लुइसियाना के गवर्नर जेफ लैंड्री के साथ मिलकर एक 'हॉस्पिटल शिप' ग्रीनलैंड भेज रहे हैं ताकि देश में जो भी लोग बीमार हैं, उनका इलाज किया जा सके। नील्सन ने फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा कि इस प्रस्ताव का जवाब है 'नहीं, धन्यवाद।' उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली है, जहां नागरिकों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है।

# अफगान पर एयरस्ट्राइक कर 80 लड़ाके मारे: पाक

## कहा: टीटीपी को टारगेट किया, आत्मघाती हमलों का बदला लिया, अफगान बोला: 16 नागरिक मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने सोमवार को बताया कि अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों पर कार्रवाई की गई। उनके मुताबिक कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी मीडिया डान ने दावा किया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 80 हो गई है। हालांकि सरकार ने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत सार्वजनिक नहीं किया।

दरअसल, पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। सेना ने कहा कि टीटीपी और इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े 7 कैंपों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। पाकिस्तान ने कहा कि हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए। वहीं अफगानिस्तान सरकार ने कहा कि हमले में मासूम नागरिकों को निशाना बनाया गया। मीडिया चौनल टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23 लोग मलबे के नीचे दब गए। अमेरिकी मानवा. धिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन के मुताबिक इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह 2020 में दोहा में अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत तालिबान पर दबाव डाले, ताकि अफगान जमीन का इस्तेमाल दूसरे देशों के खिलाफ न हो। 2020 का दोहा समझौता जिसे अफगानिस्तान में शांति प्रयास भी कहा जाता है। यह अमेरिका और तालिबान के बीच 29 फरवरी 2020 को कतर की राजधानी दोहा में हस्ताक्षरित हुआ था। यह समझौता अफगानिस्तान में 2001 से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और अमेरिकी बलों की वापसी का रास्ता बनाने के लिए किया गया था। तालिबान ने प्रतिबद्धता जताई कि वह अफगानिस्तान की जमीन को अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी समूह या व्यक्ति को इस्तेमाल नहीं करने देगा। इसमें विशेष रूप से अल-कायदा और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों से संबंध तोड़ने और उन्हें अफगानिस्तान में भर्ती, प्रशिक्षण, फंडिंग या हमले की अनुमति न देने का वादा शामिल था। समझौते के बाद अमेरिका ने 2021 में अपनी सेना वापस बुला ली, जिसके बाद तालिबान ने तेजी से काबुल पर कब्जा कर लिया अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सही समय पर पाकिस्तान को जवाब देने की चेतावनी दी है। मंत्रालय ने इन हमलों को अफगानिस्तान की गोपनीयता नीति का उल्लंघन बताया। अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नांगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई। पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार से मांग करता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे।

■ पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी



# मेक्सिको में सबसे बड़ा ड्रग माफिया मारा गया

## ट्रम्प के दबाव के बाद एक्शन, देशभर में हिंसा शुरू, समर्थकों ने एयरपोर्ट-मॉल में आग लगाई

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। इसके बाद देशभर में आग. जनी और हिंसा शुरू हो गई है। मेंचो के समर्थकों ने बदला लेने के लिए हाईवे को जाम कर दिया है और गाड़ियों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। तलपला शहर में सेना के ऑपरेशन के दौरान वह घायल हो गया था।

उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एल मेंचो, जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल (सीजेएनजी) का लीडर था। जलिस्को कार्टेल मेक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा है।

इस कार्टेल की मौजूदगी अमेरिका के 50 राज्यों में है। अमेरिकी सरकार ने अल मेंचो के ऊपर 136 करोड़ रुपये का इनाम रखा था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प काफी समय से मेक्सिको पर एल मेंचो पर एक्शन लेने का दबाव बना रहे थे। मेक्सिको में पहले भी जब किसी बड़े कार्टेल नेता को पकड़ा गया या मारा गया है, तब सरकार और कार्टेल के बीच हिंसक टकराव हुआ है। कई बार गिरोह के अंदर ही सत्ता की लड़ाई छिड़ जाती है, जिससे हालात और बिगड़ जाते हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि एल मेंचो की मौत से पहले 2016 में सिनाओला कार्टेल के सरगना एल चापो की गिरफ्तारी और 2024 में अल मायो की गिरफ्तारी के वक्त भी देश में ऐसा ही हुआ था। 2019 में जब अल चापो के बेटे ओ. विदियो गुजमान को पकड़ा गया था, तब उसके गुर्गों ने कुलियाकान शहर को घंटों तक बंधक बना लिया था और सरकार को उसे छोड़ना पड़ा था। इसलिए अब भी डर है कि हालात और बिगड़ सकते हैं। अब यह इस बात पर निर्भर करेगा कि जालिस्को कार्टेल के पास नया नेता साफ तौर पर तय है या नहीं। अगर अंदरूनी लड़ाई शुरू हुई तो खून-खराबा और बढ़ सकता है। जालिस्को कार्टेल (सीजेएनजी) कार्टेल 2009 में बना था। एल मेंचो की लीडरशिप में यह मेक्सिको का सबसे बड़ा ड्रग नेटवर्क बन गया था। यह कोकीन, मेथामफेटामिन और हाल के वर्षों में फेंटानिल जैसी सिंथेटिक ड्रग्स अमेरिका भेजता था। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मेंचों की मौत से मेक्सिको और अमेरिका के रिश्तों में सुधार हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प मेक्सिको पर दबाव बना रहे थे कि वह कार्टेल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर सख्त कदम नहीं उठाए गए तो वह सैन्य कार्रवाई पर भी विचार कर सकते हैं। इसी साल फरवरी में ट्रम्प एडमिनिस्ट्रेशन ने कार्टेल को विदेशी टेररिस्ट आर्गनाइजेशन घोषित किया। मेक्सिको सरकार ने साफ कहा है कि अमे. रिकी हमले से देश की संप्रभुता का उल्लंघन होगा, लेकिन खुफिया जानकारी के स्तर पर दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ा है। मेक्सिको दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करी नेटवर्क का गढ़ माना जाता है, जहां से कोकीन, हेरोइन, मेथ और फेंटेनाइल जैसे बेहद खतरनाक ड्रग अमेरिका तक पहुंचते हैं। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक देश में ड्रग्स की सबसे बड़ी सप्लाई मेक्सिकन कार्टेल्स के जरिए होती है। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा ड्रग मार्केट है। हर साल लाखों लोग नशे की लत के शिकार होते हैं और फेंटेनाइल जैसी दवाओं से हजारों मौतें होती हैं। अमेरिकी सरकार पर लगातार दबाव रहता है कि ड्रग तस्करी पर सख्त कदम उठाए जाएं और इसी वजह से उसकी नजर मेक्सिको में मौजूद कार्टेल्स पर रहती है। दूसरी तरफ, कार्टेल्स मेक्सिको में इतने शक्तिशाली बन चुके हैं कि कई इलाकों में वे पुलिस और सरकार को चुनौती देते हैं।



■ सेना के ऑपरेशन में ड्रग माफिया सरगना मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं

### मेक्सिको में हिंसा भड़कने के बाद भारतीय दूतावास ने जारी किया परामर्श

**नई दिल्ली।** भारत ने मेक्सिको में रह रहे अपने नागरिकों को सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने और 'कानूनी गतिविधियों के आसपास के क्षेत्रों' से दूर रहने की सलाह जारी की है। यह परामर्श मेक्सिको पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक कुख्यात ड्रग माफिया के मारे जाने के बाद भड़की हिंसा के मद्देनजर दिया गया है। मारे गए ड्रग माफिया की पहचान नेमेसियो रुबेन ओसेगुएरा सर्वांटेस उर्फ 'एल मेंचो' के रूप में हुई है, जो जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल का सरगना था। वह सैनिकों के साथ मुठभेड़ में घायल हुआ था। मेक्सिको सिटी ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इसके बाद कई इलाकों में हिंसक घटनाएं सामने आईं। भारतीय दूतावास द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि भारतीय नागरिक ऐसी जगहों से दूर रहें जहां विधिक एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। अपने आसपास के माहौल के प्रति सजग रहें, सुरक्षित स्थान पर शरण लें और अनावश्यक बाहर निकलने से बचें।

# ट्रम्प के रिजार्ट मे घुस रहे युवक को गोली मारी, मौत

■ गन और फ्यूल केन लेकर अंदर घुसने की को. शिश कर रहा था

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिजार्ट में घुसने की कोशिश करने वाले एक युवक को सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना स्थानीय समयानुसार रविवार आधी रात 1.30 बजे हुई। राष्ट्रपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि युवक गैरकानूनी तरीके से सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था। वह अपने साथ शाटगन और फ्यूल केन लेकर आया था।

मारे गए युवक की उम्र 20 साल थी, वह नार्थ कैरोलीना का रहने वाला था। फिलहाल उसकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है। घटना के वक्त राष्ट्रपति ट्रम्प वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में मौजूद थे। आमतौर पर वह वीकेंड पर मार-ए-लागो में समय बिताते हैं। अधिकारियों ने युवक से बरामद हुई शाटगन की एक तस्वीर जारी की है। इसमें एक लाल फ्यूल केन भी नजर आ रहा है। सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि रिजार्ट के नार्थ गेट से एक कार के बाहर निकल रही थी, इसी दौरान युवक ने अंदर घुसने की कोशिश की। उसके पास शाटगन और फ्यूल केन थी। सीक्रेट सर्विस के दो एजेंट्स ने उसे रोका और उससे हथियार और केन गिराने को कहा गया। युवक ने केन तो रख दिया, लेकिन शाटगन को गोली चलाने की पोजिशन में उठा लिया। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने गोली चलाई और वह मारा गया। जांच में पता चला कि उसके परिवार ने कुछ दिन पहले उसे लापता होने की रिपोर्ट की थी। वह नार्थ कैरोलीना से साउथ की ओर आया था और रास्ते में शाटगन खरीदा। उसकी कार में गन का डिब्बा मिला है। ट्रम्प की सुरक्षा में पहले भी चूक हो चुकी है। 13 जुलाई 2024 में ट्रम्प को एक रैली के दौरान एक हमलावर ने गोली मार दी थी। उस वक्त वे राष्ट्रपति नहीं थे। उन पर यह हमला राष्ट्रपति चुनाव से ठीक 4 महीने पहले हुआ था। 20 साल के हमलावर ने 400 फीट की दूरी से ट्रम्प पर असाल्ट राइफल से गोली चलाई थी। यह गोली उनके कान को छूते हुए गुजरी थी। इसके बाद ट्रम्प की सुरक्षा में तैनात सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर्स ने हमलावर को तुरंत ढेर कर दिया था। ट्रम्प को गोली लगने के बाद सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने कवर कर लिया।

## ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत का तीसरा दौर गुरुवार को

■ ईरान अमेरिका के साथ मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाने को तैयार है: अराघची

**काहिरा।** अमेरिका और ईरान ने परमाणु समझौते को लेकर अलग-अलग दृष्टिकोण के बावजूद बातचीत जारी रखने का फैसला किया है मगर अमेरिका की ओर से सैन्य तैनाती में उल्लेखनीय वृद्धि ने इस प्रक्रिया की नाजुकता और टकराव के जोखिम को उजागर किया है।

ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी ने रविवार को कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता का अगला दौर गुरुवार को जिनेवा में होगा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका-ईरान वार्ता इस गुरुवार को जिनेवा में तय हुई है, और समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में अतिरिक्त प्रयास किए जाएंगे। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, रविवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महा. निदेशक राफेल ग्रोसी के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें 'रचनात्मक सहभागिता और संवाद के रास्ते को अपनाने' के महत्व पर जोर दिया गया, ताकि एक टिकाऊ परमाणु समझौता हासिल किया जा सके। यह बात. चीत अराघची के उस बयान के बाद हुई।

# तारिक रहमान सरकार ने किया बांग्लादेश सेना में फेरबदल

## भारत से रक्षा सलाहकार को वापस बुलाकर प्रमोशन दिया, चीफ ऑफ जनरल स्टाफ भी बदला

**ढाका।** बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बनने के कुछ दिन बाद ही तारिक रहमान ने सेना में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया है। जारी आद. शों में ऑपरेशनल और इंटेलिजेंस पदों पर नई नियुक्तियां की गईं। भारत में तैनात रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल एमडी हाफिजुर रहमान को मेजर जनरल पद पर प्रमोट किया गया है।

उन्हें वापस बुलाकर 55वीं इन्फैंट्री डिविजन का जनरल आफिसर कमांडिंग (जीओसी) नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद मैनूर रहमान को सेना का चीफ ऑफ जनरल स्टाफ (सीजीएस) बनाया गया है। वे इससे पहले आर्मी ट्रेनिंग एंड डाक्ट्रिन कमांड के प्रमुख थे। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल मिजानुर रहमान शमीम की जगह ली है, जिन्हें रिटायरमेंट लीव पर भेज दिया गया था। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने सोमवार को आर्म्ड फोर्स डिवीजन में पदभार ग्रहण किया। मेजर जनरल कैसर राशिद चौधरी को डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फोर्सेस इंटेलिजेंस (डीजीएफआई) का डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। वे आर्मी मुख्यालय में ब्रिगेडियर जनरल के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने मेजर जनरल मोहम्मद जहांगीर आलम की जगह ली है, जिन्हें फिलहाल विदेश मंत्रालय में राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल मीर मुशफिकुर रहमान को सशस्त्रा बल डिविजन का प्रिंसिपल स्टाफ आफिसर (पीएसओ) बनाया गया है। वे इससे पहले चटगांव स्थित 24वीं इन्फैंट्री डिविजन के जनरल आफिसर कमांडिंग (जीओसी) थे। मौजूदा पीएसओ लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कामरुल हसन को विदेश मंत्रालय में राजदूत के पद पर ट्रांसफर कर दिया गया है। मेजर जनरल जेएम एमदादुल इस्लाम को ईस्ट बंगाल रेजिमेंटल सेंटर का कमांडेंट नियुक्त किया गया है। वहीं मेजर जनरल फिरदोस हसन सलीम को 24वीं इन्फैंट्री डिविजन का जीओसी बनाया गया है। ये बड़ा फेरबदल तारिक रहमान की नई बीएनपी सरकार के लिए सेना पर अपनी मजबूत पकड़ बनाने का पहला बड़ा कदम माना जा रहा है। फरवरी 2024 में छात्र आंदोलन से शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद मुहम्मद यूनुस की अंत. रम सरकार बनी थी, जिसने सेना के कई शीर्ष पदों पर अपने करीबी या पुरानी व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को तैनात किया था। अब 12 फरवरी 2026 के चुनाव में बीएनपी की भारी जीत के बाद तारिक रहमान 17 फरवरी को प्रधानमंत्री बने, तो नई सरकार ने जल्दी से इन पदों पर बदलाव किए। इसके पीछे मुख्य वजह यह माना जा रहा है कि पुराने अधिकारियों (जो यूनुस सरकार या हसीना काल से जुड़े थे) को हटाकर बीएनपी के करीबी या नई सरकार के प्रति वफादार अधिकारियों को महत्वपूर्ण कमांड और खुफिया पद दे रही है, ताकि सेना नई सरकार के खिलाफ कोई असंतुलन पैदा न करे और सेना मजबूत हो सके। सेना के बड़े पदों पर नए अधिकारियों की नियुक्ति से नई सरकार को सेना का साफ समर्थन मिलेगा।




■ लेफ्टिनेंट जनरल मीर मुशफिकुर रहमान को सशस्त्र बल डिविजन का प्रिंसिपल स्टाफ आफिसर (पीएसओ) बनाया गया है

# डा. यूनुस ने नहीं किया संविधान के तहत काम

## मुझे हटाने की रची गई साजिश: बांग्लादेशी राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने लगाया गंभीर आरोप

**ढाका।** बंगलादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कहा है कि अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने संवैधानिक प्रावधानों का पालन नहीं किया और युनूस ने उन्हें पद से हटाने के लिए साजिश भी रची। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो उन्हें विदेश दौरों की जानकारी दी गई और न ही राज्य के मामलों पर कोई जानकारी उपलब्ध करवाई गई थी।

कालेर कंठ अखबार ने शहाबुद्दीन के हवाले से कहा कि मुख्य सलाहकार कई बार विदेश गए, लेकिन लौटने के बाद कभी राष्ट्रपति से मुलाकात नहीं की और न ही किसी तरह की लिखित रिपोर्ट सौंपी, जबकि यह उनका संवैधानिक दायित्व था। राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्य सलाहकार ने संविधान के किसी भी प्रावधान का पालन नहीं किया। जब भी वह विदेश जाते थे, उन्हें लौटकर राष्ट्रपति से मिलना और परिणामों की जानकारी लिखित रूप में देना चाहिए था। वह 14 से 15 बार विदेश गए, लेकिन एक बार भी मुझे सूचना नहीं दी। वह कभी मुझसे मिलने नहीं आए। शहाबुद्दीन ने कहा कि उस अवधि में उन्हें 'पूरी तरह अंधेरे में रखा गया' और कोसोवो तथा कतर की उनकी प्रस्तावित दो विदेश यात्राएं भी रोक दी गईं। शहाबुद्दीन ने तत्कालीन राजनीतिक तनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उस स्थिति में मुझे डा. यूनुस का एक भी फोन कॉल नहीं आया। वह न तो मेरे पक्ष में थे और न ही मेरे खिलाफ। स्वाभाविक रूप से मैंने भी उनसे किसी तरह की मदद नहीं मांगी। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक हलकों ने भी उन्हें असंवैधानिक तरीके से हटाने का विरोध किया, जिसे उन्होंने 'एक बड़ी ताकत' बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि 2024 के उग्र छात्र आंदोलन के बाद अंतरिम सरकार के दौरान उन्हें हटाने के बार-बार प्रयास किए गए, लेकिन सेना और बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के समर्थन से संवैधानिक निरंतरता बनी रही। उन्होंने कहा कि एक समय तो मुझे हटाकर असंवैधानिक तरीके से एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश को राष्ट्रपति पद पर बैठाने की साजिश भी रची गई, लेकिन उस न्यायाधीश ने संविधान का हवाला देते हुए प्रस्ताव ठुकरा दिया। शहाबुद्दीन ने 22 अक्टूबर 2024 की रात बंगभवन के बाहर हुए प्रदर्शनों को 'डरावनी रात' बताते हुए कहा कि भीड़ को उकसाया गया, राष्ट्रपति आवास को लूटने की कोशिशें हुईं, जिन्हें बाद में सेना की तैनाती से नियंत्रित किया गया।



■ शहाबुद्दीन ने तत्कालीन राजनीतिक तनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उस स्थिति में मुझे डा. यूनुस का एक भी फोन कॉल नहीं आया

### भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्डियन' आज से चौबट्टिया में

**नई दिल्ली।** भारत और जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्डियन 2026' का सातवां संस्करण 24 फरवरी से नौ मार्च तक उत्तराखंड के चौबट्टिया में आयोजित किया जाएगा। यह अभ्यास प्रतिवर्ष बारी-बारी से भारत और जापान में किया जाता है। अतिरिक्त लोक सूचना महा. निदेशालय ने एक्स पर बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त शहरी युद्ध और आतंकवाद-रोधी अभियानों के दौरान दोनों सेनाओं के बीच परस्पर संचालन क्षमता को बढ़ाना है। पोस्ट के अनुसार दो सप्ताह के दौरान सैनिक संयुक्त योजना निर्माण को परिष्कृत करेंगे, सामरिक अभ्यासों का समन्वय करेंगे और विशेष युद्ध कौशल का अभ्यास करेंगे।

### कसराक सैन्य अड्डे से सेना को वापस बुला रहा अमेरिका: रिपोर्ट

**दमिश्क।** अमेरिका की सेना ने सीरिया के हसाका गवर्नरेट स्थित कसराक सैन्य अड्डे से अपनी वापसी शुरू कर दी है और उन्हें इराक की ओर पुन: तैनात किया जा रहा है। सीरिया टीवी की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया। रिपोर्ट में इस संबंध में और विवरण नहीं दिया गया। अमेरिकी बल पहली बार 2014 में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ाई के नाम पर सीरिया में तैनात किए गए थे। वापसी का यह फैसला देश के कुछ हिस्सों से अमेरिका-नेतृत्व वाले गठबंधन बलों की चरणबद्ध वापसी की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे पहले इस महीने सीरिया के अंतरिम प्रशासन ने कहा था कि अमेरिका के साथ समन्वय के बाद उसकी सेना ने हसाका गवर्नरेट के शद्दादी सैन्य अड्डे और सीरिया-इराक-जॉर्डन सीमा के पास स्थित तन्फ अड्डे का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। इस बीच, अमेरिकी मीडिया ने बताया है कि अमेरिका सीरिया से अपने लगभग 1000 सैनिकों को पूरी तरह वापस बुला रहा है। शेष अमेरिकी बलों के अगले दो महीनों के भीतर देश छोड़ने की संभावना है, जिससे सीरिया में एक दशक से चली आ रही अमेरिकी सैन्य मौजूदगी का अंत हो जाएगा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108